www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

04 दिसंबर, 2024
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 46

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## हेमंत सरकार के मंत्रिमंडल गठन का फॉर्मूला तय

# मंत्रियों का शपथ कल

- झामुमो से 6, कांग्रेस से 4 और राजद कोटे से एक मंत्री होंगे
- 5 दिसंबर को 12.30 बजे राजभवन में होगा समारोह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने के बाद से सबकी निगाहें मंत्रिमंडल के गठन पर है। कांग्रेस की वजह से मंत्रिमंडल के गठन में देर हो रही थी। अब सारा मामला निपट गया है। मंत्रिमंडल गठन का फॉर्मूला तय हो गया है। हेमंत मंत्रिमंडल का विस्तार 5 दिसंबर को होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार राजभवन के फूलो-झानो उद्यान में दोपहर 12.30 बजे मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। राजभवन में इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गयी हैं। जानकारी के मुताबिक हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले सभी 11 मंत्रियों को एक साथ शपथ दिलायी जायेगी।

### झामुमो-कांग्रेस-राजद के बीच फॉर्मूला तय

सत्तारूढ़ झामुमो, कांग्रेस और राजद के बीच फॉमूर्ला तय होने का दावा किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पहले की तरह इस बार भी हेमंत मंत्रिमंडल में झामुमो से 6, कांग्रेस से 4 और राजद कोटे से एक मंत्री होगा। कांग्रेस प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस के अंदर किसी तरह की जिच नहीं है, सब कुछ तय हो चुका है। 5 दिसंबर को शपथ ग्रहण होगा। इसमें कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर सहित कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे।

**कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रीय नेताओं से की मुलाकात :** कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के नाम तय करने को लेकर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सोमवार की रात झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के साथ राहुल गांधी और महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की। दोनों नेताओं से मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले कांग्रेस विधायकों के नाम पर चर्चा हुई। कमलेश महतो ने सभी 16 विधायकों की सूची भी कांग्रेस आलाकमान को सौंपी है। क्षेत्रीय व जातीय संतुलन की जानकारी भी दी गयी है। कांग्रेस कोटे के चार मंत्रियों के नाम पर दिल्ली में मुहर लगेगी। कांग्रेस की ओर से झामुमो को तिथि तय करने के लिए कहा गया था। कांग्रेस मंत्री बनने वाले चार विधायकों के नामों की सूची जल्द ही मुख्यमंत्री को सौंप दी जायेगी। मीर ने कहा भी है कि मुख्यमंत्री तिथि तय करें कांग्रेस समय पर नाम दे देगी। दो दिनों तक दिल्ली में रहने के बाद प्रदेश अध्यक्ष मंगलवार को रांची लौट आये। उधर, हेमंत सोरेन ने झामुमो कोटे से मंत्री बनने वाले विधायकों का नाम तय कर लिया है। सिर्फ खुलासा बाकी है। राजद से सुरेश पासवान पासवान व दोनों संजय यादव भी दावेदार हैं। लेकिन सुरेश पासवान की संभावना अधिक है। सुरेश पासवान को विधायक दल का नेता बना दिया गया है।

# अवैध माइनिंग पर हर हाल में लगे रोक: हेमंत

- मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव, डीजीपी सहित अन्य वरीय अधिकारियों के साथ की बैठक
- विधि व्यवस्था, अवैध माइनिंग, मादक पदार्थ तस्करी, साइबर क्राइम आदि पर हुई चर्चा




अजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में बेहतर विधि व्यवस्था का संधारण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। सुनियोजित अपराध को रोकने के लिए पुलिस एक प्रभावशाली प्लान तैयार कर चिन्हित अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे। ऑर्गनाइज्ड क्राइम तभी रुकेगा जब स्ट्रांग पुलिसिंग का डर अपराधियों के भीतर दिखायी दे। पुलिस का भय अपराध करने वालों में होना आवश्यक है। मुख्यमंत्री मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में राज्य में विधि व्यवस्था का संधारण एवं अपराध नियंत्रण, अवैध माइनिंग पर रोक, मादक पदार्थ पर नकेल कसने एवं साइबर क्राइम पर लगाम लगाने से संबंधित एक उच्चस्तरीय बैठक में बोल रहे थे। बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से विस्तृत जानकारी रखी गयी। पुलिस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि पिछले तीन वर्षों में विभिन्न अपराध कांडों में कमी आयी है। दहेज हत्या से प्रभावित जिलें पलामू गढ़वा, हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद एवं सामान्य हत्या बोकारो में ज्यादा फोकस करते हुए इन कांडों में नियंत्रण के किए कार्य किये जा रहे हैं। सामान्य हत्या शीर्ष में रांची, गुमला तथा चाईबासा जिला में भी कार्रवाई की जा रही है।

### साइबर अपराध चुनौती, स्ट्रांग सेटअप तैयार करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध पर रोक लगा पाना चुनौती साबित हो रही है। पुलिस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के साथ झारखंड साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर स्थापित करने की आवश्यकता के संबंध में विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि साइबर अपराध से निपटने के लिए स्ट्रांग सेटअप तैयार करें। टेक्निकल सेल का गठन कर ऑफिसर की तैनाती करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर साइबर अपराध को कम किया जा सकता है। मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस पदाधिकारियों ने जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि 'प्रतिबिंब एप्प' के जरिए 330 साइबर अपराधियों पर एफआइआर दर्ज कराये गये हैं, 1281 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 3493 सिम कार्ड एवं 2524 मोबाइल जब्त किये गये हैं।

मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में अवैध माइनिंग गतिविधियों पर हर हाल में रोक लगनी चाहिये। अवैध माइनिंग की वजह से राज्य की छवि धूमिल होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के भीतर नदियों का अस्तित्व खतरे में है। अब नदियों से बालू की जगह मिट्टी भी उठायी जा रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध माइनिंग पर विशेष कार्य योजना बनाकर रोक लगाना सुनिश्चित करें।

**मादक पदार्थो के कारोबार की रोकथाम के लिए अभियान चलायें:** हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलिस राज्य में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की रोकथाम के लिए व्यापक विशेष अभियान चलाकर लोगों को कानून की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जागरूकता से ही मादक पदार्थ के सेवन में कमी आयेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अफीम के धंधे को पूरी तरह रोकने के लिए वन विभाग के साथ बेहतर समन्वय बनायें। अफीम की खेती को जड़ से नष्ट करें। अफीम की खेती से प्रभावित क्षेत्रों में संबंधित थाना प्रभारी, चौकिदार, वनकर्मी की जिम्मेदारी तय करें। उन्होंने कहा कि अग्निशमन सेवा को सुदृढ़ करते हुए नागरिकों की सेवा के साथ जोड़ा जाये। पुलिस के लिए वाहन एवं हथियार आदि का क्रय शीघ्र करें।

**बैठक में थे मौजूद:** बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज रील्स

### हिंदू सेना बोली, दिल्ली की जामा मस्जिद का सर्वे हो

नयी दिल्ली। हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने भारतीय पुरातत्व विभाग (एएसआइ) से जामा मस्जिद दिल्ली का सर्वे करने की मांग की है। हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने भारतीय पुरातत्व विभाग को इस संबंध में पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने जोधपुर और उदयपुर के कृष्ण मंदिर को तोड़कर जामा मस्जिद की सीढ़िया में मूर्तियों के अवशेष लगवाये थे। यह बात औरंगजेब पर लिखी गई मसीर-ई-आलमगीरी किताब में है। विष्णु गुप्ता ने कहा कि इस किताब में लिखा है कि रविवार (24-25 मई,1689) का दिन था। उस दिन खान जहां बहादुर जोधपुर से मंदिरों को तबाह करके लौटा। उसके बाद बैल गाड़ियों से टूटी हुई मूर्तियों के अवशेष को दिल्ली लाया गया। इसलिए इसका सर्वे होना चाहिये।

### आगरा में ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी मिली, मचा हड़कंप

आगरा। दुनिया की खूबसूरत इमारत ताजमहल को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी भरा मेल टूरिज्म विभाग के पास भेजा गया है। यह धमकी मिलने के बाद ताजमहल के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं दूसरी ओर ताजमहल के अंदर जांच जारी है और मेल करने वाले की जांच पड़ताल में भी ताज सुरक्षा पुलिस लगी हुई है। एसीपी ताज सुरक्षा सैयद अरीब अहमद ने बताया, रपर्यटन विभाग को ईमेल मिला है। उसके आधार पर ताजगंज थाने में मामला दर्ज किया जा रहा है। आगे की जांच की जा रही है। दरअसल, आगरा में उत्तर प्रदेश (यूपी) पर्यटन के क्षेत्रीय कार्यालय को मंगलवार को एक ई-मेल भेजकर ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी।

# 60 लाख महिलाओं के खाते में जायेगा ढाई हजार रुपये

- सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद अधिकारी रेस
- महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने जारी किया संकल्प
- 11 दिसंबर को जायेगा 2500 रुपये

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुख्यमंत्री मंईंयां सम्मान योजना के तहत शत प्रतिशत महिलाओं तक इसका लाभ मिले इसको लेकर अधिकारी रेस हो गये हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहले ही घोषणा की है कि दिसंबर माह से 1000 की बजाये 2500 रुपये प्रति माह दी जायेगी। इसके तहत 18 साल से 49 साल की महिलाओं को इसका लाभ मिलना है। अभी करीब 57 लाख महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है जो बढ़कर 60 लाख होने वाला है। राज्य की 60 लाख महिलाओं को अब हरेक माह 2500 रुपया मिलेगा। यानी साल में 30 हजार रुपये मिलेंगे।

**कल्याण विभाग ने संकल्प जारी किया:** दो दिसंबर को महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विकास की ओर से एक आदेश जारी किया गया है। राज्यपाल के आदेश से सरकार के सचिव मनोज कुमार ने जो संकल्प जारी किया है उसमें लिखा है कि 28 नवंबर 2024 को मंत्रीपरिषद की बैठक में मद संख्या 03 में अन्यान्य के रूप में लिये गये निर्णय के अनुसार मुख्यमंत्री मंईंयां सम्मान योजना के अंतर्गत लाभुकों को दिसंबर माह 2024 से प्रति माह 2500 रुपये का भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।




### अंचल कार्यालय में आवेदन देने वालों का लगा तांता

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस योजना को लेकर काफी गंभीर हैं। इस योजना से राज्य की महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधारने की दिशा में बड़ा कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस योजना की चर्चा हर तरफ हो रही है। स्थिति ये है कि जो महिलाएं इस योजना के तहत छूट गयी हैं वो अब अंचल कार्यालय में जाकर फार्म भर रही हैं। अंचल कार्यालयों में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। समय-समय पर सीएम खुद इस योजना की समीक्षा भी करते हैं।

# तारीख पर तारीख के दिन खत्म: नरेंद्र मोदी

- चंडीगढ में तीन नये कानून पर बोले प्रधानमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को चंडीगढ़ के पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में तीन नये कानूनों को लागू करने की समीक्षा की। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह भी उनके साथ रहे। यहां उन्होंने चंडीगढ़ में लागू किये गये कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का डेमो भी देखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब तारीख पर तारीख के दिन लद गये यानी खत्म हो गये हैं। नये कानूनों से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई मजबूत होगी। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में आने वाली कानूनी अड़चन दूर होगी। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधन में कहा कि नये कानूनों के बाद हमें अंग्रेजों के जमाने के गुलाम क्रिमिनल सिस्टम से छुटकारा मिल गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ देश में 1857 में विद्रोह शुरू हुआ था। उसके बाद 1860 में अंग्रेजों ने आइपीसी बनायी। इन कानूनों का मकसद



भारतीय को दंड देना, उन्हें गुलाम बनाना था। कई लोगों के बलिदान के बाद 1947 में देश को आजादी मिली। जब आजादी की सुबह आयी तो कैसे-कैसे सपने थे, लोगों में कितना उत्साह था। लोगों ने सोचा था कि अंग्रेज चले गये हैं, तो अंग्रेजों के कानूनों से भी मुक्ति मिलेगी। यह कानून अंग्रेजों के शोषण करने का जरिया थे, जिनसे वह भारत में अपनी सत्ता मजबूत करना चाहते थे।

मोदी ने आगे कहा कि देश की आजादी के दशकों बाद भी हम उसी दंड संहिता के इर्द-गिर्द घूमते रहे। हालांकि इन कानूनों में थोड़ा-बहुत बदलाव जरूर हुआ, लेकिन इनका चरित्र वही बना रहा। आजाद देश में गुलामों के लिए बने कानूनों को क्यों ढोया जाये। न हमने यह बात उनसे पूछी, न ही शासन कर रहे लोगों ने समझी। इन्होंने भारत की विकास यात्रा को प्रभावित किया।

YASH ENTERPRISES
Deals In :
All Types of CP Bath Fitting,
Pumps, Sanitaryware, Pipes & Fitting
J.J Road, Beside, Deepak Trading
Upper Bazar, Ranchi - 01
Mob.: 9835901322, 9709082614

## मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन फ्लाइओवर का किया औचक निरीक्षण

# देश और राज्य में एक अलग पहचान होगी: हेमंत

- मेकॉन चौक से सिरमटोली चौक तक बन रहा है फ्लाइओवर
- हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन भी थीं मौजूद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिन-मंगलवार। समयः दोपहर करीब 12.00 बजे। रांची के मेकॉन चौक (वन विभाग के पास) के पास अचानक पुलिस हरकत में आ गयी। ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह सक्रिय हो गयी। सड़क पर एक-दो अधिकारी भी दिखने लगे। पूरे इलाके में अचानक गतिविधयां तेज हो गयी। लोगों को कुछ समझ नहीं आ रहा था। पर इतना जरूर दिख रहा था कि कोई वीआइपी मूवमेंट है। कुछ देर बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का काफिला पहुंचा। मुख्यमंत्री अचानक मेकॉन चौक से सिरमटोली तक बनने वाले फ्लाइओवर का औचक निरीक्षण करने पहुंच गये। उनके साथ पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन भी थीं। मौके पर विभाग के कई उच्चाधिकारी भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने फ्लाइओवर का जायजा लिया।



### अपने आप में अनोखा होगा यह फ्लाइओवर

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फ्लाइओवर चूंकि रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से गुजर रहा है इसीलिए रेल गाड़ियों के आवागमन से संबंधित बिंदुओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। इस फ्लाइओवर का देश और राज्य में एक अलग पहचान होगी। यह फ्लाइओवर अपने आप में एक अनोखा फ्लाईओवर होगा।

### तय समय से पहले पूरा होगा निर्माण कार्य

फ्लाइओवर निरीक्षण के बाद हेमंत सोरेन ने वहां मौजूद मीडिया के लोगों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी राज्य सरकार द्वारा कांटाटोली से सिरमटोली चौक तक बने फ्लाइओवर परियोजना को निर्धारित समय सीमा से पहले ही पूरा किया गया। इसे राजधानीवासियों को समर्पित किया जा चुका है। मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे यह फ्लाइओवर भी निर्धारित समय सीमा से पहल पूरा होगा। रांचीवासियों को जल्द ही समर्पित किया जायेगा।

निर्माण कार्य के बारे में जानकारी ली। कार्य कर रहे मजदूरों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस फ्लाइओवर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा पर विशेष ध्यान दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फ्लाइओवर के निर्माण कार्य पूरा होने से राज्य की देश में एक अलग पहचान बनेगी।

**सभी पूरी मेहनत और लगन से काम में लगे हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि समय से पहले फ्लाइओवर निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए राज्य सरकार के पदाधिकारी, इंजीनियर और श्रमिक पूरी मेहनत और लगन के साथ अपने-अपने कार्य में जुटे हैं। हमारा प्रयास है कि इस फ्लाइओवर परियोजना का भी जल्द से जल्द शुभारंभ हो, ताकि लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल सके।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 72,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 93,000 रु./प्रति किलो |



# अबुआ राज संपूर्ण विकास

## ■ इस बार डबल रफ्तार से दौड़ेगी झारखंड के विकास की गाड़ी
## ■ झारखंड का उत्कृष्ट मॉडल सामने लाने का होगा सरकार का विजन
## ■ सीएम ने दे दिया निर्देश अधिकारी लग जायें काम पर




**राकेश सिंह**

जबसे झारखंड विधानसभा चुनाव का परिणाम आया है, देश भर की नजरें हेमंत सोरेन पर हैं। आज समूचा राजनीतिक खेमा उनके राजनीतिक सूझबूझ का कायल है। जिस तरीके से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो गठबंधन ने चुनाव लड़ा, विरोधी भी दबी जुबान से हेमंत की रणनीति के बारे में सराहना कर रहे हैं।

हेमंत सोरेन इस बार और मजबूत होकर उभरे हैं। जनता का अपार समर्थन उन्हें हासिल हुआ है। हेमंत को जनता का ऋण चुकाने का वक्त आ चुका है। यानी जनता से किये गये वादों को अमली जामा पहनाने का। हेमंत भी चाहेंगे कि जनता का उनके प्रति भरोसा और भी प्रगाढ़ होता रहे। अबुआ सरकार का बजट झारखंड की जनता के विकास के लिए समर्पित होगा। हेमंत सोरेन ने साफ निर्देश दिया है कि सभी अधिकारी काम पर लग जायें।

### मुख्यमंत्री बनते ही एक्शन में आये

हेमंत सोरेन ने जैसे ही मुख्यमंत्री पद की शपथ ली वह तुरंत एक्शन मोड में आ गये। उन्होंने एक के बाद एक कैबिनेट की बैठक में कई बड़े निर्णय लिये। उन्होंने महिलाओं से किये गये वादे को पूरा किया। मंईयां सम्मान योजना की राशि दिसंबर महीने से 2500 रुपये मिलेगी। मुख्यमंत्री की निगाह केंद्र सरकार के पास झारखंड का बकाया पड़े 1.36 लाख करोड़ पर भी रहेगी। इसकी वसूली के लिए, कानूनी प्रक्रिया की तैयारी भी शुरू है। विकास योजनाओं को चलाने के लिए राज्य सरकार को धन की आवश्यकता होगी। इस बार राज्य में खनिज परियोजनाओं से मिलने वाले टैक्स की पुरानी दरों में संशोधन के लिए भी प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। मुख्यमंत्री का फोकस युवाओं के रोजगार पर भी रहेगा। सीएम का कहना है कि 1 जनवरी 2025 से पहले जेपीएससी, जेएसएससी समेत दूसरे सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए कैलेंडर जारी कर दिया जायेगा। राज्य में बड़ी संख्या में सिपाही भर्ती का भी प्रस्ताव है। इससे पहले हुए उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा में कई युवाओं की मौत हो गयी थी। सरकार इसकी भी समीक्षा करेगी।

### केवल खर्च नहीं राजस्व संग्रहण पर भी नजर

मुख्यमंत्री की नजर केवल विकास और जनहित कार्यों में राशि खर्च करने की नहीं है। इसके लिए राशि कहां से आयेगी, इस पर भी उनकी नजर है। सीएम का फोकस राजस्व संग्रहण पर है, यह सोमवार को उच्चाधिकारियों के साथ हुई बैठक में दिख गया है। उन्होंने अतिरिक्त राजस्व संग्रहण के नये स्त्रोतों के लिए संभावनाओं को तलाशने की जिम्मेदारी अधिकारियों को दी है। हेमंत सोरेन का फोकस राजस्व प्रबंधन को मजबूत बनाने का है। इसके



साथ राजस्व की बर्बादी और स्थापना व्यय को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने का भी निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से यह भी कहा कि रेवेन्यू जनरेट सिस्टम का माइक्रो लेवल ऑब्जरवेशन कर इसकी खामियों को दूर करना है।

### पहला सत्र चार दिनों का, दिखेगी हेमंत की ताकत

नयी सरकार का पहला सत्र यानी षष्ठम विधानसभा का सत्र 9 से 12 दिसंबर तक बुलाया गया। वरिष्ठ नेता स्टीफन मरांडी को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की स्वीकृति के बाद सत्र आहूत करने की आधिकारिक अधिसूचना शुक्रवार को जारी की गयी है। इस सत्र में चार कार्यदिवस होंगे। पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण होगा। दूसरे दिन बाकी सदस्यों को शपथ दिलायी जायेगी। इसके बाद नये विधानसभा अध्यक्ष का निर्वाचन होगा। विधानसभा अध्यक्ष का निर्वाचन सर्वसम्मति से होने की प्रबल संभावना है। तीसरे दिन 11 दिसंबर को पहले राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके बाद हेमंत सरकार विश्वासमत हासिल करेगी। इसी के साथ सरकार अपना अनुपूरक बजट पेश करेगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि इसमें नयी योजनाएं जो बीते बजट सत्र में शामिल नहीं थी, उनके अलावा चल रही योजनाओं के लिए राशि की व्यवस्था की जायेगी। सत्र के अंतिम दिन 12 दिसंबर को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश होगा। इसपर वाद-विवाद के बाद सरकार का उत्तर और मतदान होगा। भोजनावकाश के बाद द्वितीय अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद होगा। इसके साथ-साथ खनिज पर सेस बढ़ाने संबंधित संशोधित विधेयक सदन में पेश किया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो गठबंधन ने एतिहासिक जीत हासिल की है। विधानसभा की 81 सीटें हैं। बहुमत के लिए 41 विधायकों की जरूरत है, जबकि हेमंत के पास 56 विधायकों का समर्थन है। इसलिए सरकार को बहुमत के आधार पर वित्तीय मामले हों या कोई अन्य विधेयक विधानसभा से पारित कराने में किसी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### विधानसभा सत्र में झलक जायेगी भविष्य की योजना

अनुपुरक बजट में हेमंत सरकार के भविष्य की झलक दिखेगी। मुख्यमंत्री ने सोमवार को अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से पृथक शुरू की गयी नयी योजनाओं के अतिरिक्त दायित्वों की पूर्ति एवं अनुपूरक बजट की तैयारियां करने का निर्देश दिया है। इसलिए यह बजट एक तरह से भविष्य की नींव होगी। इसमें मंईयां सम्मान योजना समेत अन्य घोषणाओं के लिए राशि का प्रावधान हो जायेगा। अगले वर्ष फरवरी में बजट सत्र होने की संभावना है। यह सत्र भविष्य के बजट सत्र की झलक भी होगी। हेमंत ने जो वादा किया है, उसकी शुरुआत तो अनुपुरक बजट में ही दिख जायेगी। यह जनता को दिखा भी देगा कि हेमंत सोरेन जो कहते हैं, वह करते हैं। उन्होंने हमेशा कहा है कि 'मैं काम करने पर विश्वास रखता हूं।' भविष्य में होने वाले मुख्य बजट में जनता को और भी बहुत कुछ सौगात मिलेगी, यह बजट सत्र में दिखने की पूरी उम्मीद है। जब विकास और जनहित के लिए सरकार बजट की मांग रखेगी, तो विपक्ष को भी बहुत अधिक सरकार को घेरने का मौका नहीं मिलेगा। इसलिए विपक्ष से लेकर एक्सपर्ट तक की नजर वर्तमान के अनुपुरक बजट से ही नजर टिकी हुई है। हेमंत सोरेन का विजन स्पष्ट है कि अबुआ राज संपूर्ण विकास।

---

## एसटी की 27 सीटों पर महागठबंधन की जीत हुई है : सुप्रियो भट्टाचार्य

**बाबूलाल पर कसा तंज, कहा- सिर्फ घड़ियाली आंसू बहाने से कुछ नहीं होने वाला**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर बीजेपी और बाबूलाल मरांडी पर प्रहार किये। साथ ही उन्होंने कहा कि 11 तारीख को मंईयां सम्मान योजना की राशि 2500 रुपये महिलाओं के खाते में खटाखट भेज दी जायेगी। जेएमएम नेता ने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद बीजेपी को झटका लगा है। कहा कि इस विधानसभा चुनाव में 28 रिजर्व सीटों में 27 हम जीते हैं। जो एक सीट बची है, उसमें में भी बहुत कम अंतर है। कहा, इसके बाद नतीजे के बाद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी थोड़े सक्रिय हो गये हैं। कहा कि उन्होंने सरकार को कुछ सुझाव दिये हैं। मरांडी ने आदिम जनजाति को लेकर सुझाव दिये हैं। इस सुझाव में खास तौर पर पहाड़िया जनजाति को लेकर चिंता व्यक्त की गयी है।

सुप्रियो ने कहा कि ओड़िशा और छत्तीसगढ़ में बीजेपी के ट्राइबल सीएम हैं और वहां 15 ट्राइब्स आदिम जनजाति के तौर पर चिह्नित किये गये हैं। जेएमएम नेता ने बाबूलाल से निवेदन करते हुए कहा है, आप छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और ओड़िशा का दौरा करें। कहा कि मरांडी इन राज्यों की स्टडी करें। वहां के आदिम जनजातियों की स्थिति और आर्थिक सामाजिक व शैक्षणिक हालत क्या हैं, ये देखने का काम करें। कहा कि सिर्फ घड़ियाली आंसू बहाने से कुछ नहीं होने वाला है। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को सचेत करते हुए कहा कि आप बाहर के नेताओं के चक्कर में न पड़ें। उन्होंने सवाल किया, आपने क्या कभी असम के चाय बगान में काम करने वाले ट्री ट्राइब्स की चर्चा की। जेएमएम नेता ने कहा, आपको ये सवाल असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से करना चाहिए। शिवराज सिंह चौहान से करना चाहिए। सुप्रियो ने आगे कहा, झारखंड के आदिवासी मूलवासी लोगों ने हमे जो आशीर्वाद दिया उन्हीं के बेटे को बीजेपी के तमाम नेता अपदस्थ करने के लिए बाहर से आये थे। लेकिन झारखंड की जनता ने उनको नकार दिया। सुप्रियो ने आगे कहा, झारखंड का नया मंत्रिमंडल समावेशी होगा।

---

## अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का निधन



भीमसेन मुंडा। *फाइल फोटो*

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का मंगलवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। इस संबंध में अर्जुन मुंडा ने सोशल मीडिया एक्स पर दुख जताते हुए जानकारी दी है। मुंडा ने कहा कि उनके बड़े भाई भीमसेन मुंडा का अंतिम संस्कार पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) स्वर्णरेखा घाट मानगो में होगा। इससे पहले घोड़ाबांधा, जमशेदपुर स्थित घर से सुबह 11.30 बजे अंतिम यात्रा निकलेगी। अर्जुन मुंडा ने पोस्ट में लिखा है कि दुःखद समाचार व्यथित मन से बताना पड़ रहा है कि मेरे अभिभावक, मेरे बड़े भाई भीमसेन मुंडा अब हमारे बीच में नहीं रहे। यह पीड़ा असहनीय है और उनकी कमी को कोई भी पूरा नहीं कर सकता। वे लंबे समय से बीमारी से संघर्ष कर रहे थे और मंगलवार को प्रातः हम सभी को छोड़कर चले गये।

### मुख्यमंत्री हेमंत ने जताया शोक



दूसरी ओर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के भाई भीमसेन मुंडा के निधन की सूचना मिलने पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा कि निधन की सूचना मिलने से मन व्यथित है। शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं एवं मरांग बुरु से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना करता हूं।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने अपनी शोक संवेदना प्रकट की



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा के असामयिक निधन पर भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि यह सूचना अत्यंत दुःखद है। ईश्वर पूरे परिवार को दुःख की इस घड़ी से उबरने की हिम्मत दें। पुण्यात्मा के लिए ईश्वर से मोक्ष की कामना करता हूं।

---

## संवैधानिक संस्थाओं में खाली पदों के कारण आम जन को नहीं मिल रहा न्यायः बाबूलाल

**लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, राज्य महिला आयोग, सूचना आयोग में लंबे समय से खाली पड़े हैं पद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने राज्य में विभिन्न संस्थानों में खाली पड़े पदों के लिए चिंता जतायी है। इससे सरकार की जवाबदेही कमजोर पड़ने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने की भी शिकायत की है। सोशल मीडिया पर अपनी चिंता साझा करते कहा है कि संवैधानिक संस्थाओं में खाली पदों के कारण आम जनता को न्याय नहीं मिल पा रहा। राज्य में लोकायुक्त, सूचना आयोग और मानवाधिकार आयोग जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों में लंबे समय से पद खाली हैं, जिससे लोगों की अर्जियों पर सुनवाई नहीं हो रही। लोकायुक्त कार्यालय में 2000 से अधिक मामले लंबित हैं। पूर्व लोकायुक्त जस्टिस डीएन उपाध्याय का कार्यकाल जून 2021 में समाप्त हो गया और तब से यह पद खाली है। इसके कारण भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों की सुनवाई ठप हो गयी है।

**मानवाधिकार आयोग से भी राहत नहीं :** बाबूलाल मरांडी के मुताबिक, राज्य मानवाधिकार आयोग भी पूरी तरह से बंद है। मानवाधिकारों की रक्षा के लिए बनाये गये इस आयोग में पिछले लंबे समय से अध्यक्ष और सदस्य नहीं हैं जिससे लोग मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों में न्याय पाने से वंचित हो रहे हैं।

राज्य महिला आयोग की स्थिति भी बेहद खराब है। महिलाओं की समस्याओं और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए यह आयोग काम करता है, लेकिन अध्यक्ष और सदस्यों के अभाव में शिकायतों की सुनवाई नहीं हो रही। सूचना आयोग में भी पद खाली रहने के कारण प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता की कमी और सरकार की जवाबदेही कमजोर पड़ रही है, साथ ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने भी संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्तियां समय पर करने की आवश्यकता पर बल दिया है, लेकिन झारखंड में अभी तक इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाये गये हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.1 °C | 14.6 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.14 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 04 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# सीएम हेमंत सोरेन से विधायकों और अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की




मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक सुरेश पासवान ने मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य भी मौजूद थे।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में डॉ अजिता भट्टाचार्य, सदस्य, झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।






मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सचिव मनीष रंजन, उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर अंजनी कुमार मिश्र, डीआइजी रांची अनूप बिरथरे, उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय, वरीय पुलिस अधीक्षक जमशेदपुर किशोर कौशल एवं पुलिस अधीक्षक लोहरदगा हारिस बिन जमान ने शिष्टाचार मुलाकात की।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनिरत्न कम्पनी"
CCL Fuelling Sustainable Growth (कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एव सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## जेल अधीक्षक ने कोर्ट को बताया

## कितने दिनों से जेल में बंद हैं निलंबित आइएएस पूजा सिंघल

**रांची (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें उन्होंने नये कानून के तहत कस्टडी के आधार पर जेल से रिहा करने की गुहार लगायी है। शनिवार को रांची प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया था कि पूजा सिंघल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि कितनी हुई है। जिसके आलोक में जेल अधीक्षक की ओर से कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया गया है। अग्रिम सुनवाई के लिए पूजा सिंघल के अधिवक्ता की ओर से समय देने का आग्रह किया है। जानकारी के मुताबिक, पूजा सिंघल अब तक लगभग 28 महीनों से जेल में बंद हैं। पूजा सिंघल के अधिवक्ता के मुताबिक, नये कानून के अनुसार किसी मामले में लंबे समय से जेल में बंद आरोपी की न्यायिक हिरासत की अवधि उक्त मामले में दी जाने वाली सजा की एक तिहाई है तो उसे बेल दी जा सकती है। पूजा सिंघल की याचिका पर 6 दिसंबर को सुनवाई होगी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कोई भी निर्णय सोच-समझकर लें,व्यर्थ के वाद-विवाद से दूर रहें, कर्मक्षेत्र मो उलझनों से राहत मिलेगी।

**वृष** नौकरी या कार्यक्षेत्र में आपको कोई नई-नई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौपी जायेगी।

**मिथुन** धैर्य से आवश्यक कार्य पूरे होंगे,धन लाभ होगा। भाग्योन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क** गृहस्थ जीवन में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। सम्पत्ति सम्बन्धी अनेक समस्याएं उत्पन्न होगी।

**सिंह** वाद-विवाद लड़ाई-झगड़े से दूर रहें,वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं, दुर्घटना होने की आशंका।

**कन्या** मन में वैचेनी रहेगी,अपने वाणी व गुस्से को नियंत्रित रखें। प्रयास व परिश्रम से सफलता मिलेगी।

**तुला** घर में किसी नवीन वस्तु की खरीदारी सम्भव है। विवाह आदि उत्सवों की योजना बनेगी।

**वृश्चिक** व्यवसाय में परेशानी एवं बाधा का सामना करना पड़ेगा,आर्थिक परेशानी होगी।

**धनु** परिवार में कोई खुशी का अवसर आयेगा.रिश्तेदार व मित्रों से मेल-मिलाप होगा।

**मकर** शुभ कार्य की ओर प्रवृत्ति बढ़ेगी,नये-नये लोगों से जान-पहचान बनेगी।

**कुंभ** लम्बे समय से चली आ रही चिन्ता समाप्त होगी। संतान आज्ञाकारी रहेगी।

**मीन** किसी सामाजिक समारोह में जाने का अवसर मिलेगा,बिना पढ़े किसी कागज पर हस्ताक्षर न करें।

# डॉ राजेंद्र प्रसाद और शहीद अल्बर्ट एक्का को राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** परमवीर चक्र विजेता शहीद अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर मंगलवार को अनेक संगठनों ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। महात्मा गांधी रोड स्थित शहीद अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर लोगों ने फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया।

राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्हें नमन किया। उनके योगदान को याद किया। पुण्यतिथि को लेकर प्रतिमास्थल को फूलों से सजाया गया था। सुबह से लोगों का यहां आना-जाना लगा रहा। अल्बर्ट के गुमला स्थिति पैतृक गांव में भी पुण्यतिथि मनायी गयी। इधर, देश के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर राजेंद्र चौक (डोरंडा) स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्रद्धांजलि अर्पित की।





# इडी कोर्ट से छवि रंजन की बेल पर 9 को फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की बेल पर कोर्ट अब 9 दिसंबर को फैसला सुनायेगा। रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट में मंगलवार को उनका मामला सूचीबद्ध था। लेकिन किसी कारण वश अब इस मामले में 9 दिसंबर को फैसला सुनाया जायेगा। इडी ने इस संबंध में कांड संख्या 01/2023 दर्ज किया है। दरअसल लैंड स्कैम की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है। सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

झारखण्ड परिचारिका निबंधन परिषद्, झारखण्ड, राँची
ई-मेल - registrarjnrc@rediffmail.com

आवश्यकता
Adv. No.- 01/2024
संशोधित

राज्य सरकार में परिचारिका अध्ययन एवं प्रशासन से संबद्ध वरीय मैट्रन / वरीय ट्यूटर/ प्रीसिंपल ट्यूटर के पद पर कार्यरत उम्मीदवारों से झारखण्ड नर्सिंग नियमावली- 2019 के अनुरूप पुनरीक्षित वेतनमान PB III 15600-39100 GP 5400 तथा पे - लेबल - 10 के वेतनमान एवं सरकार तथा परिषद् द्वारा समय समय पर अनुमान्य शर्तों के साथ **'निबंधक' झारखण्ड परिचारिका निबंधन परिषद्, झारखण्ड, राँची** के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है.

**अर्हत्ता एवं शैक्षणिक योग्यता-**

1. भारत का नागरिक होना चाहिए तथा हिन्दी भाषा की अच्छी जानकारी होनी चाहिए.
2. माध्यमिक विद्यालय परीक्षा, इंटरमेडियट / 10+2 स्तर एवं समकक्ष उर्त्तीण.
3. पंजीकृत परिचारिका / पंजीकृत मिडवाईफ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / परिषद् से होना अनिवार्य है.
4. उम्मीदवार को किसी सरकारी अस्पताल या सरकार द्वारा उक्त प्रयोजनार्थ किसी मान्यता प्राप्त संस्थान / मान्यता प्राप्त परिचारिका संस्थान / विद्यालय / अकादमी जो भी नाम हो, में कम से कम आठ-दस वर्षों का शिक्षण कार्य में अनुभव या सरकारी संस्थान में नर्सिंग प्रशासन में अनुभव होना चाहिए तथा परिचारिका प्रशासन / परिचारिका शिक्षा एवं प्रशासन का प्राईमेरी स्वास्थ्य परिचारिका (पी.एच.एन.) की योग्यता (अर्हत्ता) में कम-से-कम एम.एस.सी. नर्सिंग उपाधि प्राप्त हो. **उच्च योग्यता एवं अनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी.**
5. साक्षात्कार की तिथि को न्यूनतम उम्र सीमा -35 (पैंतीस) वर्ष तथा अधिकतम 57 (संतावन) वर्ष होना चाहिए. झारखण्ड परिचारिका निबंधन परिषद् से निबंधित होना अनिवार्य है.
6. चरित्र संबंधी वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन में प्रतिकूल टिप्पणी नहीं होनी चाहिए .
7. उम्मीदवार को विभागाध्यक्ष अथवा नियुक्ति पदाधिकारी द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा अन्यथा उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा.
8. सरकार प्रशासनिक आधार पर किसी भी समय निबंधक की सेवा वापस ले सकती है तथा ऐसी परिस्थिति में उनकी सेवा स्वतः समाप्त समझी जायेगी.
9. प्रकाशित विज्ञापन के द्वारा Walk-in-Interview में भाग लेने वाले उम्मीदवारों के साक्षात्कार हेतु गठित चयन समिति द्वारा चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति की जायेगी.
10. चयनित उम्मीदवार को तीन वर्ष की कालावधि के लिए नियुक्त किया जायेगा, जिसे अगले तीन वर्षों की कालावधि के लिए आवश्यकतानुसार विस्तारित की जा सकती है लेकिन 60 वर्ष आयु प्राप्त करने वाले पर यह लागू नहीं होगा. अर्थात कार्मिक, प्रशासिनक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड के संकल्प संख्या - 5826 दिनांक 26.10.2004 के आलोक में सेवानिवृत की आयु 60 वर्ष होगी. सरकारी सेवा में पूर्व से कार्यरत कर्मियों के निबंधक, झारखण्ड परिचारिका निबंधन परिषद्, झारखण्ड, राँची के पद पर चयन के उपरांत उन्हें अपने ही वेतनमान के अनुरूप वेतन देय होगा तथा अतिरिक्ति कोई भत्ता अनुमान्य नहीं होगा.
11. निबंधक, झारखण्ड परिचारिका निबंधन परिषद्, झारखण्ड के लिए उपरोक्त बिन्दुओं के अतिरिक्ति झारखण्ड सिविल क्लासीफिकेशन, जेनरल एण्ड अपील रूल झारखण्ड सर्विसकंडक्ट रूल, झारखण्ड रेजिस्ट्रेशन रूल, झारखण्ड बोर्ड मिसलेनियस रूल एवं झारखण्ड सर्विसकोड रूल एवं इसमें यथा निहित प्रावधान लागू होंगे.
12. आवेदक के लिए अलग से कोई साक्षात्कार पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा.
13. दिनांक 19.12.2024 को 12.00 बजे अपराह्न से निदेशक प्रमुख कक्ष, स्वास्थ्य निदेशालय, नामकुम, राँची में Walk-in-Interview आयोजित की जायेगी.
14. साक्षात्कार के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा.
15. आवेदक Resume के साथ सभी आवश्यक मूल शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाण पत्र के साथ-साथ सभी प्रमाण पत्र का स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति एवं दो Passport Size Photo लाना सुनिश्चित करेंगे.
16. पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन इस हद तक संशोधित समझा जाय.

ह./- (डा. चन्द्र किशोर शाही)
निदेशक प्रमुख-सह-अध्यक्ष
झारखण्ड परिचारिका निबंधन परिषद्,
झारखण्ड, राँची

पत्रांक : 129/JNRC/2021-1319/JNRC, रांची, दिनांक : 02.12.2024

# भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी से मिले संजय सेठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को नयी दिल्ली में भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुलाकात की। रांची स्थित एचइसी के पुनरुद्धार सहित कई विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। श्री सेठ ने बताया कि बहुत जल्द ही एचइसी के मुद्दे पर उच्च स्तरीय बैठक बुलायी जायेगी और सकारात्मक कदम उठाये जायेंगे।

# मुख्यमंत्री के आदेश के बाद प्रशासन पहुंचा असुरा गांव

- माता-पिता की मृत्यु के बाद पांच बेसहारा बच्चों की पढ़ाई और पोषण की हुई व्यवस्था
- पेंशन से वंचित बच्चों की नानी को मिलेगी पेंशन और सरकारी योजनाओं का लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद पांच बेसहारा बच्चों की शिक्षा, राशन, पोषण की व्यवस्था एवं बच्चों की नानी के लिए पेंशन की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में उपायुक्त चाइबासा को पीड़ित परिवार को हर जरूरी सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं बच्चों की पढ़ाई हेतु व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

मामले में उपायुक्त चाइबासा ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा असुरा गांव जाकर पीड़ित परिवार से भेंट किया गया है। इस दौरान पता चला कि बच्चों का ना तो आधार कार्ड है और ना ही जन्म प्रमाण पत्र। बुजुर्ग नानी को पूर्व में पेंशन मिलती रही है, जो किसी कारणवश बंद हो गयी। पेंशन के कागजात भी कहीं खो गये हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र तथा आधार पंजीयन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही, एक बच्चा चार माह का है, उसका पालन उसकी चाची के द्वारा किया जा रहा है। जिस पर प्रशासन के द्वारा आंगनबाड़ी से मिलने वाले पोषक पूरक आहार उपलब्ध करवाने हेतु सहायिका को कहा गया है तथा तीन बच्चों का नामांकन स्थानीय विद्यालय में तथा एक बच्चे का नामांकन आंगनवाड़ी में करवाने की प्रक्रिया और सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ने के लिए सभी प्रकार के कागजात को भी अद्यतन किया जा रहा है।

### क्या है मामला

मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि पश्चिमी सिंहभूम के झींकपानी स्थित असुरा गांव निवासी साहू पूर्ति एवं दुखी पूर्ति की मृत्यु 24 नवंबर 2024 को हो जाने के बाद उनके पांच बच्चे बेसहारा हो गये हैं। बच्चे को देखने वाली उनकी बुजुर्ग नानी सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित हैं। इसकी जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दिया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# मंगलवार को सीएम हेमंत सोरेन से मिले आमजन, दी बधाई






मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों ने मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी के प्रति आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।

## जीवन में नैतिकता और इमानदारी के लिए बुद्ध का दर्शन हमेशा प्रासंगिक : डॉ रामेश्वर

- सहयोग और सामाजिक न्याय का संदेश देता है बुद्ध का दर्शन, वर्तमान परिस्थिति में झारखंड के विकास के लिए बुद्ध का दर्शन प्रासंगिकः आलोक दुबे
- झारखंड की खुशहाली और तरक्की के लिए डॉ रामेश्वर उरांव ने डोरंडा नेपाल हाउस स्थित बुद्ध के मंदिर में भगवान बुद्ध का दर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने मंगलवार को डोरंडा नेपाल हाउस स्थित भगवान बुद्ध के मंदिर पहुंचे एवं भगवान बुद्ध के दर्शन किया, राज्य की खुशहाली,तरक्की के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर छोटानागपुर बौद्ध सोसाइटी के अध्यक्ष एस के तमांग ने स्वागत किया एवं डॉ रामेश्वर उरांव को भगवान बुद्ध के पसंदीदा खादा भेंट कर अभिनंदन किया। इस मौके पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि महात्मा बुद्ध का दर्शन समाज में करुणा दया की वृद्धि करता है और जीवन में नैतिकता और ईमानदारी की शिक्षा देता है। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने इस अवसर पर बताया कि झारखंड में वर्तमान स्थिति में राज्य के विकास के लिए बुद्धि का दर्शन बहुत ही प्रासंगिक है क्योंकि समाज में सहयोग और सामाजिक न्याय का संदेश देता है बुद्ध का दर्शन।



## डॉ राजेंद्र प्रसाद को सुरेश पासवान ने किया नमन



राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, महासचिव कैलाश यादव ने देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर डोरंडा राजेंद्र चौक पर माल्यार्पण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर प्रदेश राजद की ओर से डोरंडा राजेंद्र चौक स्थित उनके मूर्ति पर राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सुरेश पासवान ने कहा कि देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद देश के विद्वान राजनेता थे। संविधान ड्राफ्ट कमिटी बनाने में और देश के विकास में अहम योगदान दिया था। इस मौके पर निर्मल कुमार, रोहित तिर्की, पप्पू खान, जाकिर खान, प्रमोद यादव, नवीन यादव, सुमन देव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् के कार्यालय में मंगलवार को मोर्चा के संयोजक विमल कच्छप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मोर्चा ने नयी झारखंड सरकार से झारखंड अलग राज्य के गठन में संघर्षरत आंदोलनकारियों के लिए पुनर्वास एवं उनके बच्चों को नौकरी की मांग की। विदित हो कि पिछली हेमंत सरकार ने झारखंड आंदोलनकारियों के बच्चों को नौकरी में 5% आरक्षण का प्रस्ताव कैबिनेट द्वारा पारित किया था, लेकिन अभी तक सरकार द्वारा इसके संदर्भ में कोई खास निर्णय नहीं लिया गया है। मोर्चा के सफीक आलम ने कहा कि कुछ फर्जी आंदोलनकारी संगठन जनता को गुमराह कर वेवकूफ बना कर ठगी कर रहे हैं, वैसे लोगों पर सरकार कठोर करवाई करते हुए झारखंड आंदोलकारी चिह्नितकरण आयोग के द्वारा असली आंदोलनकारियों को उचित सम्मान दे। इस बैठक में मुख्य रूप से विमल कच्छप, शफीक आलम, जयश्री दास, राजकुमार महतो, जगरनाथ महतो, बादल सिंह मुंडा, गणेश महतो, दिनेश महतो, परेश महतो, त्रिलोचन महतो आदि शामिल थे।

### डीपीएस रांची में सीबीएसइ हेरिटेज इंडिया क्विज 2024 का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची में सीबीएसइ पटना रीजन द्वारा आयोजित रीजनल लेवल के सीबीएसइ हेरिटेज इंडिया क्विज 2024 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पटना रीजन के 30 स्कूलों की टीमों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज करायी। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत के साथ हुई। इस कार्यक्रम में प्रतिभागी, शिक्षक और अतिथि एक बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिता के लिए एकत्र हुए।इस प्रतियोगिता को दो चरणों में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की मेजबानी करने पर गर्व व्यक्त करते हुए डॉ आरके झा, प्राचार्य, डीपीएस रांची, ने कहा, भारत की सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि का जश्न मनाने वाले कार्यक्रम का आयोजन करना सौभाग्य की बात है। ऐसे मंच हमारे युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़ने और हमारी परंपराओं के प्रति गहरी सराहना विकसित करने के लिए प्रेरित करते हैं।

### अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया गया डॉ राजेंद्र प्रसाद का जन्म दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। अधिवक्ता दिवस के अवसर पर एफएन निलेश एंड एसोसिएट के द्वारा एक कार्यक्रम थड़पकना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष एफएन निलेश के द्वारा राजेंद्र प्रसाद की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर हुई। इस अवसर पर कृष्ण कुमार (पूर्व अतिरिक्त न्यायाधीश), मो कैसर इकबाल खान (अधिवक्ता), शिव कुमार यादव (अधिवक्ता), रितेश कुमार (अंतरराष्ट्रीय मनवाधिकार संगठन अध्यक्ष), कुंदन शर्मा (पत्रकार टीवी-45), अमिताभ कुमार, उज्जवल अग्रवाल (अधिवक्ता), भूश्रेष्ठ महतो (अधिवक्ता), अमित सत्यार्थी (अधिवक्ता), मुनमुन कुमार सिंह, विक्की आदि मौजूद थे।

### डॉ सहदेव राम को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



रांची (आजाद सिपाही)। इस्टोनिया के यूरो एशियन यूनिवर्सिटी ने डॉ सहदेव राम को सामाजिक सेवाओं के क्षेत्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है। यह उपाधि उन्हें मेधानी कौशल और ज्ञान के माध्यम से समाज में उत्कृष्ट योगदान के लिए दी गयी है। डॉ सहदेम राव को डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर अधिवक्ता केकेएल गौतम, सुवेश कुमार, एनएस पिल्लई, डॉ मंजित पटेल, ए विश्वास, डॉ राम प्रसाद, डॉ शबनम, डॉ मधुलिता, शशि कुमार, के रविंद्रम, प्रदीप वर्मा, संजय चक्रवर्ती, शादत अनवर, विकास कुमार, मृत्युंजय कुमार और मनमोहन कोहली ने बधाई दी है।



मंगलवार को कोकर स्थित तिरिल भट्ठी रोड नियर कुमार टेंट हाउस के समीप जागरण क्लब वार्ड 10 की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी लोग के सहमति से राजू राम को जागरण क्लब वार्ड 10 का अध्यक्ष चुना गया और अमित चौरसिया को सचिव चुना गया।

## विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया



रांची (आजाद सिपाही)। मंगलवार को रामशोभा कॉलेज आफ एजुकेशन, चुट्टुपालू, रामगढ़ की एनएसएस इकाई द्वारा गिरिजा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग रामगढ़ के सहयोग से विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, विशेष व्याख्यान तथा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विशेष व्याख्यान देते हुए गिरिजा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की व्याख्याता मनीषा टोपनो ने एड्स महामारी के बारे में विस्तारपूर्वक और बचाव के उपाय के बारे में मेडिकल तथ्यों के साथ जागरूक किया। प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया ने इस कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स एक गंभीर रोग है, जिसके कारण हर साल दुनियाभर में लाखों लोगों की मौत हो जाती है। आंकड़ों के मुताबिक साल 2023 में दुनियाभर में एचआइवी से संबंधित बीमारियों से लगभग 6.30 लाख लोगों की मौत हो गयी। विश्व एड्स दिवस हर साल 1 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य एड्स के बारे में जागरूकता फैलाना और एड्स पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा करना है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा अवध किशोर सिंह सहित व्याख्यातागण तथा प्रशिक्षु गण और गिरिजा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की छात्राएं उपस्थित रहीं।

## 50 दिव्यांग्जनों के बीच सामग्री का वितरण




रांची (आजाद सिपाही)। मंगलवार को सेल-आरडीसीआइएस रांची ने अंतरराष्ट्रीय विकलांगता दिवस के उपलक्ष पर नामकुम प्रखंड के कुटियातु पंचायत भवन में 50 दिव्यांग्जनों तथा वरिष्ठ नागरिकों को व्हील चेयर, व्हील चेयर कमोड, वॉकर, घुटने का बेल्ट, कमर का बेल्ट, सिलिकॉन कुसन इत्यादि प्रदान किया। सेल-आरडीसीआइएस ने यह आयोजन अपने सीएसआर योजना के तहत एलीमको के साथ मिलकर किया। इस मौके पर सेल के तरफ से सीजीएम (एचआर) एवं सीएसआर हेड एस जे जाचक, डीजीएम (सीएंडएम) गोपाल कृष्णा, सेल सीएसआर से राहुल श्रीवास्तव, लक्ष्मण कुमार एवं निखिल उरांव उपस्थित थे। एलीमको की तरफ से अविनाश सिन्हा और विवेक उपस्थित थे। कुटियातु पंचायत की मुखिया निशा उरांव के साथ साथ अंजलि, ज्योति, संतोषी, किरन तथा अन्य महिलाओं ने इस मौके पर अपने अपने स्तर से इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

## डुमरी विधायक जयराम महतो आतिशबाजी में झुलसे, इलाज कराने आये रांची



रांची (आजाद सिपाही)। डुमरी विधायक जयराम महतो आतिशबाजी में झुलस गये हैं। बेहतर इलाज के लिए वे रांची आ गये हैं। जानकारी के अनुसार, यह घटना एक दिसंबर की है। जब वे बोकारो के जैनामोड़ में प्रजापति धर्मशाला में आयोजित एक बैठक में शामिल होने आ रहे थे। इस दौरान जैना मोड़ स्थित बाबा तिलका मांझी चौक पर उन्होंने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उनके समर्थकों आतिशबाजी कर रहे थे। पटाखा जयराम महतो के एकदम सामने फट गया, जिससे वे झुलस गये।

## दिव्यांग दिवस पर मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में एक मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में डीएवी नीरजा सहाय, विवेकानंद विद्या मंदिर, सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, होली क्रॉस स्कूल, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची और दीपशिखा-इंस्टीट्यूट फॉर चाइल्ड डेवेलपमेंट एंड मेंटल हेल्थ की फुटबॉल टीमों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में झारखंड के डिपार्टमेंट ऑफ स्पोर्ट्स एंड यूथ अफेयर्स के खेल निदेशक संदीप कुमार मुख्य अतिथि के रूप में तथा एसओबी झारखंड के सहायक क्षेत्रीय निदेशक सतबीर सिंह सहोता ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य बिहू नृत्य की प्रस्तुति से हुआ। इसके बाद सरला बिरला पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेटों के नेतृत्व में प्रतिभागी स्कूलों के बच्चों का विशेष मार्च पास्ट हुआ। इस आयोजन का सबसे रोमांचक हिस्सा फुटबॉल मैच रहा, जिसमें विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों को दीपशिखा के छात्रों के साथ अलग-अलग टीमों में रखा गया था। आज का दिन समावेशन के अद्भुत उत्सव का दिन था, जिसने छात्रों को अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील व्यक्ति बनने की प्रेरणा दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों से आग्रह किया कि वे इस दुनिया को सभी के लिए एक सुंदर और सुखद स्थान बनाने में अपनी पूरी कोशिश करें। उन्होंने उन्हें यह भी समझाया कि भिन्नताओं का सम्मान करना न केवल समाज को समृद्ध बनाता है, बल्कि यह एसडीजी लक्ष्य 10- असमानताओं को कम करने का भी अभिन्न हिस्सा है। इसके अलावा, उन्होंने छात्रों से यह भी आग्रह किया कि वे हमेशा दूसरों की मदद के लिए एक कदम आगे बढ़ें और जरूरतमंदों का सहारा बनें।



## मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार

# झारखंड के 25 खिलाड़ियों को मिलेगा सर्वोच्च सम्मान

5 जनवरी 2025 को होगा भव्य आयोजन, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी होंगे सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उम्मीद फाउंडेशन की ओर से झारखंड का सर्वोच्च खेल पुरस्कार जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार का आयोजन 5 जनवरी 2025 को किया जायेगा। यह कार्यक्रम भारत के पहले ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कप्तान मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती के अवसर पर आयोजित होगा। झारखंड के उन खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रोशन किया है।

**सम्मान की परंपरा और प्रक्रियाः** उम्मीद फाउंडेशन के अध्यक्ष रितेश उरांव ने कहा कि यह पुरस्कार 2021 से हर वर्ष आयोजित किया जा रहा है। विजेताओं का चयन फाउंडेशन द्वारा गठित एक विशेष समिति करती है। सम्मानित खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे। इस वर्ष पुरस्कार के लिए इच्छुक खिलाड़ियों का नामांकन 20 दिसंबर 2024 तक स्वीकार किया जायेगा। प्रत्येक खेल से अधिकतम दो खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा।




### इन पुरस्कारों से बढ़ेगा राज्य का गौरव

उपाध्यक्ष विनोद तिर्की ने कहा, यह पुरस्कार झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता का सम्मान है। इसके जरिए मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के संघर्ष, त्याग और बलिदान की गाथा जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है। फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलखो ने बताया कि इस वर्ष हॉकी, एथलेटिक्स, क्रिकेट, बैडमिंटन, तीरंदाजी, मुक्केबाजी, फुटबॉल, कुश्ती, निशानेबाजी, कबड्डी, तैराकी, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों के खिलाड़ी और कोच सम्मानित किये जायेंगे। उन्हें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न, द्रोणाचार्य पुरस्कार (जीवनपर्यंत), सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार,भगवान बिरसा मुंडा वीरता पुरस्कार, झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से नवाजा जायेगा। प्रेसवार्ता में संस्था के सचिव निरंजन भारती, मीडिया हेड विशाल भारद्वाज, कुशवाहा विजय महतो, प्रदीप मिरधा, और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हाइकोर्ट ने पूछा

### वकीलों के लिए अनुदान स्वीकृत 9 करोड़ कब जारी किया जायेगा

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य भर के वकीलों को स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा कराने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को यह बताने को कहा कि झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि समिति (ट्रस्टी कमिटी) को 9 करोड़ रुपये का स्वीकृति अनुदान कब जारी किया जायेगा। अदालत अब इस मामले में 17 दिसंबर को सुनवाई करेगा। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। इस जनहित याचिका में बार काउंसिल ऑफ इंडिया, झारखंड स्टेट बार काउंसिल और राज्य सरकार भी पक्षकार हैं। हाइकोर्ट के अधिवक्ता मोहम्मद शादाब ने याचिका दायर कर यह आग्रह किया है कि स्टांप ड्यूटी से मिलने वाले वेलफेयर फंड का उपयोग वकीलों को दिये जाने वाले पेंशन, डेथ क्लेम एवं स्टाइपेंड के अलावा बीमा कराने में किया जाये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No.1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## पीएम मोदी का संदेश

# दिव्यांगजनों की सेवा और स्वाभिमान का अमृत दशक !



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**भाइयों और बहनों,**

आज 3 दिसंबर का महत्वपूर्ण दिन है। पूरा विश्व इस दिन को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के रूप में मनाता है। आज का दिन दिव्यांगजनों के साहस, आत्मबल और उपलब्धियों को नमन करने का विशेष अवसर होता है। भारत के लिए ये अवसर एक पवित्र दिन जैसा है। दिव्यांगजनों का सम्मान भारत की वैचारिकी में निहित है। हमारे शास्त्रों और लोक ग्रंथों में दिव्यांग साथियों के लिए सम्मान का भाव देखने को मिलता है। रामायण में एक श्लोक है-

उत्साहो बलवानार्य, नास्त्युत्साहात्परं बलं।
सोत्साहस्यास्ति लोकेऽस्मिन, न किञ्चिदपि दुर्लभं।

श्लोक का मूल यही है कि जिस व्यक्ति के मन में उत्साह है, उसके लिए विश्व में कुछ भी असंभव नहीं है।

आज भारत में हमारे दिव्यांगजन इसी उत्साह से देश के सम्मान और स्वाभिमान की ऊर्जा बन रहे हैं। इस वर्ष ये दिन और भी विशेष है। इसी साल भारत के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण हुए हैं। भारत का संविधान हमें समानता और अंत्योदय के लिए काम करने की प्रेरणा देता है। संविधान की इसी प्रेरणा को लेकर बीते 10 वर्षों में हमने दिव्यांगजनों की उन्नति की मजबूत नींव रखी है। इन वर्षों में देश में दिव्यांगजनों के लिए अनेक नीतियां बनी हैं, अनेक निर्णय हुए हैं। ये निर्णय दिखाते हैं कि हमारी सरकार सर्वस्पर्शी है, संवेदनशील है और सर्वविकासकारी है। इसी क्रम में आज का दिन दिव्यांग भाई-बहनों के प्रति हमारे इसी समर्पण भाव को फिर से दोहराने का दिन भी बना है। मैं जब से सार्वजनिक जीवन में हूं, मैंने हर मौके पर दिव्यांगजनों का जीवन आसान बनाने के लिए प्रयास किये हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मैंने इस सेवा को राष्ट्र का संकल्प बनाया। 2014 में सरकार बनने के बाद हमने सबसे पहले विकलांग शब्द के स्थान पर दिव्यांग शब्द को प्रचलित करने का फैसला लिया।

ये सिर्फ शब्द का परिवर्तन नहीं था, इसने समाज में दिव्यांगजनों की गरिमा भी बढ़ायी और उनके योगदान को भी बड़ी स्वीकृति दी। इस निर्णय ने ये संदेश दिया कि सरकार एक ऐसा समावेशी वातावरण चाहती है, जहां किसी व्यक्ति के सामने उसकी शारीरिक चुनौतियां दीवार ना बनें और उसे उसकी प्रतिभा के अनुसार पूरे सम्मान के साथ राष्ट्र निर्माण का अवसर मिले। दिव्यांग भाई-बहनों ने विभिन्न अवसरों पर मुझे इस निर्णय के लिए अपना आशीर्वाद दिया। ये आशीर्वाद ही, दिव्यांगजन के कल्याण के लिए मेरी सबसे बड़ी शक्ति बना।

हर वर्ष देश भर में हम दिव्यांग दिवस पर अनेक कार्यक्रम करते हैं। मुझे आज भी याद है, 9 साल पहले हमने आज के ही दिन सुगम्य भारत अभियान का शुभारंभ किया था। 9 सालों में इस अभियान ने जिस तरह से दिव्यांगजनों को सशक्त किया, उससे मुझे बड़ा संतोष मिला है। 140 करोड़ देशवासियों की संकल्प-शक्ति से सुगम्य भारत ने ना सिर्फ दिव्यांगजनों के मार्ग से कई बाधाएं हटायीं, बल्कि उन्हें सम्मान और समृद्धि का जीवन भी दिया।

पहले की सरकारों के समय जो नीतियां थीं...उनकी वजह से दिव्यांगजन सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षा के अवसरों से पीछे रह जाते हैं। हमने वो स्थितियां बदलीं। आरक्षण की व्यवस्था को नया रूप मिला। 10 वर्षों में दिव्यांगजन के कल्याण के लिए खर्च होने वाली राशि को भी तीन गुना किया गया। इन निर्णयों ने दिव्यांगजनों के लिए अवसरों और उन्नतियों के नए रास्ते बनाये। आज हमारे दिव्यांग साथी, भारत के निर्माण के समर्पित साथी बनकर हमें गौरवान्वित कर रहे हैं।

मैंने स्वयं ये महसूस किया है कि भारत के युवा दिव्यांग साथियों में कितनी अपार संभावनाएं हैं। पैरालंपिक में हमारे खिलाड़ियों ने देश को जो सम्मान दिलाया है, वो इसी ऊर्जा का प्रतीक है। ये ऊर्जा राष्ट्र ऊर्जा बने, इसके लिए हमने दिव्यांग साथियों को स्किल से जोड़ा है, ताकि उनकी ऊर्जा राष्ट्र की प्रगति की सहायक बन सके। ये प्रशिक्षण सिर्फ सरकारी कार्यक्रम भर नहीं है। इन प्रशिक्षणों ने दिव्यांग साथियों का आत्मविश्वास बढ़ाया है। उन्हें रोजगार तलाशने की आत्म शक्ति दी है।

मेरे दिव्यांग भाई-बहनों का जीवन सरल, सहज और स्वाभिमानी हो, सरकार का मूल सिद्धांत यही है। हमने Persons with Disabilities Act को भी इसी भाव से लागू किया। इस ऐतिहासिक कानून में Disability के Definition की कैटेगरी को भी 7 से बढ़ाकर 21 किया गया। पहली बार हमारे एसिड अटैक सर्वाइवर्स भी इसमें शामिल किये गये। आज ये कानून दिव्यांगजनों के सशक्त जीवन का माध्यम बन रहा है। इन कानूनों ने दिव्यांगजनों के प्रति समाज की धारणा बदली है। आज हमारे दिव्यांग साथी भी विकसित भारत के निर्माण के लिए अपनी संपूर्ण शक्ति के साथ काम कर रहे हैं।

भारत का दर्शन हमें यही सिखाता है कि समाज के हर व्यक्ति में एक विशेष प्रतिभा जरूर है। हमें उसे बस सामने लाने की जरूरत है। मैंने हमेशा अपने दिव्यांग साथियों की उस अद्भुत प्रतिभा पर विश्वास किया है। और मैं पूरे गर्व से कहता हूं, कि हमारे दिव्यांग भाई-बहनों ने एक दशक में मेरे इस विश्वास को और प्रगाढ़ किया है। मुझे यह देखकर भी गर्व होता है कि उनकी उपलब्धियां कैसे हमारे समाज के संकल्पों को नया आकार दे रही हैं। आज जब पैरालंपिक का मेडल सीने पर लगाकर, मेरे देश के खिलाड़ी मेरे घर पर पधारते हैं, तो मेरा मन गौरव से भर जाता है। हर बार जब मन की बात में मैं अपने दिव्यांग भाई-बहनों की प्रेरक कहानियों को आपके साथ साझा करता हूं, तो मेरा हृदय गर्व से भर जाता है। शिक्षा हो, खेल या फिर स्टार्टअप, वे सभी बाधाओं को तोड़कर नई ऊंचाइयां छू रहे हैं और देश के विकास में भागीदार बन रहे हैं। मैं पूरे विश्वास से कहता हूं कि 2047 में जब हम स्वतंत्रता का 100वां उत्सव मनायेंगे, तो हमारे दिव्यांग साथी पूरे विश्व का प्रेरणा पुंज बने दिखाये देंगे। आज हमें इसी लक्ष्य के लिए संकल्पित होना है।

आइए, हम सब मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां कोई भी सपना और लक्ष्य असंभव ना हो। तभी जाकर हम सही मायने में एक समावेशी और विकसित भारत का निर्माण कर पायेंगे। और निश्चित तौर पर मैं इसमें अपने दिव्यांग भाई-बहनों की बहुत बड़ी भूमिका देखता हूं। पुनः सभी दिव्यांग साथियों को आज के दिन की शुभकामनाएं।

## खेल मनोविज्ञान में एमए के लिए नामांकन शुरू

**रांची (आजाद सिपाही)।** खेल मनोविज्ञान के क्षेत्र में कैरियर के इच्छुक विद्यार्थियों लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के अंतर्गत खेल मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू किया जाना है। दो वर्षीय इस पाठ्यक्रम को पूरा करने के उपरांत विद्यार्थी खेल मनोवैज्ञानिक के रूप में स्कूल, कॉलेजों और भारतीय खेल प्राधिकरण जैसे संगठनों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही उपरोक्त पाठ्यक्रम की समाप्ति के बाद विद्यार्थी शिक्षक और स्वनियोजित सलाहकार के तौर पर भी कैरियर का निर्माण कर सकते हैं। उपरोक्त पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए मनोविज्ञान विषय में स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। पाठ्यक्रम और नामांकन संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए डीएसपीएमयू के मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मीनाक्षी कुजूर से संपर्क किया जा सकता है।

# सीएम हेमंत सोरेन से मिला पुलिस सर्विस एसोसिएशन का शिष्टमंडल



झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के शिष्टमंडल ने मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। साथ ही अपनी समस्याओं से भी सीएम को अवगत कराया। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

# परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की देशभक्ति को नमन है : भाजपा

**भाजपा ने लांस नायक अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस और प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा रांची महानगर ने मंगलवार को लांस नायक परमवीर चक्र विजेता एल्बर्ट एक्का की शहादत दिवस पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने अल्बर्ट एक्का चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके वीरत्व को याद किया। डॉ राय ने कहा कि वीर शहीद की उनकी जीवनी और देशभक्ति को राज्य के लोग अपने दिल में बैठायें। सामाजिक विकृति से ऊपर उठकर देश भक्ति के माध्यम से समाज की एकात्मकता के अनुभूति को दिल में संजोने का काम करें। यह महसूस करें कि हम सभी भारत माता के पुत्र हैं। डॉ राय ने देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की भी जयंती के अवसर पर डोरंडा स्थित राजेंद्र चौक पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।



**ये रहे मौजूद**

इस कार्यक्रम में रांची महानगर अध्यक्ष वरूण साहू, अशोक बड़ाइक, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, विनय सिंह, अजीत भगत, विकास रवि, बलसाई महतो, रवि मुंडा, पायल सोनी, रामलगन राम, सुभाष अग्रवाल, रणधीर सिंह, कुंदन सिंह, संतोष राम, सोनू मिश्रा, शक्ति रामायण सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संत फ्रांसिस जेवियर का त्योहार मनाया


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची ने 3 दिसंबर को कॉलेज प्रांगण में अपने संरक्षक संत फ्रांसिस जेवियर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत मिस्सा अनुष्ठान के साथ हुई। मिस्सा समारोह की अगुवाई कॉलेज के भूतपूर्व छात्र व वर्तमान में गुमला के धर्माध्यक्ष रेव्ह बिशप लिनुस पिंगल एक्का ने की और उनका साथ कॉलेज के रेक्टर फादर सुधीर मिंज, एसजे व फादर ब्राइस बिलुंग ने दिया। मिस्सा में कॉलेज के प्रबंधकों, स्टाफ के सदस्यों, सहकर्मियों एवं छात्र-छात्राओं के लिए विशेष रूप से प्रार्थना की गयी। धर्माध्यक्ष बिशप लिनुस पिंगल एक्का ने संत फ्रांसिस जेवियर के जीवनकाल को साझा करते हुए बताया कि जेवियर की आदर्शों, चिह्नों और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आत्मसात करने को प्रेरित किया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने डॉ फादर अजय मिंज, एसजे व फादर संजय केरकेट्टा, एसजे की अगुवाई में सुमधुर गायन के साथ मिस्सा में प्रार्थना का उपयुक्त महौल बनाने में अपना योगदान दिया। समारोह मिस्सा में फादर आनंद डेविड खलखो, डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे, फादर अजय तिर्की, एसजे सहित 30 पुरोहित, धर्मबहनें, टीचिंग स्टाफ, नॉन टीचिंग स्टाफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।




# पिछले तीन वर्षों में शिक्षा पर 163.15 करोड़ तो स्वास्थ्य पर 192.43 करोड़ की राशि हुई खर्च

**दीपक प्रकाश ने सीएसआर निधि से संबंधित राज्यसभा में सवाल पूछे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में अपने अतारांकित प्रश्न के माध्यम से केंद्र सरकार में कारपोरेट कार्य मंत्री से झारखंड में कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) निधि का उपयोग करने वाली शीर्ष कंपनियों के नाम और उनके द्वारा व्यय की गयी धनराशि की जानकारी मांगी। सीएसआर निधि का उपयोग झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य ओर पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में किया जा रहा है अथवा नहीं तथा इसके लिए अलग से सीएसआर संबंधी योजनाएं की जानकारी मांगी। श्री प्रकाश के सवालों के जवाब में कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135, अधिनियम की अनुसूची सात और सीएसआर नीति, 2014 के अंतर्गत कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के लिए कानूनी ढांचा प्रदान किया गया है। प्रत्येक कंपनी जिसका तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के दौरान निवेश मूल्य 500 करोड़ रुपये या उससे अधिक है या टर्नओवर 1000 करोड़ रुपये या उससे अधिक है या शुद्ध लाभ 5 करोड़ रुपये या उससे अधिक है, यह सुनिश्चित करेगी कि वह प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अधिनियम की अनुसूची सात में निर्दिष्ट क्षेत्रों या विषयों पर कंपनी द्वारा तत्काल पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों के दौरान अर्जित औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2% व्यय करे। उन्होंने बताया कि एमसीए 21 रजिस्ट्री में कंपनियों द्वारा की गयी वार्षिक फाइलिंग के आधार पर, पिछले तीन वित्तीय वर्षों (वित्त वर्ष) 2020-21 से लेकर 2023-24 तक कुल 24 क्षेत्रों में 808 करोड़ रुपये खर्च किया गया। जिसमें से शिक्षा के क्षेत्र में 163.15 करोड़, स्वास्थ्य के क्षेत्र में 192.43 करोड़ एवं पर्यावरण के क्षेत्र में 63.09 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। श्री मल्होत्रा ने बताया कि भारत की 10 शीर्ष कंपनी एचडीएफसी 803.15 करोड़, टाटा कंसलटेंसी सर्विस लिमिटेड 774.44 करोड़, रिलायंस इंडस्ट्रीज 743.4 करोड़, आइसीआइसीआइ 476.5 करोड़, टाटा स्टील लिमिटेड 475.41 करोड़, ओएनजीसी 453.68 करोड़, इंफोसिस 390.17 करोड़, आइटीसी 322.69 करोड़, एनटीपीसी (319.98 करोड़), पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (310.51 करोड़) पिछले वित्तीय तीन वर्षों में सबसे ज्यादा खर्च करने वाली कंपनी है। झारखंड में वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 388.35 करोड़ की राशि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के क्षेत्र में खर्च की गयी। सबसे ज्यादा राशि देने वाली कंपनी है एचडीएफसी (86.41 करोड़)। इसके अलावा टाटा स्टील लिमिटेड 67.66 करोड़ एवं सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड (34.72 करोड़) ने व्यय किया है। श्री मल्होत्रा ने बताया कि अधिनियम के अनुसार किसी भी राज्य के लिए अलग से सीएसआर से संबंधित योजनाओं का प्रावधान नहीं है।

# श्रीहनुमान के जयकारों से गूंजा श्रीश्याम मंदिर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रीश्याम मित्र मंडल द्वारा मंगलवार को हरमू रोड के श्रीश्याम मंदिर में 130 वां श्रीसुंदरकांड-श्रीहनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ व भजन-संकीर्तन का दिव्य आयोजन हुआ। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने श्रीहनुमान जी महाराज की पावन दिव्य अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करके केशरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का प्रसाद भोग अर्पित किया। श्रीनारनोली ने श्री रामचरितमानस महाग्रन्थ का पूजन-वंदन करके पाठ वाचक मनीष सारस्वत व ओम शर्मा को तिलक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीश्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पुष्पा देवी पोद्दार ने केशरिया पेड़ा, राजेश जायसवाल ने फल प्रसाद, श्रवण ढाढ़निया ने चना प्रसाद व मुकेश मित्तल गिरीगोला की सेवा निवेदित की। श्रीहनुमान जी महाराज के जयकारों से श्रीश्याम मंदिर गूंज रहा था। भक्तजन संकटमोचन की आराधना में लीन रहे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। दीनदयाल विरदु संभारी हरहु नाथ मम संकट भारी...... के स्वर से भक्तजन भाव विभोर हो रहे थे। सैकड़ों भक्तों ने अखंड ज्योति में आहुति दी। महाआरती करके भक्तो को प्रसाद वितरित किया गया।



**शुक्रवार को खाटूनरेश का केशर तिलक श्रृंगार**

खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार हरमू रोड के श्रीश्याम मंदिर में भी शुक्रवार को खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया जायेगा। नवीन बागा (पौशाक) पहनाकर फूलों से विशेष श्रृंगार करके पंचमेवा का भोग लगाया जायेगा।

## कोर्ट नोटिश

**प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, कोडरमा**

**मूल वाद :- 92/2023**

**बचन राणा उर्फ बचन कुमार राणा-आवेदक**
**बनाम्**
**बेबी देवी-विपक्षी**

**नोटिश बनाम्**
बेबी देवी, W/o- बचन राणा D/o- बुंदी मिस्त्री, वर्तमान पता-पटना, देवी मण्डप के नजदीक, P.o-मालदा P.S-गांवां, जिला - गिरिडीह

इस पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक ने U/s-9 हिन्दू विवाह अधिनियम के अंतर्गत वाद मेरे न्यायालय में दाखिल किया है। आपको नजारत एवं रजिस्ट्री के माध्यम से इसकी सूचना दी गई फिर भी आप न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए।

अतः आपको आदेशित किया जाता है कि आप दिनांक 07.12.24 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखे एवं जवाब दाखिल करें कि क्यों नहीं आवेदक के आवेदन को स्वीकार किया जाय। अन्यथा आपको अनुपस्थिति मे एक पक्षीय सुनवाई की जाएगी।

आज दिनांक 30.11.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी।

**प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय, कोडरमा**

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## पूर्व मध्य रेल

**निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:- **ई-निविदा सं.: C-710-MHDA-I-GCT, (1) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** महदेइया-I (MHDA) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास **(2) महदेइया-स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत:** रू० 32,04,66,959/- **(3) ब्याने की राशि:** रू० 3,20,46,700/- **(4) निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई-निविदा बंद होने की तारीख 23.12.2024 को 15:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख 23.12.2024 को 15:30 बजे से। **(5) वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in. ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/01634/डीएचएन/सीओएमएल/टी/24-25/32

रजिस्ट्री सं० डी एल0-33004/99 REGD.NO.D.L-33004/99

## भारत का राजपत्र
## The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-29112024-259013
CG-DL-E-29112024-259013
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4699] नई दिल्ली, बुधवार, नवम्बर 27, 2024/अग्रहायण 6, 1946
No. 4699] NEW DELHI, WEDNESDAY, NOVEMBER 27, 2024/AGRAHAYANA 6, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 27 नवम्बर, 2024**

का.आ. 5089(अ). केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का. आ. 2561 तारीख 02/07/2024, जो भारत के राजपत्र असाधारण, भाग-II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के गढ़वा जिले में गाँवों में अर्थात नगर उंटारी अंचल अन्तर्गत चितबिरांव एवं मेराल अंचल अन्तर्गत गोंदा एवं लातदाग, NH75 के कि.मी. 219.6 से कि.मी. 260.583 ( दलाओ गढ़वा) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ा करने/चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "13.07.2024" को 'आजाद सिपाही' और 'टाइम्स ऑफ इंडिया' दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3-ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

**अनुसूची**

**झारखंड राज्य के गढ़वा जिले में NH75 के अंतर्गत कि.मी. 219.6 से कि.मी. 260.483 ( दलाओ गढ़वा) के गाँवों में अर्थात नगर उंटारी अंचल अंतर्गत चितबिसरांव एवं मेराल अंचल अंतर्गत गोंदा एवं लातदाग, जिला-गढ़वा, झारखंड राज्य के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित भूमि का विवरण।**

**जिलाः गढवा** [फा.स. NHAI/PIU/RNC/NH-75(Section-V)LA)/3D]
**प्रकाशन तिथिः 27.11.2024** अभय जैन, निदेशक

https://egazette.gov.in
https:/bhoomirashi.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileDf.cshtml?notification_id=57045&file_id=28694
https://egazette.gov.in/(S(yspke1wradrl3fo3tdfzhvzl))/ViewPDF.aspx

# डॉलर की चिंता

अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में अपनी दूसरी पारी की औपचारिक शुरुआत करने से पहले ही डॉनल्ड ट्रंप धमकी भरी घोषणाओं से सनसनी फैलाने लगे हैं। उनकी ताजा घोषणा ब्रिक्स देशों के नाम जारी की गयी इस धमकी के रूप में आयी है कि अगर इन देशों ने अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने या अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में उसका कोई विकल्प लाने का प्रयास किया तो उन्हें अमेरिकी बाजार से हाथ धोना पड़ सकता है। ध्यान रहे, ब्रिक्स में रूस और चीन जैसे फिलहाल अमेरिका विरोधी माने जाने वाले देश ही नहीं भारत, ब्राजील और साउथ अफ्रीका के साथ ही अब इजिप्ट, ईरान और यूएइ भी हैं। ट्रंप का यह बयान ब्रिक्स देशों के अक्टूबर में हुए शिखर सम्मेलन का जवाब माना जा रहा है, जिसमें नॉन-डॉलर ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने पर चर्चा की गयी थी। हालांकि सम्मेलन के आखिर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने साफ कर दिया था कि सिस्टम सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशल टेलिकम्युनिकेशन जैसी वित्तीय संरचना का विकल्प खड़ा करने की दिशा में अब तक ठोस कुछ नहीं किया गया है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि ब्रिक्स को ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे उसकी छवि ऐसी बने कि वह वैश्विक संस्थानों की जगह लेना चाहता है। इसके बावजूद अगर ट्रंप इतने आशंकित हैं कि ब्रिक्स देशों से डॉलर का विकल्प खड़ा न करने की गारंटी मांग रहे हैं तो वह अकारण नहीं है। सच यह है कि समय-समय पर कई देशों ने नॉन-डॉलर ट्रांजेक्शन की गुंजाइश तलाशने का प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रयास किया है। खासकर, अमेरिका ने जिस तरह से 2012 में ईरान और 2022 में रूस को सिस्टम सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशल टेलिकम्युनिकेशन से बाहर करके अंतरराष्ट्रीय वित्तीय लेन-देन की इस व्यवस्था पर अपना दबदबा साबित किया, उसके बाद ऐसे प्रयासों की जरूरत ज्यादा महसूस की जाने लगी। बड़ा सवाल यह है कि क्या डॉनल्ड ट्रंप की यह धमकी सौदेबाजी के मकसद से दी गयी है या वह 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालने के बाद सचमुच इस पर अमल करने वाले हैं। एक्सपर्ट्स की राय इस पर बंटी हुई है, लेकिन इतना तय है कि यह काम ट्रंप के लिए आसान नहीं साबित होने वाला। अगर वह अपनी इस घोषणा को अमली जामा पहनाने पर अड़े रहे, तो संभव है कि फायदे के बदले अमेरिकी अर्थव्यवस्था का और नुकसान करा बैठें। जहां तक भारत के रुख का सवाल है, तो उसे इस मामले में फूंक-फूंक कर कदम रखना होगा। यह सही है कि डॉलर के बजाय अपनी करेंसी में द्विपक्षीय लेनदेन की गुंजाइश बनाये रखना और जरूरत के मुताबिक उसका इस्तेमाल करना भारत के हक में है, लेकिन भूलना नहीं चाहिए कि डॉलर के दबदबे में कमी प्रकारांतर से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में चीन का प्रभाव अप्रत्याशित रूप से बढ़ा सकती है।

**बड़ा सवाल यह है कि क्या डॉनल्ड ट्रंप की यह धमकी सौदेबाजी के मकसद से दी गयी है या वह 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालने के बाद सचमुच इस पर अमल करने वाले हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**इस वर्ष फिल्म बाजार का 18वां आयोजन था। वर्तमान में यह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा फिल्म बाजार है। इसमें फिल्म बाजार के विभिन्न क्षेत्रों में 350 से अधिक फिल्म परियोजनाएं प्रदर्शित की गयीं। बाजार की टीम ने 'मार्चे डू कान्स' के पूर्व बाजार प्रमुख जेरोम पिलार्ड के मार्गदर्शन में अथक परिश्रम किया, जिन्होंने फिल्म बाजार के सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला है। फिल्म बाजार में बहुत से निर्माताओं ने भाग लिया।**

# भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव : आकर्षण का केंद्र बना रहा भारत





**वाणी त्रिपाठी टिकू**

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, जिसे आइएफएफआइ के नाम से जाना जाता है। इसका 55वां संस्करण 28 नवंबर, 2024 को संपन्न हुआ। इस बार के महोत्सव में दुनिया भर की विविध संस्कृतियों पर आधारित फिल्मों की शैली और फिल्म निर्माण के तरीकों का उत्सव मनाया गया, जिसमें भारत हमेशा की तरह आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस वर्ष का आइएफएफआइ न केवल व्यापक था, बल्कि खोजपूर्ण भी रहा। इसमें सिनेमा प्रेमियों के लिए कई नयी और अभिनव प्रस्तुतियां थीं। भारत के प्रतिष्ठित फिल्म निर्माता शेखर कपूर ने इस बार महोत्सव निदेशक के रूप में अपनी भूमिका निभायी। इसके साथ ही वृहद संचालन समिति में फिल्म इंडस्ट्री के प्रतिष्ठित नाम, जैसे बॉबी बेदी, खुशबू सुंदर, प्रसून जोशी और जेरोम पिलार्ड, शामिल थे। गौरव की बात यह रही कि मैं भी संचालन समिति की एक सदस्य थी। यह महोत्सव सिनेमा की कला और संस्कृति के प्रति एक गहरी समझ विकसित करने के साथ-साथ भारत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का एक अद्वितीय माध्यम बना।

इस वर्ष फिल्म बाजार का 18वां आयोजन था। वर्तमान में यह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा फिल्म बाजार है। इसमें फिल्म बाजार के विभिन्न क्षेत्रों में 350 से अधिक फिल्म परियोजनाएं प्रदर्शित की गयीं। बाजार की टीम ने 'मार्चे डू कान्स' के पूर्व बाजार प्रमुख जेरोम पिलार्ड के मार्गदर्शन में अथक परिश्रम किया, जिन्होंने फिल्म बाजार के सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला है। फिल्म बाजार में बहुत से निर्माताओं ने भाग लिया। इसका उद्देश्य करियर के मध्य में स्तरीय सफलता वाले निर्माताओं के पास फिल्म को कैसे पेश किया जाये, उसका बजट कैसे बनाया जाये और उसे वैश्विक स्तर पर सफल कैसे बनाया जाये, इस बारे में सलाह देना था। इस साल का फिल्म बाजार अब तक का सबसे बड़ा बाजार था। बाजार में काफी हलचल थी, जिसमें लगभग 2000 प्रतिनिधि आये। ऑस्ट्रेलिया, भूटान, बेलारूस, हांगकांग, जापान, किर्गिस्तान, रूस, सऊदी अरब, स्पेन और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों ने इस आयोजन की व्यापक अंतरराष्ट्रीय अपील को प्रदर्शित किया। इन देशों ने अपनी अनूठी फिल्म निर्माण संस्कृतियों और दृष्टिकोणों के साथ, तेजी से विकसित हो रहे उद्योग में सीमा पार सहयोग के महत्व को चिन्हित किया। विविध देशों की भागीदारी ने फिल्म बाजार की भूमिका को एक अंतरराष्ट्रीय मंच के रूप में उजागर किया, जो न केवल संवाद की सुविधा प्रदान करता है, बल्कि फिल्म उद्योग के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देता है, जो दुनिया भर में सिनेमा के विकास और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। चर्चाओं में फिल्म संबंधी नीति के विकास, फिल्मांकन प्रोत्साहन और फिल्म निर्माण के आर्थिक लाभ सहित कई विषयों पर चर्चा की गयी, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि सभी प्रतिभागी यानी अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय दोनों, वैश्विक सिनेमा के भविष्य को आकार देने में योगदान दे सकें।

इस वर्ष की सबसे बड़ी वैश्विक रिलीज में से एक बेटर मैन, इस महोत्सव की शुरुआती फिल्म थी। ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता माइकल ग्रेसी द्वारा निर्देशित ब्रिटिश पॉप गायक रॉबी विलियम्स के बारे में सेमी-बायोग्राफिकल फिल्म 26 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। समापन फिल्म चेक निर्देशक बोहदान स्लैमा की 'ड्राई सीजन' थी, जो यूरोपीय फिल्मों में अपने अभिनव कार्यों और समाज में देखे जाने वाले शहरी सभ्यतागत संकटों पर अपने विचार के लिए जाने जाते हैं। सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड सिनेमा के प्रतिष्ठित मास्टर्स में से एक - फिलिप नोयस को दिया गया। ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्देशक को बोन कलेक्टर, डेड कैलम, स्लिवर, रैबिट-प्रूफ फेंस जैसी फिल्मों के लिए वैश्विक स्तर पर जाना जाता है, साथ ही उनकी कई अन्य कृतियां भी हैं। फेस्टिवल आयोजकों के लिए यह सम्मान की बात थी कि फिलिप नोयस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत रूप से आये।

अंतरराष्ट्रीय सिनेमा खंड बहुत ही जीवंत था, जिसमें 12 फिल्मों ने प्रतिष्ठित 'गोल्डन पीकॉक' के लिए प्रतिस्पर्धा की।

55वें आईएफएफआई में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का गोल्डन पीकॉक लिथुआनियाई फिल्म 'टॉक्सिक' को मिला, जिसके निर्देशक और पटकथा लेखक सॉले ब्ल्यूवाइट हैं। रोमानियाई निर्देशक बोगदान मुरेसानु को 'द न्यू ईयर दैट नेवर केम' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला। क्लेमेंट फेव्यू ने फ्रांसीसी फिल्म 'होली काउ' में अपने सूक्ष्म और आकर्षक चित्रण के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) का पुरस्कार जीता। इस फ्रांसीसी फिल्म की निर्देशक लुईस कौरवोइसियर को उनकी पहली फिल्म के लिए विशेष जूरी पुरस्कार भी मिला। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार वेस्टा माटुलिटे और इवा रूपेइकाइटे को 'टॉक्सिक' में उनकी भूमिकाओं के लिए संयुक्त रूप से दिया गया। अमेरिकी निर्देशक सारा फ्रीडलैंड को उनकी मार्मिक कथा 'फैमिलियर टच' के लिए सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फीचर फिल्म का पुरस्कार दिया गया।

**प्रसार भारती ने आइएफएफआइ के उद्घाटन समारोह में अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स को लॉन्च किया।**

प्रसार भारती ने आइएफएफआइ के उद्घाटन समारोह में अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स को लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य वैश्विक दर्शकों के लिए विविध भारतीय सामग्री लाना है। इस वर्ष का वीएफएक्स और टेक पैवेलियन, जिसे फिक्की द्वारा समर्थन दिया गया था, इस आयोजन का एक और केंद्र बिंदु था, जिसने अंतरराष्ट्रीय इंडस्ट्री के प्रमुख दिग्गजों को आकर्षित किया। यह मंडप फिल्म निर्माण को बदलने में प्रौद्योगिकी की भूमिका का एक प्रमाण था, जो अभूतपूर्व नवाचारों के माध्यम से सिनेमाई अनुभवों के भविष्य की एक झलक पेश करता था। नेटफ्लिक्स, सोनी और अन्य जैसे बाजार के दिग्गजों ने टेक मंडप में अपनी पेशकश और उत्पाद प्रस्तुत किये।

इस उत्सव में विशेष जरूरतों वाले लोगों के लिए खास सुविधाएं थीं, जैसे उद्घाटन और समापन समारोह, प्रेस कॉन्फ्रेंस और सत्रों में सांकेतिक भाषा दुभाषिया। दृश्य और श्रवण दोष वाले लोगों के लिए 12वीं फेल जैसी मुख्यधारा की फिल्में दिखायी गयीं।

कहने की आवश्यकता नहीं कि यह समय सिनेमा के आइएफएफआइ द्वारा सृजित और भारत केंद्रित नए वैश्विक आख्यानों का जश्न मनाने का है! इसमें पायल कपाड़िया द्वारा कान्स में ग्रैंड प्रिक्स और पिछले साल ऑस्कर सहित भारत को मिले कई पुरस्कार शामिल हैं।

हमें उम्मीद है कि अगले साल यह महोत्सव भारत के सिनेमा प्रेमियों और दुनिया भर के फिल्म निमार्ताओं के लिए और भी अधिक जीवंत और उत्साहपूर्ण होगा।

विवा ला सिनेमा!

**(लेखिका : अभिनेत्री, निर्माता, 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की संचालन समिति की सदस्य हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

### प्रधानमंत्री ने सुगम्य भारत अभियान के 9 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी

# हमारी दिव्यांग बहनों और भाइयों के धैर्य-उपलब्धियों पर हमें गर्व है : मोदी

**प्रधानमंत्री ने दिव्यांग बहनों और भाइयों के लिए पहुंच, समानता तथा अवसर को और बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सुगम्य भारत अभियान के 9 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी। उन्होंने दिव्यांग बहनों और भाइयों के लिए पहुंच, समानता तथा अवसर को और बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी। पीएम मोदी ने दिव्यांग बहनों और भाइयों के धैर्य और उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि इसने हम सभी को गौरवान्वित किया है।

मायगोवइंडिया और मोदी आर्काइव हैंडल द्वारा पर पोस्ट श्रृंखला पर प्रतिक्रिया देते हुए पीएम मोदी ने लिखा: आज हम #9YearsOfSugamyaBharat को चिह्नित करते हैं और अपनी दिव्यांग बहनों और भाइयों के लिए पहुंच, समानता तथा अवसर को और बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे दिव्यांग भाइयों के धैर्य और उपलब्धियों पर हमें गर्व है। इसका एक जीवंत उदाहरण पैरालंपिक खेलों में भारत की सफलता है। यह दिव्यांग व्यक्तियों की 'कैन डू' भावना को दर्शाता है। #9YearsOfSugamyaBharat वास्तव में एक अविस्मरणीय स्मृति! #9YearsOfSugamyaBharat

दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 का ऐतिहासिक रुप से पारित होना दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए हमारी प्रतिबद्धता का एक स्पष्ट संकेत देखा जा सकता है। #9YearsOfSugamyaBharat

# राजनीति अतृप्त आत्माओं का महासागर : गडकरी

**मुख्यमंत्री को डर है कि उसे हाईकमान कब हटा दे**

**यहां हर व्यक्ति दुखी, सबको अपने पद से ऊंचे पद की लालसा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राजनीति अतृप्त आत्माओं का एक सागर है, जहां हर व्यक्ति उदास है और अपनी मौजूदा पोजिशन से ऊंची पोस्ट की उम्मीद लगाये बैठा है। रविवार को नागपुर में किताब 50 रूल्स ऑफ गोल्डन लाइफ के लॉन्च के दौरान उन्होंने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि जिंदगी समझौतों, मजबूरियों, सीमाओं और विरोधाभासों का खेल है। इंसान चाहे परिवार के बीच हो, समाज में हो, राजनीति में या कॉर्पोरेट जीवन में, जिंदगी चुनौतियों और परेशानियों से भरी रहती है। व्यक्ति को इनका सामना करने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग सीखना चाहिए।

गडकरी ने हाल में राजस्थान के कार्यक्रम का जिक्र किया। यहां उन्होंने कहा था कि राजनीति अतृप्त आत्माओं का महासागर है। हर कोई यहां दुखी है। कॉर्पोरेटर उदास है, क्योंकि उसे एमएलए बनने का मौका नहीं मिला, एमएलए दुखी है क्योंकि उसे मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। जो मंत्री बन गया, वह दुखी है क्योंकि उसे अच्छा विभाग नहीं मिला और वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाया। और मुख्यमंत्री इस बात से परेशान है कि उसे नहीं पता हाईकमान कब उसे हटने को कह देगा।

**गडकरी ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन का कोट याद किया :** गडकरी ने कहा कि अपने राजनीतिक जीवन में वे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की ऑटोबायोग्राफी का एक कोट याद रखते हैं, जो कहता है कि व्यक्ति के हार जाने से वह खत्म नहीं हो जाता, वह तब खत्म होता है जब वह खुद हार मान लेता है। गडकरी ने खुशहाल जीवन के लिए अच्छे मानव मूल्यों और संस्कारों पर जोर दिया। जीवन जीने और सफल होने के लिए अपने गोल्डन रूल को शेयर करते हुए उन्होंने व्यक्ति, पार्टी और पार्टी के सिद्धांतों की अहमियत के बारे में भी बात की।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की मददगार दो महिलाएं गिरफ्तार, आतंकी जुनैद भट ढेर

**श्रीनगर (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हाल ही में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं अर्शो बेगम और मरियम बेगम को गिरफ्तार किया है, जिन्हें आतंकवादियों की सहायता करने का आरोप है। एसएसपी आमोद अशोक नागपुरे ने जानकारी दी कि यह गिरफ्तारी 11 सितंबर को काउंटर टेरर ऑपरेशन के बाद की गयी, जिसमें दो पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गये थे। नागपुरे ने कहा इस मामले में अब तक दो लोगों को यूएपीए (अनलॉफुल एक्टिविटीज प्रिवेंशन एक्ट) के तहत गिरफ्तार किया गया है, और तीन लोगों को पीएसए (पब्लिक सेफ्टी एक्ट) के तहत हिरासत में लिया गया है। जांच में यह सामने आया कि ये दोनों महिलाएं जानबूझकर और स्वेच्छा से आतंकवादियों की सहायता कर रही थीं, जिसके कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया।

**श्रीनगर मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर :** साथ ही, श्रीनगर में एक अन्य मुठभेड़ की जानकारी देते हुए, कश्मीर जोन के आइजीपी वीके बर्डी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा सोमवार की शाम को शुरू किया गया काउंटर टेरर ऑपरेशन आज सुबह मुठभेड़ में तब्दील हो गया। इस ऑपरेशन में भारतीय सेना के 50 आरआर, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षाबलों ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा इस मुठभेड़ में कश्मीर के कुलगाम निवासी आतंकवादी जुनैद अहमद भट को ढेर किया गया। यह सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

# प्रगति मंच और भारत के डिजिटल शासन पर ऑक्सफोर्ड के सेड बिजनेस स्कूल केस स्टडी का प्रमुख निष्कर्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बेंगलुरु।** आइआइएम बैंगलोर में जारी ऑक्सफोर्ड के सेड बिजनेस स्कूल की नयी केस स्टडी बताती है कि भारत का प्रगति मंच किस तरह से बड़ी अवसंरचना और सामाजिक विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन के तरीके को बदल रहा है। गेट्स फाउंडेशन के समर्थन से किये गये इस शोध में कहा गया है कि कैसे इस डिजिटल शासन नवाचार ने 205 बिलियन डॉलर की 340 परियोजनाओं को गति देने में मदद की है।

**मुख्य निष्कर्ष निम्नलिखित हैं: अवसंरचना परियोजनाओं के लिए प्रगति :** 2015 में लॉन्च होने के बाद से, प्रगति (सक्रिय शासन और समय पर कार्यान्वयन) ने 205 बिलियन डॉलर की 340 परियोजनाओं को गति देने में मदद की है। इस प्लेटफॉर्म ने अभूतपूर्व तरीके से अवसंरचना के विकास का समर्थन किया है, जिसमें 50,000 किलोमीटर के नये राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण और हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी करना शामिल हैं। अध्ययन कहता है कि अवसंरचना पर खर्च किये गये प्रत्येक रुपये के लिए जीडीपी में 2.5 से 3.5 रुपये का लाभ हुआ है।

**शीर्ष से नेतृत्व :** प्रगति मंच के मूल में है - वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठकों के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी की प्रत्यक्ष भागीदारी। बैठक आम तौर पर महीने में एक बार आयोजित की जाती है, जिसमें राज्य के मुख्य सचिव और केंद्रीय मंत्रालय के अधिकारी शामिल होते हैं। डिजिटल निगरानी उपकरणों के साथ इस व्यावहारिक नेतृत्व ने जवाबदेही की एक नयी संस्कृति विकसित की है। विशिष्ट परियोजनाओं की समीक्षा में प्रधानमंत्री की सक्रिय भागीदारी, नौकरशाही गतिरोधों को समाप्त करने और कार्यान्वयन में तेजी लाने में मदद करती है।

**समस्या निगरानी और समाधान :** प्रगति मंच अवसंरचना से जुड़ी बाधाओं को दूर करने के लिए भारत के प्राथमिक समस्या- समाधानकर्ता के रूप में उभरा है। मंच का अस्तित्व ही समाधान को उत्प्रेरित करता है - अक्सर प्रधानमंत्री की समीक्षा तक पहुंचने से पहले ही अधिकारी समस्याओं का समाधान कर देते हैं। समीक्षा के लिए आने वाली परियोजनाओं के लिए भी, प्रगति का एकीकृत दृष्टिकोण भूमि अधिग्रहण और पर्यावरण मंजूरी जैसे क्षेत्रों में लंबे समय से चले आ रहे गतिरोधों को दूर करने में मदद करता है।

**एक डिजिटल शासन इकोसिस्टम प्रगति मंच अवसंरचना :** योजना-निर्माण के लिए पीएम गति शक्ति और पर्यावरण मंजूरी के लिए परिवेश सहित एक व्यापक इकोसिस्टम के भीतर काम करता है। इस एकीकरण ने स्वीकृति की समयसीमा को उल्लेखनीय रूप से कम कर दिया है - पर्यावरण संबंधी मंजूरी जो पहले 600 दिनों में मिलती थी, अब 70-75 दिनों में प्राप्त की जा सकती है। यह इकोसिस्टम ड्रोन निगरानी और जीआइएस-आधारित मानचित्रण सहित परिष्कृत उपकरणों का उपयोग करता है।

**सामाजिक क्षेत्र के लिए प्रगति :** इस मंच का प्रभाव अवसंरचना परियोजनाओं से लेकर सामाजिक विकास कार्यक्रमों को गति देने तक फैला हुआ है। प्रगति की देखरेख में पांच वर्षों के दौरान नल के जल आपूर्ति की सुविधा वाले ग्रामीण घरों की संख्या 17% से बढ़ कर 79% हो गयी है। इस प्लेटफॉर्म ने नागरिक शिकायतों पर सरकार की प्रतिक्रिया अवधि को 32 दिनों से घटा कर 20 दिन करने में भी मदद की है और स्वच्छ भारत मिशन जैसी पहलों का समर्थन किया है।

**राज्यों के बीच सहयोग :** प्रगति ने एक तटस्थ मंच स्थापित किया है, जहां केंद्र और राज्य सरकारें राजनीतिक पहचान को ध्यान में रखे बिना प्रभावी ढंग से मिलकर काम करती हैं। यह प्लेटफॉर्म टीम इंडिया का प्रतीक है - भारत के संघीय ढांचे में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक नौकरशाही और राजनीतिक बाधाओं को पार करना। कई राज्यों ने अब प्रगति के अपने संस्करण बनाए हैं।

**वैश्विक राजनेताओं के लिए डिजिटल शासन की प्रेरणा :** अध्ययन अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण सबक प्रदान करता है: डिजिटल बदलाव को गति देने में उच्च-स्तरीय नेतृत्व का महत्व, नियमित समीक्षा तंत्र का महत्त्व और विकास को गति देने में एकीकृत प्लेटफॉर्म की शक्ति। शोध सुझाव देता है कि प्रगति मंच का दृष्टिकोण, वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों को अवसंरचना और शासन से जुड़ी समान चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकता है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 04 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# एनआइसी में भाग लेने के लिए एनपी यूनिवर्सिटी की टीम बरेली रवाना




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली में पंच से 11 दिसंबर तक आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में भाग लेने के लिए नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय की नव सदस्यीय टीम मंगलवार को बरेली के लिए रवाना हो गयी। विश्विद्यालय की एनएसएस की टीम में सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज गढ़वा से मौलिक विश्वकर्मा, लौकिक विश्वकर्मा, सिमरन सोनी, वाई एस एन महिला कॉलेज मेदिनीनगर से रिया कुमारी और रुही प्रवीण, एम के कॉलेज पांकी से सोनू कुमार, अर्पिक कुमार मेहरा और चांदनी कुमारी के नाम शामिल है। टीम के कंटीनजेंट लीडर के रूप में एसपीडी कॉलेज, गढ़वा के प्रो कमलेश कुमार सिन्हा शामिल हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम समन्वयक डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि बरेली में आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में विश्वविद्यालय की टीम झारखंड राज्य की टीम के रूप में भाग लेगी। साथ ही राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी टीम भाग लेगी। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से एनएसएस की टीमें हिस्सा लेगी जिससे बच्चों को एक दूसरे की संस्कृति को भी जानने का अवसर प्राप्त होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति, कुल सचिव, एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक तथा विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य ने इस प्रतियोगिता के लिए टीम को बधाई दी है।

# डैम में डूबे व्यक्ति का शव दो दिन बाद पुलिस ने किया बरामद




**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मानपुर निवासी बिफन राम की मौत स्नान करने के दौरान दो दिसंबर को गांव स्थित डैम में डूबने से हो गयी थी। किंतु मृतक का शव पता नहीं चलने के कारण रंका पुलिस की उपस्थिति में मंगलवार को स्थानीय तैराकों के द्वारा शव बरामद किया गया। जिसे रंका पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्नान करते समय मृतक के पुत्र रविंद्र कुमार भी साथ में था जिसने पिता को डूबने की सूचना घर पर आकर दिया था। मृतक बेहद गरीब परिवार से था। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# चौधरी जेनरल हॉस्पिटल गढ़वा में 45 मरीजों को दिया गया परामर्श



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पटना के सुप्रसिद्ध हृदय, मधुमेह, नस और लकवा रोग विशेषज्ञ (न्यूरो फिजिशियन) डॉ पी के वर्मा ने चौधरी जेनरल हॉस्पिटल, गढ़वा में 45 मरीजों को स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें ज्यादातर उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, सीने में दर्द, सांस लेने में दिक्कत, पुराना सिर दर्द, सायटिका, गठिया, कमर व गर्दन दर्द, शरीर में सूजन आदि समस्याएं मरीजों द्वारा बताये गये। डॉ वर्मा ने कहा कि ठंड में धमनियां सिकुड़ जाती है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है और हृदय पर दबाव पड़ता है। ठंड में शरीर की गर्मी को बनाये रखना मुश्किल होता है, जिससे खून गाढ़ा हो जाता है और रक्त प्रवाह में दिक्कत आती है। सर्दियों में लोग कम पानी पीते हैं और ज्यादा चावल, चाय, नॉनवेज या घी खाते हैं, जिससे शुगर लेवल, ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर बढ़ने से हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक (लकवा) का खतरा बढ़ जाता है। इन खतरों से बचने के लिए डॉ पी के वर्मा ने बताया कि अपने आहार में हृदय के लिए फायदेमंद चीज शामिल करें, जैसे कि अलसी, लहसुन, दालचीनी, हल्दी आदि। ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखें। मोटापा को कम करें, इसके लिए नियमित व्यायाम करने की जरूरत है। तनाव और टेंशन कम करें। समय पर खाना खाये और जंक फूड न खायें। छह से आठ घंटे की नींद लें। धूम्रपान और शराब से बचें। साल में एक बार कार्डियक चेकअप जरूर करायें। साथ ही तीन महीने पर ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हेमोग्लोबिन आदि रूटीन चेकअप कराते रहें ताकि शरीर में हो रही कमियां समय पर पता चल सके। हॉस्पिटल निदेशक सह डेंटल सर्जन डॉ जुली कुमारी ने कहा कि डॉ पी के वर्मा प्रत्येक महीने एक और 15 तारीख को हृदय, मधुमेह और नस सम्बंधित मरीजों के लिए परामर्श देते हैं।

# बच्चों को डॉ राजेंद्र प्रसाद से देशभक्ति और सादगी की सबक लेनी चाहिए : निदेशक



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सादगी के प्रतिमूर्ति थे डॉ राजेंद्र प्रसाद। बच्चों को डॉ राजेंद्र प्रसाद से देशभक्ति और सादगी की सबक लेनी चाहिए। देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद सादगी के प्रति मूर्ति थे। स्थानीय जीएन कांवेंट (10+2) स्कूल में डॉ राजेंद्र प्रसाद की जीवनी पर की गयी चर्चा के साथ कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर और भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गयी। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद सादगी के प्रतिमूर्ति थे। बच्चों को उनके जीवन से देशभक्ति, सादगी,सेवा, त्याग की शिक्षा लेनी चाहिए। इतना ही नहीं वे संविधान सभा के अध्यक्ष के साथ साथ तत्कालीन कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। वे स्वाधीनता के बाद आजाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति बने। बाद में उन्हें भारतरत्न की उपाधि प्रदान की गयी। इन महान व्यक्ति का जन्म तीन दिसंबर 1884 को बिहार राज्य के सिवान जिला के जीरादेई नामक ग्राम में हुआ था। उनके पिता का नाम महादेव सहाय और माता कमलेश्वरी देवी थी। डॉ राजेंद्र प्रसाद देशभक्ति के साथ-साथ बड़े ही विद्वान थे।उनके विषय में कहा जाता है कि किसी परीक्षा में परीक्षक ने उनके उत्तर पुस्तिका पर यह लिखा कि 'एग्जामिनी इज बेटर देन एग्जामिनर' वे भारतीय स्वतंत्रता सेनानी के साथ साथ स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उनका कहना था कि दिखावटी और फिजूल खर्ची अच्छे मनुष्यों का लक्षण नहीं है। आइये आज हम सभी मिलकर डॉ राजेंद्र प्रसाद को नमन करें और उनके जीवन से सीख लें। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षक संतोष प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, खुर्शीद आलम, नीरा शर्मा, शिवानी कुमारी,मुकेश भारती, कृष्ण कुमार,नीलम केशरी, ज्योति तिवारी, सरिता दुबे, पूजा प्रकाश आदि का सराहनीय योगदान रहा। मंच का संचालन बीके ठाकुर जबकि धन्यवाद ज्ञापन नीलम केशरी ने की।

# कुख्यात अपराधी सत्या पासवान की दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या

- मृतक के कमर से देशी कट्टा भी बरामद
- दिनदहाड़े ताबड़तोड़ आठ गोलियों की आवाज से शहर दहल उठा
- मृतक का अपराधिक इतिहास भी रहा है : एसपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बंशीधर नगर ।** श्री बंशीधर नगर शहर के गोसाईबाग में अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी। मृत युवक की पहचान ऊंचरी गढ़वा निवासी सुरेश राम पासवान के पुत्र सत्येंद्र कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने मृत युवक के कमर से देशी कट्टा को बरामद किया है। साथ ही घटनास्थल से बाईक व आठ खोखा बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक कुख्यात अपराधी सत्या पासवान की गोली मारकर हत्या की गयी है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी शुरू कर दी है। दिनदहाड़े ताबड़तोड़ आठ गोलियों की आवाज से शहर दहल उठा। घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार गोसाईबाग में एक बाईक से दो लोग पहुंचे थे। एक बाईक पर सवार दो लोग लाईन होटल के समीप बाईक रोक कर एक बाईक में हवा लेने लगे तथा दूसरा गुटखा लेने के लिये गुमटी पर गया था। इसी बीच दूसरे बाईक पर भी दो अपराधी लाईन होटल के पास पहुंचे तथा बाईक खड़ा कर गुटखा लेने गये सत्येंद्र कुमार को लक्ष्य साधते हुये ताबड़तोड़ गोली चला दी। जिससे सत्येंद्र कुमार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि दूसरा युवक भाग कर जान बचाया। घटना दोपहर लगभग सवा तीन बजे की बताई जा रही है। मृतक के पास से बरामद पर्स से उसका पैन कार्ड सहित अन्य कागजात पुलिस ने बरामद किया है। फायरिंग करने के बाद जबतक लोग कुछ समझ पाते तबतक दोनों अपराधी बाईक पर सवार होकर उत्तर दिशा की ओर भाग निकले। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच की तथा शव को कब्जे में लेकर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी शुरू कर दी। मृत युवक की तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कमर से देशी लोडेड कट्टा एवं दो जिंदा गोली बरामद किया है। साथ ही आठ खोखा और एक ग्लैमर बाईक बरामद किया है। उधर घटना के बाद शहर में भय का माहौल व्याप्त है। मृतक का अपराधिक इतिहास रहा है।

# घुड़सवारी के राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में चयनित होकर आरुषि चौबे ने नाम रौशन किया



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर की बेटी आरुषि चौबे ने घुड़सवारी के राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में चयनित हो कर अपने परिवार पूरे बंशीधर नगर सहित गढ़वा जिला और अपने राज्य का नाम रौशन किया है। आरुषि राजस्थान के जोधपुर में जोधपुर पोलो एंड एक्सप्रेस क्लब इंस्टीट्यूट के द्वारा आयोजित प्रतिस्पर्धा में सफलता प्राप्त करते हुए चयनित हुई है। आरुषि चौबे के पिता नित्यानंद चौबे बंशीधर नगर के जाने-माने और वरिष्ठ अधिवक्ता है। आरुषि चौबे की पढ़ाई झारखंड रांची के टोरियन वर्ल्ड स्कूल में पढ़ती है। इस सफलता पर आरुषि के पिता अधिवक्ता नित्या नंद चौबे और माता अधिवक्ता लक्ष्मी चौबे ने बतलाया कि आरुषि शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है पढ़ने में हमेशा से अव्वल रही है साथ ही उसे खेलों में भी बहुत रुचि बचपन से रही है। हमेशा से उसका सपना रहा है कि खेल के माध्यम से देश में ओलंपिक मेडल लाने में कामयाबी पाए इसके लिए वह निरंतर मेहनत करती आयी है। राष्ट्रीय स्तर के प्रति स्पर्धा के लिए बालक और बालिका वर्ग से दो-दो का चयन किया गया। अंदर 16 की इस प्रतियोगिता में 13 वर्ष की उम्र में आरुषि चौबे ने यह सफलता हासिल किया है। चयनित अन्य प्रतिभागियों में झारखंड के लोहरदगा के अक्षिता और बिहार के आनंद ,राजस्थान के जयदीप सिंह का नाम भी शामिल है। प्रतियोगिता में कई क्लब के सदस्य और आर्मी के जवान भी शामिल थे। वहीं आरुषि जूनियर टीम में शामिल थी आरुषि की सफलता पर उसके विद्यालय टोरियल वर्ल्ड स्कूल कि शिक्षकों और प्रबंधकों ने भी बधाई दिया है और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# ज्वेलरी व्यवसायी हरि सेठ बाइक दुर्घटना में घायल



**भवनाथपुर(आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर के ज्वेलरी व्यवसाई हरि सेठ बाइक दुर्घटना में घायल हो गये। खबर के अनुसार व्यवसाई हरि सेठ मोटरसाइकिल से केतार की ओर जा रहे थे, तभी दूधमनिया घाटी के समीप सड़क पर एकाएक बकरी आ जाने के कारण असंतुलित होकर गिर गये। इसके बाद उक्त लोगों के सहयोग से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में लाया गया। दुर्घटना में उनका बाया पैर फ्रैक्चर हो गया है। उल्लेखनीय है कि हरि सेठ केतार थाना क्षेत्र के खेरवा के रहने वाले हैं।

# कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने जागरूकता अभियान चलाया



**केतार (आजाद सिपाही)।** कन्या विवाह एण्ड विकास सोसायटी के तत्वाधान में केतार थाना क्षेत्र के परसोडीह में जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया अनिल कुमार पासवान ने किया जबकि संचालन विभूति पांडे ने किया। इस सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह,भ्रूण हत्या दहेज प्रथा पर रोक लगाना एवं सामूहिक विवाह कराना है। पंचायत के गरीब लड़कियों की सूची तैयार कर संस्था को भेजें आगामी 1 मार्च को गढ़वा के दानरो नदी किनारे 251 कन्याओं का सामूहिक विवाह किया जायेगा। इस मौके पर कन्या विवाह एण्ड विकास सोसायटी झारखंड कोऑर्डिनेटर अजय वर्मा,बिहार के प्रचारक मिस माही, लेखा प्रभारी मुस्तकीम अंसारी, जिला प्रभारी आकाश दीप भारती, दिलीप शर्मा, विंदेश्वरी प्रसाद, विश्वनाथ प्रजापति, नागेंद्र ठाकुर,रामानंद ठाकुर, राजेश्वर साह,रेणु देवी, प्रियंका देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# संवेदकों से वसूली का प्रयास कर रहे विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी : झामुमो

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमिटी ने होटल शिवाय में प्रेस वार्ता आयोजित कर विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर गंभीर आरोप लगाये हैं। वक्ताओं ने कहा कि गढ़वा में हो रहे विकास कार्यों को अवरुद्ध कर संवेदकों से मोटी रकम वसूलने का प्रयास किया जा रहा हैं। चुनाव जीतते ही विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी विकास की नियत को दरकिनार कर पुनः पुराने नीति-सिद्धांत को अपनाते हुए विनाश करने का हथकंडा अपना रहे हैं। कई पुरानी योजनाएं जो गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र में पाइपलाइन में है जिसपर काम जारी है वहां अपने कार्यकताओं को आगे कर संवेदकों पर कमीशन पहुंचाने का दबाव बनाया जा रहा है। जो संवेदक इस दबाव को अस्वीकार कर रहे हैं उनके काम को गुणवत्ता के नाम पर जबरन बंद कराने का प्रयास किया जा रहा है। अगर ऐसे विकास विरोधी हरकत विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी एवं उनके कार्यकर्ताओं के द्वारा जारी रहता है तो ग्रामीणों को साथ लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा चरणबद्ध आंदोलन करेगी और विकास कार्यों को रोकने वाले लोगों का काला चेहरा जनता के सामने उजागर करने का काम करेगी। क्षेत्र में कई योजनाएं हैं जिसमें विगत साल भर से काम जारी है परंतु चुनाव जीतने के बाद ही विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी और उनके कार्यकर्ता को काम में अनियमिया नजर आ रहा है। फिर भी अगर गुणवत्ता में कमी है तो नियमानुसार योजना की जांच कराने की बजाय विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी और उनके कार्यकर्ता वसूली गैंग के रूप में जबरन काम बंद कराने में लगे हुए हैं। जो पूरी तरह से गैर कानूनी और अवैध है जिसे झामुमो कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रेस वार्ता में केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, सचिव मनोज ठाकुर, वरिष्ठ नेता मिथिलेश झा, जिला प्रवक्ता शाकिर अहमद आदि मौजूद थे।

# एसडीओ ने अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ की वर्चुअल बैठक

## भूमि विवादों की शुरुआत में ही निबटारे का करें प्रयास

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** मंगलवार अपराह्न में अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने गढ़वा अनुमंडल अंतर्गत अंचलों के अंचल अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवाद ही नहीं बल्कि किसी भी प्रकार के हल होने योग्य विवादों को आरंभिक चरणों में ही हल करने का प्रयास किया जाये, क्योंकि छोटे-छोटे विवाद ही बाद में बड़ा रूप धारण कर लेते हैं। स्थानीय विवादों को हल करने की दर जितनी अधिक होगी, विधि व्यवस्था भी उतनी अच्छी होगी। उन्होंने कहा कि कांडी, मझिआंव तथा मेराल अंचल में भूमि विवादों की संख्या अपेक्षाकृत बहुत ज्यादा है, कुछ विवाद तो कई वर्षों से इसलिए चल रहे हैं क्योंकि अंचल स्तर से ससमय जांच प्रतिवेदन नहीं मिल पा रहे हैं, गढ़वा अंचल में भी कमोबेश यही स्थिति है। ऐसे में उन्होंने कहा कि सभी लंबित मामलों को सूचीबद्ध करते हुए राजस्व कर्मचारियों की हल्का वार समीक्षा करें तथा विवादों की वांछित वस्तुस्थिति को यथाशीघ्र अपने वरीय पदाधिकारियों को प्रेषित करें।

**डीजे पर प्रभावी रोक के लिए उठायें कदम**

उन्होंने कहा है कि गढ़वा सदर क्षेत्र में डीजे पर माननीय न्यायालय द्वारा लगायी गयी रोक का अपेक्षाकृत बेहतर अनुपालन हो रहा है, किंतु फिर भी डीजे संचालन की शिकायतें अभी भी मिल जा रही हैं। ज्यादातर थाना प्रभारियों के स्तर से डीजे संचालकों के साथ बैठकें भी हो गयी हैं, सभी संचालकों को स्पष्ट संदेश भी दिया जा चुका है कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध है, बावजूद इसके जो अभी भी उल्लंघन कर रहे हैं उन पर कहीं से भी कोई प्रभावी कार्रवाई किसी थाने के स्तर से प्रकाश में नहीं आयी है। सभी अंचल अधिकारियों को भी इस दिशा में कार्य करने हेतु पूर्व में ही निर्देश दिया जा चुका है किंतु अभी भी किसी अंचल अधिकारी के स्तर से इस दिशा में कोई उदाहरण योग्य कदम नहीं उठाया गया है। अतः निर्देशित किया गया कि सभी संबंधित पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि डीजे पर प्रतिबंध के न्यायालयी आदेश का अपने-अपने क्षेत्र में अक्षरशः अनुपालन किया जाये।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# गढ़वा में भ्रष्टाचार का जाल बिछाया गया है,सीबीआइ जांच हो: विवेकानंद तिवारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** भाजपा नेता विवेकानंद तिवारी ने पूर्व मंत्री पर गढ़वा में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और फर्जी दस्तावेजों के सहारे टेंडर मैनेज कर भारी लूटखसोट करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों से फर्जी एक्सपीरियंस सर्टिफिकेट के जरिए बाहरी और अनुभवहीन संवेदकों को टेंडर दिलाकर शेड्यूल रेट से अधिक कीमत पर काम करवाया गया। रैयतों की जमीन का जबरन अधिग्रहण कर गरीबों के हक पर डाका डाला गया। तिवारी ने आरोप लगाया कि कई भ्रष्ट अधिकारी और इंजीनियर, जो भारी रिश्वत देकर गढ़वा में पोस्टिंग करवा रहे थे, उन्होंने मंत्री के चहेतों के खातों में मनरेगा के तहत करोड़ों रुपये ट्रांसफर किये। भ्रष्ट अधिकारियों को नहीं बख्शा जायेगा। आयकर विभाग, एसीबी और सीबीआई से इनकी संपत्ति की जांच करायी जाये। उन्होंने कहा कि अंचल और ब्लॉक कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। एलपीसी जारी करने के नाम पर भारी शोषण किया गया। कई पंचायतों में योजनाओं का पैसा निकालकर बिना काम किये ही हड़प लिया गया। तिवारी ने बताया कि विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी से सभी विभागों की समीक्षा कराने का आग्रह किया गया है। विधायक ने आश्वासन दिया है कि अंचल, ब्लॉक और अन्य विभागों में हुए भ्रष्टाचार की समीक्षा कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे।


ई० प्रोक्यूरमेंट सेल
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा
Email Id :- eengbcdsimdega@gmail.com

अति अल्पकालिन ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेंस नं०– 05/2024-25/EE/BCD/BD,SIMDEGA.
दिनांक–03-12-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Construction of Integrated Public Health Laboratory (IPHL) at Simdega. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0) | रूपया 1,19,80,800.00 (एक करोड़ उन्नीस लाख अस्सी हजार आठ सौ) रुपये मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 (ग्यारह) माह। |
| 4. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 12.12.2024 को 11:00 बजे |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 19.12.2024 को दोपहर 11:00 बजे तक |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा–835223 |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | 20.12.2024 के अपराह्न 11:30 बजे तक नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, झारखण्ड, राँची। |
| 8. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 86748–35234 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 86748–35234 |

10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
11. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खातों को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
13. अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note :- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 341041 Simdega (24-25)_D



झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय
मंडल कारा, चतरा

अति अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना

e-TENDER : - HJ AND DM/DJ CHATRA/Q1/2025/1995

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, चतरा |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त अति अल्पकालीन ई०–निविदा का आमंत्रण। (प्रथम त्रैमासिक ई0 निविदा – 01.01.2025 से 31.03.2025 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 10.12.2024 के पूर्वाहन 11.00 बजे से 17.12.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 10.12.2024 के पूर्वाहन 11.00 बजे से 17.12.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि– 18.12.2024 के पूर्वाहन 11.00 बजे से 19.12.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 18.12.2024 के पूर्वाहन 11.00 बजे से 19.12.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक 20.12.2024 को दोपहर 12.00 बजे अपर समाहर्त्ता, चतरा के कार्यालय वेश्म में अपर समाहर्त्ता, चतरा की उपस्थिति में। |

नोट :–1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 341064 (Home, Prison And Disaster Management) 24-25 (D)

अधीक्षक
मंडल कारा, चतरा



कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

पत्रांक– 1148, न0पं0 दिनांक– 03.12.2024

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मझिआँव अंतर्गत स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (चतुर्थ घटक) के तहत लाभान्वित निम्न लाभुको को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव द्वारा प्रथम किस्त (45000रू) की राशि निर्गत किये जाने के बावजुद भी आपके द्वारा आवास निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, जो बहुत ही खेद का विषय है। इस कार्यालय के द्वारा आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ करने हेतु आपको कई बार सूचना दी गई है, फिर भी आपके द्वारा आवास निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, जिससे ऐसा प्रतित होता है कि आप आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ करने हेतु इच्छुक नहीं है। लाभुक की सूची कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

अतः उक्त लाभूकों को सामाचार पत्र के माध्यम से अंतिम बार सूचित किया जाता है कि एक सप्ताह के अन्दर आवास निर्माण का कार्य प्रारम्भ करते हुए कार्यालय में सूचित करेंगे। उक्त अवधि तक आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ नही करने पर उनके खिलाफ नगर पंचायत मझिआँव विधिसम्मत कार्रवाई (निलाम पत्र वाद, प्राथमिकी, बैंक खाता फ्रिज इत्यादि) करने हेतु स्वतंत्र होगा, जिसके लिए लाभुक स्वयं जिम्मेवार होंगे एवं बाद में कोई भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव

PR 341109 Urban Development(24-25).D

# बुंडू अनुमंडल कार्यालय में समीक्षा बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** अनुमंडल कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता तमाड़ विधायक ने किया बैठक में एनएचएआइ के अंतर्गत एन एच-33 पर खराब लाइटों की मरम्मत, बुंडू नगर में नये सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, पार्किंग की बेहतर व्यवस्था, और बुंडू बस स्टैंड के विकास सहित कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गयी। साथ ही बुंडू में निजी डॉक्टरों द्वारा संचालित क्लीनिकों और दवा दुकानों के साथ समन्वय कर सप्ताह में पाली अनुसार रात्री सेवा शुरू करने, प्लस टू विद्यालयों और महाविद्यालयों में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए विशेष कैंप लगाने और आचार संहिता के कारण रुके हुए विकास कार्यों को शीघ्र प्रगति पर लाने पर बल दिया गया।

नगर क्षेत्र में अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए भी महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास में हर संभव प्रयास किया जायेगा और जनता से जुड़े हर मुद्दे को प्राथमिकता के साथ सुलझाया जायेगा। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू किस्को कुमार बेसरा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू ओम प्रकाश, डीटीओ (रांची), अंचल अधिकारी बुंडू हंस कुमार हेंब्रोम एवं तमाड़), प्रखंड विकास पदाधिकारी बुंडू सावित्री कुमारी, नगर पंचायत प्रशासक बुंडू शुभम पोद्दार, थाना प्रभारी बुंडू राम कुमार वर्मा, और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# अशोका परियोजना विस्तारीकरण को लेकर झुलनडीहा में ग्रामसभा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** पिपरवार क्षेत्र के अशोका परियोजना विस्तारीकरण के लिए भू-हस्तांरण के लिए एनओसी के लिए बेंती पंचायत के झुलनडीहा में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता संगीता उरांव ने किया। ग्रामसभा में सीसीएल अधिकारी और टंडवा अंचल के कर्मी उपस्थित थे। ग्राम सभा में ग्रामीणो ने कहा कि जब तक रैयती भुमि, गैरमंजरुवा भूमि और जगंल भूमि को एक साथ एनओसी लेने की बात नहीं करते हैं तब तक ग्रामीण सिर्फ जगंल जमीन और जगंल झाड़ी का एनओसी के लिए बात नहीं करेंगें। यह भी कहा कि ग्राम सभा द्वारा जो पूर्व में मांग प्रस्ताव पारित किया गया था। उस मांग को जल्द पुरा की जाये तभी ग्रामीण एनओसी की बात करेगें। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने एनओसी देने से इंकार कर दिया। इस मौके पर झुलनडीहा ग्राम के ग्रामीण मौजूद थे।

# एनके एरिया वेलफेयर टीम ने रोहिणी और पुरनाडीह कॉलोनी का किया निरीक्षण

## कामगारों ने टीम को कॉलोनी में जमा कचरा, नालियों की सफाई की समस्या बतायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया वेलफेयर टीम ने रोहिणी और पुरनाडीह कॉलोनी का निरीक्षण किया। टीम में एसओसी सुमन कुमार के अलावा श्रमिक नेता प्रेम कुमार, शैलेश कुमार, डीपी सिंह, मिथलेश कुमार सिंह, देवपाल मुंडा, ध्वजा राम धोबी और हरेंद्र सिंह शामिल थे। वेलफेयर टीम ने सर्वप्रथम रोहिणी कॉलोनी का निरीक्षण किया। जिसके बाद टीम ने पम्प हाउस, फिल्टर प्लांट का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम और अधिकारियों ने कॉलोनी की समस्याओं की जानकारी ली। कामगारो ने कॉलोनी में जमे कचरे, नालियों की समय समय पर सफाई की समस्या को बताया। वही कई कामगारों ने जर्जर हालत में पहुंच चुके क्वार्टर की समस्या से भी अवगत कराया।

साथ ही पुरनाडीह कॉलोनी के निरीक्षण के क्रम में जर्जर क्वार्टरों की स्थिति से भी टीम को अवगत कराया गया। टीम ने सभी जगहों के निरीक्षण के बाद सभी समस्याओं के समधान पर पहल करने का आश्वासन दिया। वहीं एसओसी सुमन कुमार ने ओवरसियर और संवेदक को तत्काल कॉलोनी में बुलाकर सभी समस्याओं पर त्वरित कार्य करते हुए नियमित कचरे का उठाव करने और कॉलोनी में साफ सफाई को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि कॉलोनी के सफाई में किसी तरह की कोताही नहीं बरते अन्यथा कार्रवाई की जायेगी। साथ ही जर्जर क्वार्टर की भी मरम्मत कार्य को लेकर कराने का आश्वासन दिया गया। वहीं धमधमिया कॉलोनी में पानी की समस्या से भी टीम को अवगत कराया गया कि धमधमिया में पानी सप्लाई व्यवस्था को ठीक किया जाय। साथ ही कचरा उठाव की भी जानकारी दी गयी। इस मौके पर रोहिणी परियोजना के मैनेजर दीपक कुमार, रामा उरांव, उमाकांत सिंह, सुधीर सिंह, जसवंत पांडेय, नरेश प्रसाद, सूरज प्रधान मुंडा, राकेश कुमार, विनय नोनिया, शैलेश अंगारिया, सोमनाथ मलिक, राम स्वरूप राम, मोहन पाण्डेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष की पत्नी का निधन, लोगों ने जतायी संवेदना



**खूंटी(आजाद सिपाही)। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष और छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर साहू की धर्मपत्नी यशोदा देवी का सोमवार को निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थीं। मंगलवार को छाता नदी मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके छोटे पुत्र मनोज कुमार साहू ने मुखाग्नि दी। यशोदा देवी के निधन पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्णा चौधरी, संजय यादव, दिनेश कांशी, सुरेंद्र गुप्ता, फेकु भगत सहित कई लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।**

# एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनी

## बच्चों के बीच भाषण और गायन प्रतियोगिता का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में मंगलवार को स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह और प्रधानाध्यापक एस एन तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया और डॉ राजेंद्र प्रसाद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं के द्वारा मंगलाचरण गीत गाया गया। वहीं कार्यक्रम में बच्चों के बीच भाषण और गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में राजेंद्र जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया साथ ही गायन प्रतियोगिता के अंतर्गत बच्चों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीतों का प्रस्तुती दी। वहीं भाषण प्रतियोगिता में उच्च सदन यशु लोहारा प्रथम, नैना कुमारी द्वितीय और आकांक्षा कैथवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निम्न सदन भाषण प्रतियोगिता में शुभराज कुमार प्रथम, अर्चना कुमारी द्वितीय और श्रेया राणा तृतीय स्थान पर रही। इसके साथ ही उच्च सदन गायन प्रतियोगिता में सिया कुमारी प्रथम, अर्वशिका टोप्पो द्वितीय और खुशी कुमारी तृतीय स्थान पर रही। वहीं निम्न सदन गायन प्रतियोगिता में अनामिका कुमारी प्रथम, वंशिका कुमारी द्वितीय और काजल कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने अपने आशीर्वचन में बच्चों से कहा कि हमें राजेंद्र जी के पद चिन्हों पर चलना चाहिए। साथ ही उनकी तरह लगनशील और मेहनती होना चाहिए तभी हम जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# चांडिल में मनाया गया अधिवक्ता दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** चांडिल अनुमंडल बार एसोशियन द्वारा बार भवन में मंगलवार को अधिवक्ता दिवस मनाया गया। जिसमें भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्म दिवस पर उनका चित्र पर माल्यापर्ण कर अधिवक्ता दिवस का कार्यक्रम शुभारम्भ किया गया। वही कार्यक्रम का अध्यक्षता बद्री प्रसाद साहू किये और संचालन देवशीष कुंडू तथा महेंद्र कुमार महतो ने किया। अधिवक्ता दिवस के अवसर पर सभी अधिवक्ताओं को डायरी भेंट किया गया। वही समाजसेवी ललित महतो के द्वारा सभी अधिवक्ताओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर देवशीष कुंडू, बद्री प्रसाद साहू, महेंद्र कुमार महतो,शिवेश्वर महतो,एस के साहा,ए कुमार,डी महतो,बी सी मंडल,के के सिंह,के के स्वांसी आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

# हाइवा के धक्के से विद्युत ट्रांसफार्मर के परखच्चे उड़े

## विधायक के निर्देश पर तोरपा में बहाल हुई बिजली



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** एक हाइवा ट्रक द्वारा सोमवार की देर रात तोरपा रेफरल अस्पताल के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर को जोरदार टक्कर मार दिये जाने के ट्रांसफार्मर के परखच्चे उड़ गये। इसके कारण पूरा तोरपा इलाका रात भर अंधकार में डूबा रहा। जानकारी कें अनुसार एक खाली हाइवा ट्रक बालू लोड करने के लिए काफी तेज गति से खूंटी से तोरपा की ओर जा रहा था। तोरपा रेफरल अस्पताल के पास चालक ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी ने विद्युत खंभे को टक्कर मार दी। इससे ट्रांसफार्मर कई टुकड़ों में बंट गया और बिजली के तीन-चार खंभे भी टूट गये। रात को ही तोरपा थाना की पुलिस दुर्घटनाग्रस्त हाइवा को थाने ले गयी।

मामले की जानकारी मिलते ही मंगलवार की सुबह तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया, सुबह ही वे तोरपा पहुंच गये और विभाग के अधिकारियों से बात कर क्षतिग्रस्त ट्रासफार्मर को अविलंब बदलकर विद्युतापूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया। कुछ देर बाद ही हिल चौक के कुछ इलाकों को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बहाल कर दी गयी। मौके पर विधायक ने कहा कि लोगों को कोई भी समस्या हो, वे इसकी जानकारी दें, उनकी समस्याओं के निराकरण का हर संभव प्रयास किया जायेगा। विद्युत ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलने के एक घंटे के अंदर विधायक के तोरपा पहुंचने की स्थानीय लोगों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि जनप्रतिनिधि ऐसा ही होना चाहिए, जो समस्या की जानकारी मिलते ही वहां पहुंच जाये।

# गांव में बिजली पहुंचाने का प्रयास करेंगे: देवेंद्र नाथ महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली ।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष सिल्ली विधान सभा विधायक प्रत्याशी देवेन्द्र नाथ महतो ने आजादी के 76 वर्ष बाद तक राहे प्रखंड के अंबाझारिया पंचायत के दुवारशिनी गांव में बिजली नहीं पहुंचने पर बिजली विभाग के रांची क्षेत्र मैनेजर से मुलाकात कर बिजली पहुंचाने का निवेदन किया।

मौके पर देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि सिल्ली विधान सभा प्रचार के दौरान जब पता चला था कि आजादी के 76 वर्ष बाद भी दुवारशिनी गांव में बिजली नहीं पहुंचा तभी मैं ग्रामीण को वचन दिया था कि चुनाव परिणाम जो भी गांव में बिजली पहुंचाने का प्रयास करेंगे उसी क्रम में जल्द से जल्द बिजली पहुंचाने का निवेदन किया।

# सड़कों पर अतिक्रमण के कारण खूंटी के नागरिक भुगत रहे हैं जाम की सजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सड़कों का अतिक्रमण और पार्किंग स्थल की कमी का खमियाजा खूंटी के लोगों को गभीर जाम और प्रदूषण के रूप में भुगतना पड़ रहा है। हर दिन वाहनों के साथ ही जनसंख्या में वृद्धि के कारण खूंटी के लोगों के समक्ष कई कठिनाइयां मुंह बाये खड़ी है। अंग्रेजों के शासनकाल में 1905 को खूंटी को अनमंढल का दर्जा दिया गया था। उसके 102 दो वर्षों के बाद 2007 में खूंटी को जिले का दर्जा मिला। जिले बने 18 साल गुजरने को हैं, पर लोगों के समक्ष सुविधा कम और समस्या अधिक बढ़ती जा रही है, चाहे मामला सड़क जाम का हो, वाहनों के कारण बढ़ते प्रदूषण का हो या सड़कों के अतिक्रमण का। जिला बनने के ढाई दशकों के बाद भी न तो शहर में पार्किंग की व्यवस्था हो पाई और न ही बाईपास सड़क का निर्माण हो सका। खूंटी शहर में पार्किंग और यात्री बसों या छोटे वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण लोग सड़कों पर ही अपने दो पहिया और चार पहिया वाहनों को सड़कों पर ही लगा देते हैं। दुकानदार अपनी दुकानों के सामान को निकाल कर सड़कों पर लगा देते हैं। इससे जाम की समस्या और गंभीर जो जाती है।

# डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिन पर संविधान दिवस मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू बार एसोसिएशन के द्वारा मंगलवार को डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिन पर संविधान दिवस मनाया। इस मौके पर बुंडू बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और सभीअधिवक्ताओं ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान के रक्षा करने और न्याय करने का संकल्प लिए। अधिवक्ता संघ के महासचिव शिव शंकर महतो ने कहा कि संविधान की रक्षा और लोगों के न्याय के लिए अधिवक्ता अपने परिवार को जोखिम में डालकर हमेशा खड़ा रहता है।

कई अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ताओं के लिए सुरक्षा कानून, स्वास्थ्य सेवा,बीमा सुविधा की व्यवस्था लागू होनी चाहिए। इस मौके पर रामचरण महतो, आनंद राम महतो, रितेश जायसवाल, दुर्गा प्रसाद राय, विमल कुमार, अनूप कुमार जायसवाल, मनोज चौधरी, बासुदेव प्रमाणिक, गौरी प्रसाद सिंन्हा, विशेश्वर प्रसाद,राजेंद्र महतो, उत्तम भट्टाचार्य, दिनेश कोईरी, प्रफुल्ल सिह मुंडा, सूरज लाल मुंडा, दुर्योधन महतो, कल्पना राव, नेहाकुमारी देवी, परमेश्वर महतो, सनातन महतो, कालीपत महतो आदि मौजूद थे।

## सिल्ली में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट और सेवा भारती सिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में एक दिसंबर को सिल्ली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में नेत्र रोग के 78 लोगों की जांच हुई। जांच उपरांत 26 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाये गयेए जिनका ऑपरेशन दो दिसंबर को निरामया अस्पताल रांची में किया जायेगा। शिविर को सफल बनाने में प्रवीण अगरवाल, स्वरूप दत्ता, भरत सिंह, पीयूष अग्रवाल, दिलीप दे, रिशी सोनार, प्रशान्त रविदास, जगदीश गोराई, कार्तिक गोराई, अमर अग्रवाल , प्रकाश अग्रवाल, आदि सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जेएलकेएम ने की सिल्ली प्रखंड में समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** राज्य में विधानसभा चुनाव संपन्न हो चुकी है। नयी सरकार की गठन भी हो चुकी है। सभी राजनीतिक दल अपने चुनावी आकलन में लगे हुए हैं। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने रविवार को सिल्ली प्रखंड के कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी समीक्षा बैठक की। पड़े मतदान और संगठन की मौजूदा स्थिति पर चर्चा किया गया। संगठन की रणनीति पर सुधार पर विचार किया गया। विधानसभा प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने अपने कार्यकर्ताओं को हौसला अफजाई करते हुए क्षेत्र की सेवा हेतु प्रेरित किया। और जयराम महतो के विचारधारा को प्रसारित करने बात कही गयी। आज के इस बैठक में सिल्ली प्रखंड के सभी 20 पंचायतो के सभी पंचायत प्रभारी व बुथ कमेटी मौजूद रहे। रामडेरा बैठक में मुख्य रूप से कृष्णा महतो, खुदीराम महतो, राजू महतो, महावीर साहू, सुखदेव, वीरेन, चंडी प्रसाद ने अपनी बातें रखीं।

## सीआरसी में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस



नामकुम (आजाद सिपाही)। मंगलवार को सीआरसी रांची में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि विजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, नामकुम, रांची, सूर्य मणि प्रसाद, डायरेक्टर, सीआरसी रांची एवं दिव्यांगजनों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। डायरेक्टर, सीआरसी के द्वारा मुख्य अतिथि को विभिन्न विभागों में चल रहे क्रियाकलापों एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में चल रहे कार्यों के विषय में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। साथ ही सीआरसी रांची के विशेष शिक्षा विभाग द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गयी जिसका नेतृत्व डॉ. प्रीति तिवारी, सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। यह रैली सीआरसी रांची परिसर से शुरू होकर सदाबहार चौक, नामकुम तक गयी। एक अन्य कार्यक्रम, राज्य नि:शक्तता आयुक्त झारखंड कार्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें वृद्धजनों को मुफ्त में व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र और अन्य सहायक उपकरण एवं एडिप योजना के तहत जरूरतमंद दिव्यांगजनों को वैज्ञानिक आधार पर निर्मित, आधुनिक, मानक सहायक यंत्र एवं उपकरणों का मुफ्त वितरण सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, झारखंड सरकार के हाथों किया गया।


### मुख्यमंत्री के आवास पर जाकर मिली कांग्रेस नेत्री शिल्पी, युवाओं के उत्थान के लिए काम करते रहने का आग्रह

# युवा आगे आयें और समाज के विकास में अपनी भूमिका निभायें : हेमंत सोरेन

## मुख्यमंत्री ने कहा- युवाओं की भागीदारी से ही राज्य का विकास संभव

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर जाकर मंगलवार को रांची महानगर यूथ कांग्रेस की उपाध्यक्ष शिल्पी वर्मा ने मुलाकात की। उन्हें मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी और उनका आशीर्वाद भी लिया। शिल्पी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरन जी ने राज्य के विकास में जो योगदान दिया है, वह सराहनीय है। उनकी नीतियों और योजनाओं से युवा वर्ग को काफी लाभ हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे आगे भी युवाओं के उत्थान के लिए कार्य करते रहें। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी शिल्पी वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं की भागीदारी से ही राज्य का विकास संभव है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे आगे आएं और समाज के विकास में अपनी भूमिका निभाएं।


मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करतीं कांग्रेस नेत्री शिल्पी वर्मा।

यह मुलाकात न केवल यूथ कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण थी, बल्कि यह झारखंड की राजनीति में युवा नेतृत्व की बढ़ती भूमिका को भी दर्शाती है।

## प्रदेश महासचिव ने की खिजरी विधायक को मंत्री बनाने की मांग

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** राजद के प्रदेश महासचिव विनोद सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से खिजरी विधायक राजेश कच्छप को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग की है। उन्होंने क्षेत्र के विकास और सामाजिक संतुलन की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम बताया। मंगलवार को आजाद सिपाही से बात करते हुए विनोद सिंह ने कहा कि राजेश कच्छप जनता के बीच लोकप्रिय और संघर्षशील नेता है। उनके नेतृत्व में खिजरी क्षेत्र ने कई विकास कार्य देखे है। सिंह ने यह भी कहा कि क्षेत्र की जनता को सरकार से बड़ी उम्मीदे है और विधायक को मंत्री बनाए जाने से क्षेत्रीय मुद्दों को सुलझाने में मदद



मिलेगी। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि समाज के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हुए मंत्रिमंडल में ऐसे योग्य और कर्मठ नेताओं को शामिल किया जाए। विनोद सिंह का यह बयान राज्य की राजनीति में नए समीकरणों और चर्चा को जन्म दे सकता है।

## उग्रवादियों ने दुकानदारों से की मारपीट धमकी के बाद नहीं खुले दुकान-बाजार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुढ़मू।** रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी जी के दस्ते ने सोमवार की रात बुढ़मू के उमेडंडा गांव में जमकर उपद्रव मचाया और स्थानीय दुकानदारों के साथ मारपीट की। सिर पर बंदूक सटाकर दुकानें बंद रखने की धमकी दी। जिसके बाद मंगलवार को सारा उमेडंडा गांव में सन्नाटा पसरा रहा। ग्रामीणों-दुकानदारों में भय का माहौल दिखा। दुकानदार दुकान खोलने से बचते नजर आये। हालांकि जैसी की घटना की सूचना बुढ़मू पुलिस को मिली, स्थानीय दुकानदारों को बुलाकर दुकान खोलने को कहा। बावजूद इसके किनी ने दुकान नहीं



खोली। दूसरी ओर थाना प्रभारी रितेश महतो ने उग्रवादियों के विरुद्ध अभियान चलाना शुरू कर दिया है। कहा कि किसी भी हाल में उग्रवादियों के मंसूबे को सफल होने नहीं दी जाएगी। वहीं, सूत्रों की माने तो उग्रवादियों ने फिर से बुढ़मू में पैर फैलाना शुरू कर दिया है। लेवी को लेकर दो से तीन संगठन आमने-सामने है, जिससे कभी भी खुनी सघर्ष होने की प्रबल आशंका बनी हुई है।

## बेड़ो से 14 वर्षीय किशोर लापता



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गांव घाघरा के असरो कैरो गांव से 14 वर्षीय एक किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता ने बेड़ो थाने में अपने पुत्र की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। पिता राजू महतो ने बताया कि 14 वर्षीय बेटा बालचंद महतो एक दिसंबर शाम चार चार बजे से घर से गायब है। बताया कि वह अपने बेटे बालचंद के साथ रविवार को खेत गया था। वहां से लौटने के बाद बिना किसी को बताये घर से निकल कर कहीं चला गया। इसके बाद दो दिनों तक बेटे को तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित ने रिश्तेदारियों सहित आस पास के गांवों में भी तलाश की लेकिन बालक का पता नहीं लग सका। इसके बाद मंगलवार को राजू महतो ने बेड़ो थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। इधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है।

## बेड़ो में विश्व दिव्यांगता दिवस का आयोजन




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस पर मंगलवार को झारखंड दिव्यांग जागृति महासंघ बेड़ो के कोर टीम के सदस्यों एवं इटकी, भरनो और लापुंग के सभी दिव्यांग जनों ने महादानी मैदान स्थित रंगमंच के समीप संयुक्त रूप से दिव्यांगता समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप जलाकर किया गया। इस अवसर पर बीडीओ राहुल उरांव ने कहा कि जितने भी राशन कार्ड, पेंशन व यूडीआइडी कार्ड बनाने में जो भी समस्याएं आती हैं उसका तुरंत समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं सीओ प्रताप मिंज ने कहा कि जो भी कार्य बाधित है उसका शीघ्र ही समाधान किया जाएगा। वहीं दिव्यांगजनों ने अपनी समस्याओं के संदर्भ में एक ज्ञापन बीडीओ व सीओ को सौंपा। जिसमें उन्होंने राज्य में सरकार बनते ही निःशक्तता आयुक्त की नियुक्ति करने, दिव्यांगों को प्रोत्साहन राशि 5000 देने, दिव्यांगों के लिए खेल निधि व विभाग बनाने, दिव्यांगों के लिए राज्य के हर विभाग में पद चिन्हित कर नियुक्ति प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू करने, कम पढ़े लिखे दिव्यांगों को उनके स्वरोजगार के लिए पंचायत स्तर पर एक दुकान देने, आर्थिक सहायता नीति बनाने, राज्य के हर जिले में एक दिव्यांग होम का निर्माण करने, दिव्यांगों को सरकार की ओर से निःशुल्क सभी सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्था मुहैया कराने, पूर्व से बनी राज्य दिव्यांग नीति को शीघ्र लागू करने आदि की मांग की गयी है। इसके पूर्व दिव्यांग जनों की ओर से रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम का संचालन अशोक महतो ने किया। मौके पर मुखिया सुशांति भगत, कुंवारी खलखो, सच्ची कुमारी अध्यक्ष लालू उरांव कोषाध्यक्ष सुनीता कुजूर आदि थे।

## रस्सा कस्सी बालक जूनियर एवं सीनियर में संत कबीर पब्लिक स्कूल की टीम हुई विजेता




**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** जनकल्याण समर्पण संस्थान के तत्वाधान में सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में चल रहे खेल महोत्सव 2024 के 10वें दिन बालक वर्ग सीनियर और जूनियर रस्सा कस्सी खेल में संत कबीर पब्लिक स्कूल सिकिदिरी की टीम विजेता और जेकेएसएस की टीम उपविजेता बनी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने दोनों टीमों के कप्तान और खिलाड़ियों को पदक, ट्रॉफी सर्टिफिकेट एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कहा कि 100 से अधिक स्पर्धाओं का खेल महोत्सव वो भी अपने प्रयास से करना अकल्पनीय है। हमारा हर तरह का सहयोग और समर्थन हमेशा आयोजन सामिति को रहेगा। इस स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों और आयोजन समिति को बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। वहीं, अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी, खेल प्रभारी राष्ट्रीय तैराक अमन कुमार जायसवाल, राष्ट्रीय तैराक पिंकी कुमारी, महासचिव सत्यपाल राउत, सक्रिय सदस्य विजय सिंह, गोविंदा कुमार, ब्रज किशोर प्रसाद, कमलेश पाहन, संदीप कुमार वर्मा, ओम प्रकाश कुमार, सुरेंद्र लोहार, नागेश्वर महतो, कृष्ण गोपाल भद्र पोप, ब्रजकिशोर प्रसाद, माघु करमाली, प्रदीप कुमार, निर्णायक मंडली के संजय राणा, बिट्टू बाबा, नागेश्वर सिंह, विजय रजवार, विवेक बेदिया, राजेश मुंडा, बबलू मुंडा, सोनू साहू, उमाकांत शुक्ला रोहित कपटदार, राहुल कपटदार, प्रदीप कुमार, अजीत कुमार, सोनू साहू आदि मौजूद रहे।

## नगड़ी में सड़क दुर्घटना, एक की मौत

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित केसारो सरना स्कूल के समीप मंगलवार की रात 8.45 बजे सड़क दुघर्टना में एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात पौने नौ बजे बुजुर्ग व्यक्ति नगरी से प्रेम नगर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह केसारो सरना स्कूल के पास पहुंचा



रांची की ओर से आ रही एक अज्ञात कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बुजुर्ग व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद कार रेज रफ्तार में गुमला की ओर भाग गयी। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना पाकर नगड़ी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गयी और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया।

## झारखंड शिवसेना के कार्यालय पहुंचे उज्जैन के नागा साधु



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** शिवसेना के झारखंड प्रमुख दीपक सिंह से उनके आवास गड़गांव चचगुरा स्थित कार्यालय में मंगलवार को उज्जैन महाकाल की नगरी से आए नागा साधुओं ने प्रयागराज में प्रत्येक 12 साल में लगने वाले महाकुंभ में आने का निमंत्रण दिया। नागा साधु ने शिवसेना झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह को आशीर्वाद देते हुए रामायण और महाभारत से मिलने वाले ज्ञान का वाचन कराया। इसके अलावा दीपक सिंह ने नागा साधुओं से कई धार्मिक ज्ञान का प्राप्त किए।

## किसानों के बीच गेंहू बीज का वितरण

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली लैंपस लिमिटेड की ओर से मंगलवार को 50 प्रतिशत अनुदान में गेहूं बीज प्रभेद एचडी -2967का वितरण विभिन्न पंचायत के 30 किसानों के बीच किया गया। गेहूं बीज पाकर किसान काफी उत्साहित थे। किसानों ने कहा कि अभी रबी फसल का समय है और सही समय में सरकार बीज मुहैया करा रही है, जो सराहनीय कदम है। वहीं, लैम्पस अध्यक्ष चरवा उराव ने कहा कि लैम्पस कार्यालय में किसानों के लिए गेहूं बीज उपलब्ध है। किसान यथाशीघ्र आकर बीज उठाव कर सकते हैं। बीज वितरण कार्यक्रम में लैम्पस के प्रबंधक गोयंदी उराईन, पड़हा राजा विशाल उरांव, कृष्ण गोप, जनसेवक महादेव लकड़ा, जूनस टुटी, ग्रामप्रधान राम प्रसाद लोहरा, वार्ड सदस्य मुन्नी उराईन, दिलीप उरांव, विधायक प्रतिनिधि बुधराम लोहरा, कांग्रेस के पंचायत मंडल प्रभारी भीम गोप मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं, किसान प्रफुल्ल लकड़ा, बसंत गोप, विकास महतो, विश्वनाथ लोहरा, लाखो उरांव, लोहरा महतो, माया मुंडा, विनोद गोप, महावीर महतो, चानी महतो और गोयंदा उरांव आदि थे।

## नगड़ी में स्वेटर और टोपी का वितरण

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** शांति उपेंद्र फाउंडेशन डेवलोपमेन्ट ऑफ इनीशिएटिव के तत्वावधान में नगड़ी प्रखंड अंतर्गत चिपरा-रोड के संदीपनि विधालय में नामांकित छात्र एवं छात्राओं को निःशुल्क स्वेटर, टोपी सहित स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया। विद्यालय के निदेशक संजय कुमार ने कहा कि सभी पिछड़े वर्ग को शिक्षा से जोड़कर ही हम देश एवं राष्ट्र का विकास कर सकते हैं। वहीं, प्राचार्य रूपा कुमारी ने बताया कि छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्वेटर और एक टोपी स्कूल ड्रेस के वितरण के लिए प्रोफेसर चंद्रभूषण शर्मा ने आर्थिक सहयोग किया है।

## सड़क हादसे में दो गंभीर

**इटकी (आजाद सिपाही)।** ब्राम्बे राज मार्ग पर मंगलवार को भारत गैस ऐजेंसी के निकट सड़क दुर्घटना में वाईक सवार छोटू उरांव और महादेव उरांव नामक दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये है। ग्रामीणों की मदद से दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पहुंच कर दुर्घटना ग्रस्त बाइक और एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। घायल युवक बारीडीह और दूसरा बुढ़ा खुखरा (मांडर) का रहने वाला है। दोनों बाईक पर सवार होकर तेज रफ्तार में बारीडीह गांव से इटकी मोड़ की ओर जा रहे थे।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** दिव्यांग रोजगार अधिकार मंच अनगड़ा एवं दिव्यांग एकता मंच ओरमांझी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को प्रखंड मैदान में तबरेज अंसारी की अध्यक्षता में विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों के बीच खेलकूद सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रमुख दीपा उरांव व विशिष्ट अतिथि उपप्रमुख जयपाल हजाम के अलावा बीडीओ जयपाल सोय भी मौजूद थे। बाद में प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी दिव्यांगजनों को पुरस्कृत किया गया। बीडीओ जयपाल सोय ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए सरकार की ओर से कई तरह की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका लाभ प्रत्येक दिव्यांग को देने की कोशिश की जाएगी। मौके पर दिव्यांग रोजगार अधिकार मंच के अध्यक्ष तबरेज अंसारी, लीला कुमारी, रामदयाल सिंह, एकता मंच के अध्यक्ष कलाम अंसारी, संजू कुमारी, सहनवाज अंसारी, कांग्रेस के शिवदास गोस्वामी, एतवा उरांव, राजेन्द्र मुंडा, छोटेलाल महतो, कुलेश्वर मुंडा, पूर्व जिप सदस्य रन्था महली, जिप सदस्य प्रतिनिधि रामसाय मुंडा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सरगुजा खेती के प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रामकृष्ण मिशन दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र रांची की ओर से मंगलवार को प्रखंड के सिरका मेढेटुंगरी गांव में सीएफएलडी खरीफ तेलहन कार्यक्रम के तहत सरगुजा खेती के प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। बतातें चलें कि प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में करीब 200 एकड़ भूमि पर उन्नत सरगुजा की खेती की गई है। इस अवसर पर विशेष रूप से सरगुजा की नई किस्म जीएनसी 29 का प्रदर्शन किया गया। इस किस्म को 33 एकड़ भूमि पर लगाया गया है जो अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण किसानों को बहुत पसंद आई। इसकी ऊंचाई 3 से 3.5 फीट, अधिक शाखाएं, पुष्ट दाने और अच्छी फूलों की गुणवत्ता ने किसानों को बेहद प्रभावित किया। इसके अलावा बुडमु प्रखंड के गेसवे गांव में 30 एकड़ और काके प्रखंड के बगदा गांव में 20 एकड़ पर सरगुजा की खेती सफलता पूर्वक की गई है। प्रशिक्षण और मार्गदर्शनः कार्यक्रम के दौरान किसानों को सरगुजा की खेती में कीट व रोग प्रबंधन, मधु पालन और नई किस्मों की जानकारी प्रदान की गई। दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, रांची के फसल वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार सिंह ने 31 सक्रिय किसानों और प्रधानों को प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने सरगुजा की नई किस्म की उत्कृष्ट उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता को लेकर संतोष और उत्साह व्यक्त किया।

## उप प्रमुख ने की रांची डीसी से मुलाकात



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के उप प्रमुख अफसाना प्रवीण ने मंगलवार को रांची डीसी मंजू नाथ भजंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रवीण ने नगड़ी प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न समास्याओं से अवगत कराया। डीसी ने प्रवीण की बातों को गंभीरता से सुना औक समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। सात ही डीसी ने प्रवीण से कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर उनसे आकर कभी भी मिल सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने अपने द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 9430328080 पर आम जनता को शिकायतों से संबंधित जानकारी ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने को कहा।

### खिजरी विधायक की जीत पर कांग्रेस ने निकाला विजय जुलूस

# जनता ने कांग्रेस व राजेश कच्छप पर जो विश्वास दिखाया है, उस पर हम खरा उतरेंगे : रमेश पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** झारखंड विधानसभा चुनाव में खिजरी से राजेश कच्छप ने जीत दर्ज कर दूसरी बार कांग्रेस विधायक बने हैं। इस खुशी में मंगलवार को नामकुम में भव्य विजय जुलूस निकाला गया। जिसका नेतृत्व रांची जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रमेश पांडेय ने किया। इस दौरान सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। जुलूस ने पूरे क्षेत्र में उत्साह और जोश का माहौल बनाया। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ नारेबाजी करते हुए जनता को कांग्रेस के प्रति उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। रमेश पांडेय ने कहा कि राजेश कच्छप की यह जीत जनता की आवाज




की जीत है। यह विकास और क्षेत्र के लोगों के लिए काम करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। खिजरी की जनता ने कांग्रेस पर जो विश्वास जताया है। हम उसके लिए आभारी है और आने वाले समय में इस विश्वास को कायम रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। जुलूस के दौरान कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर राजेश कच्छप के समर्थकों ने उन्हें ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी और उनके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास की उम्मीद जताई। बताते चलें कि राजेश कच्छप की जीत कांग्रेस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है और यह आने वाले चुनावों के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह और आत्मविश्वास भरने का काम करेगी। मौके पर दीपक राणा, विक्की सिंह, आत्मानंद पांडे, रामाशंकर तिवारी, बबलू मुंडा, अशोक मुंडा, श्याम मुंडा, रामकुमार यादव, सिकंदर ठाकुर, सीता मुंडा, सावित्री मुंडा, जिना मुंडा, रीना सांगा, रोशन ठाकुर, रामबाबू यादव, सुनील यादव, प्रेम प्रकाश सिंह, अखिलेश सिंह, अनिल यादव के साथ दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रभावितों ने सिकिदिरी स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना के प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही) ।** स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना से प्रभावित लोगों के विकास के लिए हेसातु के पूर्व मुखिया राजेश पहान के नेत्रत्व में मंगलवार को स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना प्रबंक से मिलकर छह सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना उच्च विद्यालय को मान्यता दिलाने के लिए आवशयक कार्रवाई करने, सिकिदिरी विद्युत परियोजना एक व दो के अधिग्रहित क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के उच्च शिक्षा के लिए दो बस सेवा की व्यवस्था करने, क्षेत्र के लोगों के वेहतर स्वास्थ्य के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं दवा वितरण की व्यवस्था करनो, सीएसफंड से प्रभावित क्षेत्र के लोगों का विकास, सिकिदिरी विद्युत परियोजना एक एवं दो में होने वाली मरम्मती एवं निर्माण कार्यों में स्थानीय संवेदकों को अवसर देने एवं खिलाड़ियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इस मौके पर मुखिया अनिता बरला, सावन बेदिया, नरेश, किशोर, दुरी, बिरसा, ललित, मनिनाथ,मुकेश गितू देवी एवं राज आदि उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद में 11 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म, हालत गंभीर

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में खेत से जबरन खींचकर कुछ दूरी पर ले जाकर 11 वर्षीय एक किशोरी से दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार की देर शाम की बताई जा रही है। इस बाबत पीड़िता की मां ने बताया कि बेटी घर में पढ़ाई कर रही थी। मां के कहने पर वह अपने पुराने घर के समीप स्थित खेत से धनियापत्ता तोड़ने गई थी। तभी गांव के ही एक युवक ने उसे खेत से खींच लिया और जबरन कुछ दूरी पर ले जाकर उसके सात दुष्कर्म किया। साथ ही धमकी भी दी कि अगर घर पर किसी को इसकी जानकारी दी तो अंजाम बुरा होगा। इसके बाद किशोरी घर लौट गयी। वह काफी डरी सहमी थी। देर रात जब उसे दर्द होने लगा तो उसने अपनी मां को पूरी वारदात बताया। कहा कि गांव के ही रवि कुमार ने उसके साथ गलत काम किया है। वह दर्द से रातभर तड़पती रही। इसके बाद मंगलवार की सुबह अपने परिजनों के साथ हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंची, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। उधर, घटना की सूचना पाकर हुसैनाबाद पुलिस अस्पताल पहुंची और किशोरी का फर्द ब्यान दर्ज किया है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय यादव ने बताया कि पीड़िता के ब्यान के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये छापामारी शुरू की गयी है। समाचार लिखे जाने तक उसके गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं है।

## हुसैनाबाद के राजद विधायक ने हरिहरगंज में निकाला विजय जुलूस

# जनता की उम्मीदों पर खरा उतरूंगा: संजय सिंह यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हुसैनाबाद विधानसभा सीट से मिली जीत के बाद से राजद विधायक संजय सिंह यादव का विजय जुलूस निकालने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को हरिहरगंज में भी विजय जुलूस निकाला गया। गाजे बाजे के साथ दुबटिया मोड़ एनएच 139 मुख्य मार्ग से शुरू हो कर जुलूस हरिहरगंज शहर पहुंची। जहां सैकड़ो कार्यकर्ता के साथ विधायक ने जुलूस में पैदल चलकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए जीत दिलाने के लिए आभार प्रकट किया। विधायक ने कहा कि जनता के उम्मीदों पर खरा उतरूंगा। इस दौरान विधायक ने झामुमो प्रखंड कार्यालय में भी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष अतहर हुसैन सहित कई कार्यकताओं ने इंडिया गठबंधन के विधायक संजय सिंह यादव को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। जुलूस में राजद जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान, प्रदेश सचिव रवि यादव, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, वरिष्ठ नेता बुधन सिंह यादव, रंजित पासवान, कुशवाहा संगीता, अशोक यादव, राजकुमार पासवान, विनय सिंह यादव, लखन यादव, महादेव यादव, विकास यादव, इंजीनियर संजय यादव, दीपक कुमार यादव, कमलेश यादव, समाजसेवी छोटेलाल गुप्ता, सतेंद्र भुइंया, उमा यादव, सतेंद्र यादव, प्रकाश यादव, कामाख्या नारायण सिंह, राज अल्ली, खुर्शिद अहमद, मदन पासवान, कृष्णा बैठा और नरेश रजवार आदि शामिल थे।


क्षेत्र और झामुमो कार्यालय में अभिवादन लेते विधायक व उपस्थित अन्य लोग।

# झारखंड स्कॉय मार्शल आर्ट टीम का चयन, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लेगी भाग

**रांची (आजाद सिपाही)।** चंडीगढ़ के पंचकुला स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में सात से नौ दिसंबर तक स्कॉय फेडरेशन ऑफ इंडिया और स्कॉय एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने जा रही 24वीं कैडेट, सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय स्कॉय प्रतियोगिता के लिए झारखंड स्कॉय टीम का चयन किया गया। चयनित झारखंड टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पांच दिसंबर को रांची से प्रस्थान करेगी। इस टीम में विभिन्न वर्गों के उत्कृष्ट खिलाड़ी चुमकी मुर्मू, खुकुमनी टुडू, चंपावती सोरेन, अनुपमा टुडू, ललिता बास्के, सबिता मुर्मू, नमिता सिंह, सीता रानी मुर्मू, सोनाली हेंब्रम, आंचल तिर्की, नीतू केरकेट्टा, एलिन डांग, अमायरा सिंह, अनाया सिंह, अतुल किरो, रोजलिन टोप्पो, अनीषा कुमारी, सूरज बड़ाइक, अकय टोप्पो, दयाराम मेहर, उमंग कुमार, सौभाग्य सिद्धार्थ, रिशु राज, मनीष कुमार, अजीत कुमार, साहिल लोहरा, विक्की कुमार, कृष्णा कुमार, मानविक सिंह, आयुष कुमार, स्वरित सिंह, शिवांश सिंह और शशि शेखर शामिल हैं। झारखंड टीम के चयनित खिलाड़ियों को स्कॉय एसोसिएशन ऑफ झारखंड के डॉ राजेश गुप्ता, वेदांत कौस्तव, नीतीश सिंह, सुमित वर्मन, परवाज खान, मो आमिर, रफिया नाज, रोहित यादव, नीरज वर्मा, ज्योत्सना केरकेट्टा, कीर्ति कुमार, अभिषेक झा, अंशुतोष कुमार, प्रशांत पाठक और अभिषेक शुक्ला आदि ने बधाई दी है। टीम को शुभकामनाएं देते हुए पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के स्कॉय मार्शल आर्ट कौशल को निखारने और राज्य का नाम रोशन करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगी।

# महावीर प्रसाद पांडेय एक विचारधारा का नाम: संजय


विश्रामपुर के महान विभूति महावीर प्रसाद पांडेय की मनाई गई 14वीं पुण्यतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर के महान विभूति महावीर प्रसाद पांडेय की 14 वीं पुण्यतिथि मंगलवार को मनाई गई। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्य कार्यक्रम जनता उच्च विद्यालय में हुआ। जहां सबसे पहले विद्यालय परिसर में स्थापित महावीर प्रसाद पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अतिथियों ने नमन किया। इस अवसर पर स्व. पांडेय के छोटे पुत्र सह सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि उनके पिता का सपना था कि विश्रामपुर शिक्षित और विकसित हो। इसके लिए उन्होंने जनता उच्च विद्यालय, जमुना देवी परियोजना कन्या उच्च विद्यालय सहित कई विद्यालयों की स्थापना की। इसके लिए कई एक-ड़ जमीन दान किया। संजय पांडेय ने कहा कि महावीर प्रसाद पांडेय व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। वहीं, प्राचार्य भोला राय ने स्व महावीर प्रसाद पांडेय के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। यमुना देवी कन्या उच्च विद्यालय में भी स्व पांडेय को नमन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने महावीर प्रसाद पांडेय के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, प्राचार्य सरिता देवी, नीरज देवी, प्रमोद पाठक, अवध बिहारी तिवारी, प्रभव मिश्रा, प्रो अरुण कुमार सिंह, अनिल गुप्ता, जारद हुसैन, अमित कुमार, अनीश चोपड़ा, इरफान साजिद, लाल साहब, हीरा लाल प्रसाद, अरुण कुमार, नीतिक कुमार, प्रतिमा तोपों, इंदु कुमारी, लालो राम, दुर्गावती देवी, छात्रा रश्मि कुमारी, स्नेहा कुमारी, सुजाता कुमारी, रिया कुमारी, नेहा कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# पंसस की बैठक में 21 विभागों की समीक्षा

## लाभुक से 10 हजार रुपये लेने की भी हुई पुष्टि


आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर/पलामू।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक हुई। जिसमें कुल 21 विभागों की समीक्षा की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख गायत्री देवी व उप प्रमुख सुनिल सिंह ने की। बैठक में बीडीओ प्रदीप कुमार दास, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार, प्रखंड प्रोग्राम पदाधिकारी बैभव कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी प्रमोद जायसवाल, प्रखंड समन्वयक बिरबल कुमार मौजूद थे। इस दौरान विकास कार्यों की समीक्षा के साथ ही विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट के बारे में जानकारी ली गयी। इ दौरान मुख्य रूप से अबुआ आवास, बालू, जमीन रसिद, जमिन सुधार में घूस लेने देन के मामले में पंसस लालजी चौधरी ने बताया कि सभी मामले में लेन देन का मामला मुख्य रूप से चल रहा है। वहीं, सेमरा पंचायत के बलहिया गांव में अबुआ आवास की लाभार्थी से 10 हजार रुपये घूस लेकर 30 हजार रुपये डालने के मामले में दैनिक अखबार में प्रकाशित मामले में प्रखंड समन्वयक पदाधिकारी ने बताया की जांच की हुई है। आरोप सही है। अग्रतर कार्रवाई के लिए टीम गठित की गई है। कार्रवाई सुनिश्चित होगी। वहीं आवास के संबंध में ग्राम सभा से आए योग्य व अयोग्य लिस्ट को सार्वजनिक करने की मांग की गई। बताया गया कि गेहूं हरेक पंचायत में 7.5 क्विंटल 50 फीसदी अनुदान राशि पर उपलब्ध है। प्रति बैग 40 किलोग्राम का 850 रुपये में उपलब्ध है। खाद्य सुरक्षा के लिए एक टीम गठित कर खाद्यान्न जांच करने का फैसला लिया गया है। वहीं, पंचायत समिति ने बताया कि डीलर द्वारा 4.5 प्रती यूनिट का विरोध करने पर डिलर बताते हैं कि प्रखंड से कम आपूर्ति होती है। इस पर बीडीओ ने कहा कि अबुआ आवास लाभार्थी को ठीक से जांच कर लाभावित किया जाएगा।

# 17वीं स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप 13 से

**रांची (आजाद सिपाही)।** 17वीं स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप 13 से लेकर 19 दिसंबर तक बरियातू स्थित गेमर्स गेराज क्लब में आयोजित होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट डॉक्टर मोहम्मद जाकिर के जन्मदिन पर विगत 17 वर्षों से आयोजित होते आ रहा है। टूर्नामेंट में मास्टर स्नूकर 15 रेड्स, मास्टर स्नूकर 6 रेड्स, मिनी स्नूकर 15 रेड्स, मिनी स्नूकर, 6 रेड्स और 9 बॉल्स के इवेंट्स होंगे। जेड स्नूकर एवं पूल चैंपियनशिप में झारखंड के विभिन्न जिलों एवं बिहार और ओडिशा के खिलाड़ी भाग लेते हैं। विजेताओं एवं उपविजेताओं को नकद राशि, ट्राफी एवं क्लब की सदस्यता दी जाएगी। इच्छुक खिलाड़ी राहुल सिंह (9262728999), यश किंगर (9155088000), इंद्रजीत (9341316833) से संपर्क कर टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।



झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
उद्यान निदेशालय, झारखण्ड
कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला
संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला–835207

अति अल्पकालीन आम–सूचना

विभागीय राज्यादेश सं0– 42 दिनांक 24.07.2024 उद्यान विकास योजना अन्तर्गत उपयोजना "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" के तहत गुमला शहर एवं उससे आस–पास के सटे हुए शहरों में बसे हुए परिवार के घरों के निकट खाली पड़े छोटे भू–खण्ड, सरकारी परिसर जहाँ स्थान उपलब्ध हो एवं Terrace gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों की खेती हेतु बीज, फुलों एवं फलों तथा साज–सज्जा के पौधे एवं उपादान का क्रय हेतु स्थानीय Service Provider/ Nursery का चयन एवं समानों का दर निर्धारण हेतु कोटेशन दिनांक 09.12.2024 तक आमंत्रित किया जाता है। क्रय की जानी वाली विभिन्न प्रकार के बीज/फूलों एवं फलों तथा साज–सज्जा से संबंधित पौधे एवं उपदान का विवरण कार्यालय अवधि में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

नोट :– 1. Service Provider/ Nursery चयन हेतु अद्यतन GST संबंधी कागजात संलग्न करना होगा जो झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत संस्थान के नाम से निर्गत हो।
2. आयकर पैन कार्ड की प्रति संलग्न करना होगा।
3. संस्थान का बैंक विवरणी एवं निरस्त चेक की प्रति संलग्न करना है।
4. विशेष जानकारी हेतु जिला उद्यान कार्यालय– गुमला से संम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला

PR 341052 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)24-25*D

# तोलरा के दो घरों में ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव में सोमवार की रात दो घरों में ताला तोड़कर लाखों रुपये की चोरी की घटना सामने आयी है। पहली घटना में तोलरा गांव निवासी रविरंजन तिवारी ने बताया कि वे घर में ही सोए थे। रात में ताला तोड़कर चोर सात लाख रुपये के सोने के गहने और एक लाख रुपए नकद चोरी कर फरार हो गये। मंगलवार अहले सुबह उठे तो ताला टूटा और सामान गायब पाया। दूसरी घटना सेवानिवृत रेलकर्मी नागेंद्र चंद्रवंशी के घर में हुई। उनका एक नया घर बेलचांपा में बना है, जिसका गृह प्रवेश था। वे लोग रात में वहीं रूक गये। सुबह आकर देखा तो घर से सोने-चांदी के आभूषण सहित 32 लाख रुप.ये मूल्य की चोरी हो गयी है।

# हुसैनाबाद राजकीय मध्य विद्यालय में मनायी गयी डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों व बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान डॉ राजेंद्र प्रसाद के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरीय शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने किया। शिक्षक सुषमा पांडे, जुबेर अंसारी, राजेश कुमार गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, पुष्पा कुमारी व रश्मि प्रकाश आदि ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद एक ऐसे महान पुरुष का नाम है जिनका नाम इतिहास के पन्नों में अंकित है। बिहार के गांधी के नाम से मशहूर डॉ राजेंद्र प्रसाद मेधावी छात्र थे। उन्होंने अपने जीवन में जितनी बार भी परीक्षाएं दी सभी में प्रथम श्रेणी से पास किया। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# रोटरी स्कूल प्रबंधन ने रिया वर्मा को किया सम्मानित



**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर नगर निगम स्थित रोटरी स्कूल प्रबंधन ने 69 वीं बीपीएससी में 22वां रैंक प्राप्त करने वाली रिया वर्मा को अंग वस्त्र, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विदित हो कि रिया वर्मा इसी विद्यालय में 6 वर्षों से पढ़ाई कर वर्ष 2014 में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा अच्छे अंको से उत्तीर्ण की थी। अपने विद्यार्थी जीवन में हाउस कैप्टन के साथ ही हेड गर्ल की भूमिका भी निबाया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष रो अनुग्रह नारायण शर्मा ने बताया कि रिया प्रारंभ से ही परिश्रमी थी जिस कारण आज एक अफसर बिटिया के रूप में दिख रही है। रोटरी परिवार हमेशा उसके परिवार के साथ है। वहीं, प्राचार्य अश्लेष पांडेय ने कहा कि रिया वर्ग पांचवीं से 10वीं तक की पढ़ाई इसी विद्यालय से की है। उसमें नेतृत्व का गुण शुरू से ही था। जो जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। आज रिया ने अपनी कामयाबी से समाज में अपनी पहचान बनाई है। बतातें चलें कि रिया बिहार में सब इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुई थी पर वह आगे बढ़ते हुए 69वीं बीपीएससी संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में 22वां रैंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। इससे पूर्व प्रातः कालीन सभा में प्राचार्य ने देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन एवं उनके किए गए कार्यों के बारे में अवगत कराया। मौके पर उप प्राचार्य सत्येंद्र प्रसाद, पार्षद पूनम कुमारी, नम्रता पांडे, सुषमा अग्रवाल, हर्ष बाला आदि मौजूद थे।

## तकनीकी पदाधिकारियों के साथ डीसी ने की समीक्षा बैठक

# योजनाओं को गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में ही पूरा करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



### बिजली बिल माफी की ली जानकारी

डीसी ने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान इलेक्ट्रिकल सब स्टेशन व वितरण की जानकारी ली। साथ ही बिजली बिल माफी का स्टेटस से भी अवगत हुई। उन्होंने कार्यपालक अभियंता से समय पर जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने की बात कही। इसी तरह उन्होंने पेयजल विभाग की ओर से संचालित योजनाओं को तय समय पर पूरा करने को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने नया शौचालय निर्माण की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए लाइब्रेरी निर्माण से भी अवगत हुए।

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में तकनीकी विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विभागवार चल रही योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिया। लगे हाथ बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर की। उन्होंने बारी-बारी से विद्युत विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग,पथ निर्माण, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, भवन निर्माण, जल पथ प्रमंडल विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा कर कई निर्देश दिये। इस दौरान विभिन्न विभागों की तरफ से भूमि उपलब्धता से जुड़ी अड़चनों को लेकर कार्य प्रारंभ नहीं होने का मामला उठाया गया। इस पर डीसी ने ऐसे सभी अभियंताओं से कहा कि जमीन से जुड़ी समस्या को लेकर पूरी रिपोर्ट के साथ पांच दिसंबर को सभागार में होने वाली बैठक में शामिल होना सुनिश्चित करें, ताकि संबंधित सीओ साथ बैठक कर जमीन से जुड़ी समस्या को समाप्त कर कार्य प्रारंभ किया जा सके। समीक्षा बैठक में कई स्थानों पर जर्जर बिल्डिंग रहने का मामला भी प्रकाश में आया। इस पर डीसी ने सभी से कहा कि ऐसे सभी जर्जर भवनों की सूची बनाकर डीडीसी को सौंपे, ताकि डीआरडीए निदेशक की अध्यक्षता में एक टीम गठित कर ऐसे सभी कंडम बिल्डिंग पर उचित निर्णय लिया जा सके। उन्होंने डीडीसी को जिला परिषद से जेसीबी क्रय करने की बात कही। कहा कि जिला परिषद इतना बड़ी शाखा है, जहां जेसीबी की जरूरी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि जर्जर भवन को तोड़ने में जेसीबी को उपयोगिता में लाया जाये। जेसीबी को आमजनों के लिए किराया पर देने की भी योजना बनाया जाये, ताकि किराये से ही जेसीबी के ऑपरेटरों का खर्च वहन किया जा सके। मौके पर डीडीसी शब्बीर अहमद समेत विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित रहे।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –18/2024–25

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय | :– | 10.12.2024 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय | :– | 11.12.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 11.12.2024 को अपराह्न 3.30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान:– | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यो की विवरणी | :– | |

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Seepage repair & Renovation of toilet and bath room, improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 1st floor Short Lobby Boy's Hostel No-2, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1413432.00 | 29000.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 2. | Seepage repair & Renovation of toilet and bath room, improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 1st floor Short Lobby Boy's Hostel No-3, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1414705.00 | 29000.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 3. | Seepage repair & Renovation of toilet and bath room, improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 1st floor Boy's Hostel No-4, Block-B, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1452832.00 | 30000.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 4. | Seepage repair and Renovation of toilet and bath room & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 1st floor Long Lobby Boy's Hostel No-3, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1576955.00 | 32000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 5. | Seepage repair & Renovation of toilet and bath room, improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 2nd floor Short Lobby Boy's Hostel No-3, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1660969.00 | 34000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 6. | Seepage repair & Renovation of toilet and bath room, improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at Block-A, Ground floor Boy's Hostel No-4, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1693402.00 | 34000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 7. | Renovation of toilet and bath room & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 2nd floor (Right Side) Girl's Hostel No-5, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1751505.00 | 36000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 8. | Renovation of toilet and bath room & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 2nd floor (Left Side) Girl's Hostel No-5, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1751505.00 | 36000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 9. | Seepage repair and Renovation of toilet and bath room & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at Ground floor Long Lobby Boy's Hostel No-2, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1853675.00 | 38000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 10. | Seepage repair & Renovation of toilet and bath room & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 2nd floor Boy's Hostel No-4, Block-B, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 2016834.00 | 41000.00 | 5000.00 | 30 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 341065 (Drinking Water and Sanitation)24-25*D

## 26 दिसंबर को विस्थापितों का विशाल सेमिनार आयोजित कर व्यापक आंदोलन की बनायी जायेगी रणनीति

# बेरमो कोयलांचल में सीसीएल के तीनों क्षेत्रों में छह जनवरी से बेमियादी चक्का जाम की घोषणा

### विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति ने बैठक कर फूंका आंदोलन का बिगुल

आजाद सिपाही संवाददाता



बैठक कर बेमिनादी आंदोलन की रणनीति बनाते विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति के सदस्य।

**करगली/बेरमो।** विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति की बैठक मंगलवार को करगली में हुई। जिसमें कई मुद्दों की चर्चा करते हुआ लगातार आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक महान स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस और देश के प्रथम राष्ट्रपति 'भारतरत्न' डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर सम्मान प्रकट करने के साथ शुरू हुआ। वक्ताओं ने केंद्रीय कोयला मंत्रालय की ओर से कोयला धारक क्षेत्र के 'अधिग्रहण और विकास' संशोधन विधेयक, 2024 के मसौदे पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि सीबी एक्ट में संशोधन कर विस्थापितों के अधिकारों पर तुषारापात करने की योजना बनाई जा रही है। इस संशोधन के खिलाफ कोयला मंत्रालय और प्रधानमंत्री को आपति पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन द्वारा विस्थापितों के साथ लगातार वादाखिलाफी किये जाने से उनमें आक्रोश व्याप्त है। सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर नव वर्ष में छह जनवरी 2025 से बेरमो कोयलांचल में स्थित सीसीएल के तीनों क्षेत्रों का अनिश्चितकालीन चक्काजाम आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व 26 दिसंबर को करगली महिला मंडल में विस्थापितों का विशाल सेमिनार कर व्यापक आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। नेताओं ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन विस्थापितों की समस्याओं के प्रति थोड़ा भी गंभीर है, तो वह विस्थापितों का बकाया नौकरी अविलंब दें और वर्तमान बाजार दर के चार गुणा की दर से मुआवजा का भुगतान करें। वक्ताओं ने विस्थापित परिवारों के साथ हो रही ज्यादतियों को प्रमाणित करते हुए कहा कि सीसीएल यहां के भू विस्थापितों को आउटसोर्स में भी रोजगार देने के लिए तैयार नहीं है। रेलवे रैक में पेलोडर से लोडिंग बंदकर मैनुअल लोडिंग चालू करने की मांग को जायज ठहराते हुए कहा कि ठेकेदार के एक पेलोडर ने हजारों लोगों का रोजगार छीन लिया है। रेलवे रैक लोडिंग में पेलोडर बंदकर हैंड लोडिंग चालू करें तो हजारों लोगों को रोजगार उपलब्ध हो जाएगा। लेकिन प्रबंधन और कोयला माफिया अपनी लूट को बरकरार बनाये रखने के लिए मैनुअल लोडिंग चालू नहीं होने देना चाहते हैं। रेलवे रैक लोडिंग में बड़ा घोटाला और बड़ी लूट जारी है। ठेकेदार अधिकारी और रंगबाज सभी आपस में घोटाले के रुपऐ का बंदरबांट करते हैं। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष लखनलाल महतो और संचालन महासचिव काशीनाथ केवट नें किया। वहीं, बैठक में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष विनोद महतो, लालमोहन यादव, अशोक महतो, कैलाश महतो, त्रिलोकी सिंह, लालमोहन महतो, चुनिलाल केवट, मंटू गिरी और राजेश गुप्ता आदि ने भी अपने-अनपे विचार रखे।

# विद्यालयों में संसाधनों और शिक्षकों की कमी को पूरा किया जायेगा: जयराम महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** डुमरी विधायक जयराम महतो क्षेत्र के विभिन्न स्कूल कॉलेजों का निरीक्षण कर पठन पाठन से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही शिक्षकों को विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण एवं अनुशासन बनाये रखने को कहा। लगे हाथ विद्यालय में संसाधनों एवं शिक्षकों की कमी को पूरा करने का हर संभव प्रयास करने का भरोसा भी दिया। विधायक ने प्लस टू एसएसकेबी डुमरी एवं बेसिक स्कूल पहुंचे। यहां उनका शिक्षकों ने स्वागत किया। वहीं, विधायक ने भी विद्यार्थियों से अपनी पढ़ाई अनुशासनात्मक व गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने की नसीहत दी। कहा कि शिक्षा से मनुष्य अपने हक अधिकारों को जानता है, उचित अनुचित की समझ आता है। केबी उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पंकज प्रसाद सिंह ने विद्यालय में कमरे, शिक्षक एवं बेंच डेस्क की कमी से विधायक को अवगत कराया। इस पर उन्होंने आश्वस्त किया कि शिक्षण व्यवस्था में सुधार की दिशा में उनका विशेष फोकस है। इस दौरान शिक्षक फारूख अंसारी, गिरधारी महतो, देव मेहता, अन्नपुर्णा कुमारी, अपर्णा बास्के, एसएमडीसी के अध्यक्ष राजेन्द्र महतो, सदस्य जगरनाथ ठाकुर आदि उपस्थित थे। इसके बाद विधायक बेसिक स्कूल पहुंचे। यहां स्कूल के सभी सहायक अध्यापकों ने विद्यालय में व्याप्त कमी की जानकारी देते हुए कम से कम एक सरकारी शिक्षक की पदस्थापना कराने का अनुरोध किया। वहीं, स्कूल की बाउंड्री ऊंचा कराने का आग्रह किया। विधायक ने मांगों पर पहल करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिवाकर महतो, प्रदीप कुमार, सीताराम महतो, प्रेमचन्द महतो, सुरेशचन्द्र रजक, प्रमोद कुमार, संजीत कुमार, वीणा कुमारी, एसएमसी अध्यक्ष राकेश कुमार आदि उपस्थित थे। इसके बाद विधायक असुबांध प्लस टु उच्च विद्यालय भी गये। वहां, शिक्षक त्रिवेणी महतो, राजेन्द्र महतो, मुख्तार आलम, संदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

## भाकपा-माले ने टुंडू में मनायी कॉमरेड राम प्रवेश सिंह की प्रथम पुण्यतिथि



**महुदा (आजाद सिपाही)।** टुंडू स्थित हिंदुस्तान जिंक कॉलोनी में मंगलवार को कॉमरेड राम प्रवेश सिंह की प्रथम पुण्यतिथि उनके आवास में मनाई गई। इस दौरान उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। उपस्थित लोगों ने याद करते हुए कहा कि कॉमरेड राम प्रवेश सिंह गरीब सूचित और जरूरतमंदों की आवाज हमेशा बुलंद करते रहते थे। उनके लिए हमेशा आंदोलन करने के लिए तैयार रहते थे। इस मौके पर बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, भाकपा माले के पोलिट ब्योरो सदस्य कॉमरेड हलधर महतो, सुनील महतो, नकुल महतो, दीप नारायण भट्टाचार्या, वरीय अधिवक्ता, पप्पू सिंह, संजीव मिश्रा, पुरन महतो, बिनोद सिंह, शेख रहीम, ठाकुर महतो, रॉबिन महतो, प्रकाश कुमार, याकूब अंसारी, भैरव महतो, रामाशीष यादव, दिलीप महतो, धर्मेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, झारखंड आंदोलनकारी दयाल महतो, साधु मंडल, संदीप मिश्रा आदि ने उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने गरीबों और मजदूरों के बीच कंबल का वितरण किया।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे बर्बरता के खिलाफ प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे बर्बरता के खिलाफ मंगलवार को हिंदू राष्ट्र समन्वय समिति की ओर से रणधीर वर्मा चौक पर धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि भारत सरकार हिंदुओं को सुरक्षा देने के लिए बांग्लादेश की सरकार पर दबाव बनाये। वहां हिन्दुओं के साथ हो रहे अमानवीय कृत की निंदा करें। बांग्लादेश को स्मरण दिलाए कि वह लियाकत नेहरू पैक्ट मानने को बाध्य है। बांग्लादेश को चेतावनी दे कि उसे भारत ने ही बनाया है। जो हिंदू भारत आना चाहते हैं उनको आने दें। बांग्लादेश में अन्यायपूर्ण गिरफ्तार स्वामी चिन्मय कृष्णवास ब्रह्मचारी को तत्काल मुक्त किया जाए।

## मनायी गयी 'भारत रत्न' डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती, बिरंची नारायण ने किया नमन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आजाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति 'भारत रत्न' डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मंगलवार को जगह-जगह शांति व सद्भाव के साथ मनायी। इस दौरान बोकारो जिले में जगह-जगह 'भारत रत्न' डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा और चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इसी क्रम में बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने भी 'भारत रत्न' डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। लोगों से उनके बताये मार्ग का अनुशरण करने को कहा। पूर्व विधायक ने कहा कि 'भारत रत्न' डॉ राजेंद्र प्रसाद के दिखाये मार्गो पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



### बोकारो स्टील प्लांट में दी गयी श्रद्धांजलि

भारत के प्रथम राष्ट्रपति 'भारत रत्न' डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर मंगलवार को इस्पात भवन के समीपस्थ स्वर्गीय डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक-प्रभारी (मानव संसाधन), अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन), राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीबी करुणामय (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जीवन से प्रेरणा लेकर हम अपने समाज एवं देश को आगे ले जा सकते हैं।

## राजेंद्र बालिका विद्यालय में याद किये गये डॉ राजेंद्र प्रसाद और खुदीराम बोस

**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास गढ़ स्थित राजेंद्र बालिका उच्च विद्यालय में मंगलवार को भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद एवं शहीद खुदीराम बोस की जयंती मनाई गई। इस दौरान राजेंद्र प्रसाद और खुदीराम बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। विद्यालय के सचिव उत्तम मुखर्जी ने विधार्थियो के बीच राजेंद्र प्रसाद से जुड़ी बातें बताई और उन्हें नमन किया। वहीं, विद्यालय प्राचार्या सुमन मिश्रा ने छात्राओं के बीच उनके द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों के बारे में बताया। इस मौके पर राजेंद्र आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, मातादीन अग्रवाल, दीपाली खातून, स्नेहलता पाण्डेय, वीणा पाण्डेय, अजीत कुमार, दीपा हजारी, सुमित चंद्रा सौमित्र आदि मौजूद थे।

## बंटी उरांव ने योगेंद्र प्रसाद को दी जीत की बधाई

**आइइएल (आजाद सिपाही)।** झामुमो के गोमिया प्रखंड सचिव बंटी उरांव ने अपने समर्थकों के साथ गोमिया के नव निर्वाचित विधायक योगेन्द्र प्रसाद के आवास मुरुबंदा पहुंच कर मंगलवार को एतिहासिक जीत पर बुके देकर बधाई दी। बंटी उरांव ने कहा कि गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद एक ऊजार्वान एवं संघर्षशील व्यक्ति हैं। उनके नेतृत्व में गोमिया विधानसभा क्षेत्र में सर्वांगीण विकास तेज गति से होगा। इस मौके पर सुरेश राम, शंकर रविदास, रविन्द्र रविदास, कैलाश रविदास, बबलू रविदास राजू रविदास आदि उपस्थित थे।

## श्रीमद्भागवत कथा शुरू होने से पहले निकाली गयी कलश भव्य यात्रा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** हाउसिंग कॉलोनी वासियों की ओरर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन मंगलवार को धूमधाम से भव्य कलश यात्रा निकाली। श्रद्धांलु नगर भ्रमण करते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंचे। कथा के पहले दिन भागवत कथा के महत्म पर प्रकाश डालते हुए कथा व्यास महंत राजीव लोचन शरण पीठाधीश्वर श्री सदगुरु बधाई भवन, अयोध्या ने बताया कि कलयुग में भक्तों को मुक्ति का मार्ग केवल भगवत नाम, संकीर्तन व भागवत कथा है। जो सज्जन सच्चे मन से कथा का श्रवण करते हैं उनके जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते है। पुण्यात्मा तो कथा श्रवण कर मुक्ति पाते ही है, लेकिन बुरे कर्म करने वाले के नाम से संकल्प करने वालों की सात पीढ़ी तक का उद्धार हो जाता है। इस मौके पर समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, सोनी सिंह, विवेक सिन्हा, अविनाश पांडेय, आरके शाही, कार्तिकेय गौतम, मनीष रंजन, राहुल, पवन कुमार, मुख्य यजमान आरके सिंह और उनकी पत्नी के अलावा हाउसिंग कॉलोनी और धनबाद जिला के हजारों भक्तों ने कथा श्रवण कर कथा व्यास महंत राजीव लोचन शरण का आशीर्वाद लिया।

## जैनामोड़ में डीटीओ ने चलाया जांच अभियान

**बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह थाना अंतर्गत जैनामोड़ फोरलेन चौक-फुसरो रोड के समीप सोमवार की देर रात बोकारो जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने सघन जांच अभियान लगाया। इसी क्रम में जैनामोड़ फोरलेन चौक फुसरो रोड के समीप देर रात आयरन स्टोन ओवर लोडिंग चार हाइवा डीटीओ ने पकड़ कर जरीडीह थाना भेज दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि लगातार मिल रही ओवरलोड की शिकायत को लेकर थाना क्षेत्र में जांच की गयी है। जहां ओवरलोड व तेज रफ्तार से चलाने वाली गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया हैं। वहीं 60 गाड़ियों को चेक किया गया, जिसमें 25 गाड़ियां बिना कागज के मिली, जिनका ऑनलाइन चालान किया गया। 10 गाड़ियों का सीजर से 2.50 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा एक जेसीबी व एक पैसेंजर वाहन को भी पकड़ा गया है। मौके पर जरिडीह पुलिस दल बल के साथ मौजूद थे।

## बीडीओ ने विभिन्न योजनाओं को लेकर की समीक्षा बैठक

**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बीडीओ महादेव कुमार महतो ने क्षेत्र के सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवकों के साथ बैठक की। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र में चल रही सभी योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में अबुआ आवास, मनरेगा एवं मईया सम्मान योजना से संबंधित कार्यों पर पंचायत के संबंधित मुखिया एवं पंचायत सचिव से विस्तृत जानकारी लेने के साथ ही कई जरूरी निर्देश भी दिया। बीडीओ ने पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत सचिवो को कार्य में तेजी लाने का सख्त निर्देश भी दिया। बताया कि अबुआ आवास, मंईयां सम्मान योजना और मनरेगा आदि योजनाओं को लेकर बैठक की गयी है।

## दिव्यांग महिलाओं की पहचान व अधिकार को लेकर जागरूकता जरूरी है : कल्याणी सागर

### विश्व दिव्यांग दिवस पर स्वंयसेवी संस्था ने आयोजित किया कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**जैनामोड़/बेरमो।** विश्व दिव्यांगजन दिवस पर मंगलवार को दिव्यांग महिलाओं की पहचान और उनके अधिकार से जुड़े मुद्दे को लेकर स्वयंसेवी संस्था सहयोगिनी की ओर से बहादुरपुर स्थित सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जरीडीह प्रखंड, कसमार, पेटरवार एवं चास की 60 दिव्यांग महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर संस्था सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने अपने संबोधन में कहा कि 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक जिला के विभिन्न क्षेत्रों में 16 दिवसीय जागरूकता अभियान का चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत दिव्यांग महिलाओं पर हो रही हिंसा, अत्याचार, बलाकार, आर्थिक, मानसिक, सामाजिक प्रताड़ना से मुक्त कराने की जानकारियां दी जाएगी। साथ ही प्रताड़ित दिव्यांग महिलाओं को संस्था की ओर से मदद भी की जाएगी। इस अवसर पर दिव्यांग महिलाओं के अधिकार और उनकी पहचान के विषय पर भी जानकारी दी गई। साथ ही दिव्यांग महिलाओं के संगठन का निर्माण करने को लेकर भी चर्चा की गयी। वहीं, रिसोर्स पर्सन एसबी पांडे ने कहा कि सरकारी एवं गैर सरकारी स्तर पर दिव्यांगों के विकास के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसका लाभ सभी दिव्यांग उठा सकते है। इस संबंध में निचले स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम चलाने की जरूरत है। दूसरी ओर, सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि जेंडर आधारित हिंसा महिला दिव्यांग व्यक्तियों के लिए तब और जटिल हो जाती है जब इसमें जेंडर, जाति, दिव्यांगता और अक्सर सामाजिक-आर्थिक स्थिति या सांस्कृतिक हाशिए की जटिलता जुड़ जाती है। सहयोगिनी की कोऑर्डिनेटर कुमारी किरण ने कहा कि नारीवादी आंदोलन समावेशी बनने के अपने प्रयास में दिव्यांगता न्याय के प्रश्न से जूझ रहा है। अभी भी चैरिटी मॉडल पर केंद्रित है। सामाजिक कार्यकर्ता सूरजमानी देवी ने कहा कि दिव्यांग महिलाओं के जेंडर आधारित और विकलांगता विरोधी हिंसा का सामना करने का खतरा कहीं अधिक है, फिर भी हमारे पास दिव्यांगता-केंद्रित प्रतिक्रियाओं की पर्याप्त कमी है। इस मौके पर अनिल कुमार हेंब्रम, विनीता देवी, रवि कुमार राय, संगीता देवी, प्रतिमा सिंह, सोनी कुमारी, अभय कुमार सिंह, बिंदु देवी, अनवरी खातून, रितिका कुमारी, मनीष शर्मा, जी स्वामी, सनी कुमार और प्रकाश महतो आदि उपस्थित थे।

## वाहन जांच कर वसूला 2.23 लाख जुर्माना

**कसमार/जरीडीह (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन विभाग की ओर से सोमवार की रात जैनामोड़ इलाके में वाहन जांच अभियान चलाकर 13 वाहनों से 2.23 लाख रुपये का जूर्माना वसूल किया गया।

**कार्यालय नगर परिषद रामगढ़।**

**अति–अल्पकालिन दर आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय अंतर्गत Park में विभिन्न उपकरणों का क्रय उपयोग हेतु किया जाना है। इच्छुक संवेदक/आपूर्तिकर्त्ता जो इस कार्य को करने में इच्छा रखते हो वे दिनांक– 10.12.2024 को अपराह्न 04:00 बजे तक अपना दर कार्यालय में जमा कर सकते हैं। जिसकी विवरणी निम्नलिखित है:–

| क्र0स0 | सामग्री की नाम | दर/प्रति एक अदद |
|---|---|---|
| 1 | Inflatable Bull Ride Pad (16x16ft) | 01 |
| 2 | Inflatable Bouncy (9x12) with Blower machine 2hp | 01 |
| 3 | Trampoline (14ft) | 01 |
| 4 | Inflatable Mountain Bouncy (20x20ft) with blower machine 3hp | 01 |
| 5 | Giraffe statue (6ft) eco friendly material | 01 |
| 6 | Zebra Statue (5ft) eco friendly material | 01 |
| 7 | See Saw ms pvc coated (6.1*1*2Ft) | 02 |
| 8 | Cirular Swing Jhula ms pvc coated 7*4.6*7ft | 02 |
| 9 | Garden Swing 2 seater ms pvc coated 10*5.6*8Ft | 01 |
| 10 | Bull ride starter machine box with 2 controller | 01 |
| 11 | Digital automatic tyre inflator stand design | 01 set |
| 12 | 3hp air compressor double piston, tank storage capacity 100L with branded motor | 01 set |

अन्य शर्ते :–
- कार्य करने हेतु अग्रिम राशि देय नहीं होगा।
- कार्य संतोषजनक रहने के उपरांत ही भुगतान किया जाएगा।
- ट्रांसपोर्टेशन चार्ज देय नहीं होगा।
- सामान्य दर होने के स्थिति में एक से अधिक फर्म/एजेन्सी/संवेदक को कार्य देने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

ह०/–
प्रशासक
नगर परिषद रामगढ़

PR 341001 (District) 24-25 (D)

**समादेष्टा का कार्यालय सैप-1 वाहिनी**
**कैम्प-झा०स०पु०-2,टाटीसिलवे, राँची**
Email id- commandantprsap1254@gmail.com

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना–05/2024–25**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सैप–1 वाहिनी, कैम्प झा०स०पु०–2 टाटीसिल्वे, राँची के विभिन्न कम्पनी, पिकेट, पोस्टो एवं टी०ओ०पी० में उपयोग होने वाले Consumable, साफ–सफाई एवं स्वास्थ्य सम्बंधी सामाग्री, हार्डवेयर/पलम्बर, विधुत, खेल एवं अन्य सामानों को क्रय करने हेतु वित्तीय वर्ष–2024–25 के लिए समाचार पत्र के द्वारा निविदा आमंत्रण की जाती है। इस संबंध में इच्छुक फर्म/मेसर्स, दिनांक– 05/12/2024 से 12/12/2024 तक निविदा का हार्ड कॉपी इस कार्यालय से प्राप्त कर दिनांक– 15/12/2024 तक निविदा मुहर बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। दिनांक–16/12/2024 को कार्यालय कक्ष में समय 12:00 अप० में समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। उक्त निर्धारित तिथि को निविदा दाता या उसके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

नियम व शर्ते:–
1. निविदा दाता अपनी निविदा अपने लेटर पैड पर देंगे।
2. निविदा खुलने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
3. निविदा की शर्तो को संशोधित करने एवं बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
4. आपूर्तिकर्ता का निबंधन झारखण्ड राज्य अन्तर्गत होनी चाहिए।
5. निविदा दाता का GST/PAN एवं अन्य सभी प्रकार के कागजात अद्यतन होना चाहिए।
6. आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति किए गये सभी सामग्रियों की अच्छी गुणवत्ता एवं बाजार दर के अनुरूप होनी चाहिए।
7. सामग्रियों के आवश्यकता के पश्चात् दिये गये सूचना के आधार पर अविलम्ब आपूर्ति करना सूनिश्चित करेंगे।
8. आपूर्ति कर्ता द्वारा किसी भी प्रकार की कमी/त्रुटि पाये जाने पर आपूर्तिकर्ता के निविदा को बिना सूचना दिये अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

पुलिस अधीक्षक, यातायात, राँची
–सह– निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
सैप–1 वाहिनी, कैम्प–झा०स०पु०–2
टाटीसिलवे, राँची

PR 341031 Police (24-25)_D

### नेशनल इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी कॉन्फ्रेंस सम्ममइरकॉन का उद्घाटन

# सम हॉस्पिटल ने देश-विदेश में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नया अध्याय रचा है : स्वास्थ्य मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ मुकेश महालिंग ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में शिक्षा और अनुसंधान सोआ द्वारा संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल और सम अल्टीमेट मेडिकेयर (सम्मम) ने देश के साथ-साथ विदेशों में भी नये अध्याय स्थापित किया हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने यह बात सम्मम द्वारा आयोजित नेशनल इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी कॉन्फ्रेंस सम्ममइरकॉन' के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेते हुए कही।

सम्मम ओडिशा रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन और इंडियन सोसाइटी ऑफ इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला के संदर्भ में डॉ महालिंग ने कहा कि रेडियोलॉजी के दो क्षेत्र इमेजिंग और इंटरवेंशनल प्रक्रियाएं बहुत व्यापक हो रही हैं। अतः उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि सम्मम द्वारा इस प्रकार का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।




इस मौके पर डॉ महालिंग ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से जल्द ही सरकारी अस्पतालों में 250 रेडियोग्राफरों को नियोजित किया जायेगा। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक जरूरी बनाने के उद्देश्य से अगले वित्तीय वर्ष में आयुष्मान भारत योजना और गोपबंधु जन स्वास्थ्य योजना को मिलाकर राज्य के साढ़े तीन करोड़ लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जायेंगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के जरिए लोग देश के 27,000 अस्पतालों में मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सर्वाइकल कैंसर का शीघ्र पता लगाने के संदर्भ में किशोरों के टीकाकरण के लिए एक बड़ा कार्यक्रम शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना स्कूलों और कॉलेजों में टीका उपलब्ध कराने की है।

सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोजरंजन नायक ने सम्मम में आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यशाला पर खुशी व्यक्त की। प्रो नायक ने कहा कि यह पहली बार है, जब सम्मम में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी पर इस तरह की राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है और यह आधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत मददगार होगी।

इस मौके पर सम्मम के सीइओ डॉ श्वेतपद्मा दास ने कहा कि सम्मम राज्य का एकमात्र अस्पताल है, जहां इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के लिए स्वतंत्र विभाग है। इस उपचार के परिणामस्वरूप, जटिल सर्जरी को न्यूनतम इनवेसिव तरीके से, यानी बिना चीरे के किया जा सकता है। डॉ दास ने बताया कि यह राष्ट्रीय सम्मेलन पहली बार सम्मम में आयोजित किया गया है।

# सीएम मोहन चरण माझी से एकता कपूर ने की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** हिंदी फिल्मों और धारावाहिकों की लोकप्रिय निर्माता और निर्देशक एकता कपूर ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से मुलाकात की। मंगलवार को वे ओड़िशा आये और विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। एकता ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और राज्य सरकार द्वारा उनकी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को दी गयी कर छूट के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों से फिल्म देखने का भी आग्रह किया। इसके बाद वे लिंगराज मंदिर गये और भगवान के दर्शन किये।

बता दें कि 28 नवंबर को राज्य सरकार ने बॉलीवुड फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' पर मनोरंजन शुल्क हटा दिया था। संसदीय कार्य मंत्री मुकेश महालिंग ने सदन में यह जानकारी दी। हिंदी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट एक सच्ची कहानी पर आधारित है, जो 27 फरवरी 2002 को गोधरा रेल अग्निकांड पर आधारित है। ओड़िशा के लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री मोहन माझी के आदेश से फिल्म को राज्य में कर से छूट दी गयी है।

# राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू भुवनेश्वर पहुंचीं, किया गया भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू का ओड़िशा दौरा मंगलवार से शुरू हो गया है। राष्ट्रपति वायुसेना के विशेष विमान से शाम 4.30 बजे भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं। हवाईअड्डे पर पहुंचने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत राज्यपाल रघुवर दास, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, मुख्य प्रशासनिक सचिव मनोज आहूजा, भुवनेश्वर मेयर सुलोचना दास ने किया। राष्ट्रपति भुवनेश्वर बीजू पटनायक हवाईअड्डे से सीधे चंद्रशेखरपुर नीलाद्रि बिहार पहुंचीं और वहां पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा का अनावरण किया। श्रीमती मुर्मू ने वहां पार्क में टहलते हुए कुछ समय बिताया। वहां से सीधे राजभवन के लिए रवाना हुए। रात्रि विश्राम राष्ट्रपति राजभवन में करेंगी।



राष्ट्रपति बुधवारको सुबह पुरी के लिए रवाना होंगी। सुबह 9.45 बजे पुरी तालबनिया हेलीपैड पहुंचने के बाद वहां से श्रीमंदिर जायेंगी और पहले श्रीमंदिर पहुंचकर महाप्रभु को दर्शन करेंगी। बाद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नौसेना दिवस के अवसर पर पुरी में एक विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगी। इस 5 दिवसीय दौरे के दौरान राष्ट्रपति विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी।

# एमसीएल एआइ-सक्षम सुरक्षा तंत्र लागू करेगा : उदय अनंत काओले

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) जल्द ही मानव संसाधनों और सामग्री की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ)-सक्षम तंत्र को लागू करेगा। एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) उदय अनंत काओले ने वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2024-25 का शुभारंभ सुरक्षा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा कर किया।श्री काओले ने कहा कि हमारे कर्मियों और उपकरणों की सुरक्षा हमेशा हमारी कार्य संस्कृति की आधारशिला रही है।




एमसीएल ने तकनीकी नवाचारों, जैसे 'सर्फेस माइनर' का उपयोग करके खनन क्षेत्र में क्रांति लायी है, जिससे विस्फोट-मुक्त कोयला खनन संभव हुआ। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एमसीएल एआइ-संचालित प्रणालियों की क्षमताओं का पूर्ण उपयोग करेगा, ताकि हमारे कर्मचारियों और मशीनरी की सुरक्षा को और भी अधिक मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने सभी से व्यक्तिगत सुरक्षा को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आग्रह किया। उद्घाटन समारोह में केशव राव, निदेशक (कार्मिक), पीके पटेल, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ), जेके बोरा, निदेशक और एके बेहुरा, निदेशक ने भी कर्मचारियों और उनके परिवारों को संबोधित किया। इस अवसर पर पीके पटेल और जेके बोरा ने एमसीएल मुख्यालय में सुरक्षा ध्वज फहराया। कृष्णेंदु मोंडल, निदेशक, खान सुरक्षा, भुवनेश्वर क्षेत्र-1, दक्षिण-पूर्वी जोन, रांची, भी वर्चुअल माध्यम से समारोह को संबोधित किया। इसी प्रकार कंपनी के कोयलंचल क्षेत्रों सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा और अंगुल जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किये गये।

# जशपुरिया बीएड कॉलेज के डीएलएड बैच 2022-24 का शानदार प्रदर्शन, 96% रिजल्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिसा, रांची।** जशपुरिया बीएड कॉलेज के डीएलएड बैच 2022-24 ने अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए 96 प्रतिशत परिणाम हासिल किया। इस सफलता ने कॉलेज का मान बढ़ाया और इसे शिक्षा क्षेत्र में एक नयी ऊंचाई पर पहुंचाया। कॉलेज टॉपर्स राहुल रौशन ने 84% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, द्वितीय स्थान पर अमूल कुमार ने 83% अंक प्राप्त किया। लिली नागद्वर ने 82.5% अंकों के साथ तृतीय स्थान पाया।



कॉलेज के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार प्रशिक्षुओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए ने कहा कि इस उत्कृष्ट परिणाम ने हमारे संस्थान की गुणवत्ता को प्रमाणित किया है। यह प्रशिक्षुओं और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि हमारे छात्रों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। यह सफलता उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर एक कदम है। निदेशक डॉ शालिनी प्रिया ने कहा कि छात्रों की यह उपलब्धि हमारे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। भविष्य में भी हम इसी प्रकार की सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। जशपुरिया बीएड कॉलेज ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर अपने छात्रों की सफलता के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता को प्रमाणित किया है।

# एनटीपीसी बोंगाइगांव ने बर्दवी शिकला लेडीज क्लब के सहयोग से मच्छरदानी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कोकराझार जिले में मलेरिया के मामलों में हालिया वृद्धि से निपटने के लिए एक हार्दिक प्रयास में एनटीपीसी बोंगाईगांव ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत बर्दवी शिकला लेडीज क्लब के सहयोग से वंचित परिवारों को 100 मच्छरदानी वितरित की। यह पहल सामुदायिक कल्याण के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए बर्दवी शिकला लेडीज क्लब के सहयोग से की गयी थी।

संगीता सिंह अध्यक्ष बर्दवी शिकला लेडीज क्लब और सौम्या कर उपाध्यक्ष ने क्लब के पदाधिकारियों के साथ वितरण अभियान का नेतृत्व किया।




सालकाटी आंचलिक वरिष्ठ नागरिक मंच के साथ साझेदारी में मच्छरदानी वितरित की गयी।

इस पहल का समन्वय रोशन डुंगडुंग डीजीएम (एचआर), मधुर्ज्या सिंघा लहकर डीजीएम (कॉर्पोरेट संचार) एनटीपीसी बोंगाईगांव, प्रणमी हांडिक वरिष्ठ प्रबंधक (एचआर) और अद्युति ठाकुर कार्यकारी (सीएसआर), स्थानीय हितधारकों के सहयोग से किया गया था।

इस अवसर पर संगीता सिंह ने इस पहल को सफल बनाने में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह वितरण कमजोर समुदायों को मलेरिया से बचाने के लिए एक छोटा लेकिन सार्थक कदम है। हमें उम्मीद है कि यह एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में योगदान देगा।

# जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नामकुम स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल रांची एवं दीपशिखा स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय मनोरंजक मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन नामकुम रोड स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में खेला गया। इस अवसर पर दोनों स्कूलों के बच्चों ने बड़े उत्साह से मैच खेला। टीम भावना मैदान में क्या होती है। इसे खेल के माध्यम से बच्चों ने समझा। इस फुटबॉल मैच के दौरान बच्चों ने समझा कि एकता में ही बल होता है। हमारी व्याक्तिगत शक्ति कम या अधिक हो सकती है, लेकिन अगर हम मिल जाएं तो बड़े मिशन को भी अंजाम दे सकते हैं। सामाजिक सौहार्द के इस मूल मंत्र को बच्चों ने बहुत बारीकियों से समझ ही लिया। बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए खेल के मैदान में स्कूल के प्रचार्य डॉ सुनील कुमार, दीपशिखा स्कूल की एक्सक्यूटिव डायरेक्टर सुधा लीला, प्रेसिडेंट मंजू गुप्ता, प्राचार्या गोपिका आनंद संयुक्त रूप उपस्थित रहे। दर्शन दीर्घा में बैठकर स्कूल के सारे बच्चों ने फुटबॉल मैच का आनंद लिया और खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ाया।

# मवेशियों से लदा ट्रक जब्त, दो गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भद्रक जिला बासुदेबपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बीते सोमवार की रात को पुलिस ने शहर के हाई स्कूल चौक से मवेशियों से लदे 16-पहिया ट्रक को जब्त किया। इस सिलसिले में चालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बचायी गयी 35 गायों को राणीतल के गौशाला में छोड़ दिया गया है। जानकारी के अनुसार एसपी माडकर संदीप संपत के निर्देश पर बासुदेबपुर पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान धामरा जामुझाड़ी रोड पर बासुदेबपुर अटल बिहारी हाई स्कूल चौक के पास से एक मवेशी लदे ट्रक को रोका। तलाशी के बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। इस बीच, ट्रक चालक भागने में सफल रहा और पशु अस्पताल के अंदर एक परित्यक्त सेप्टिक टैंक में छिपते समय पुलिस ने उसे पकड़ लिया।



JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
• Only Female.
• Age 30 to 45 Years.
• Minimum Qualification Graduation
• Married only.
• Experience को वरियता
Post Applied For
Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly) +Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है..
ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture
LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
स्ट्रोक का इलाज उपलब्ध
there's treatment if you act FAST.
7808368888
Immediately Come to Our Emergency
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद - 828105

50% Off on Making Charge
भारी छूट
आकर्षक उपहार
NEW SONI JEWELLERS
GOLD • SILVER • DIAMOND
Opp. Nirwachan Aayog (Election Commission) Ratu Road, Chowk, Ranchi - 01
9199555265 60
91 9431143722

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS-XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान।
VERMA PRESS PVT. LTD.
RANCHI (JHARKHAND)

LAKSHMI VASTRALAY
फैन्सी
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों मे मिलते है।
7033265646
Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow
Police Line Hirapur, Dhanbad

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**